सेंसेक्स ~ 81,896.79
निफ्टी ~ 24,971.90
सोना ~ 1,00,690
चांदी ~ 1,10,000
डॉलर ~ 86.36

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
मंगलवार 24 जून 2025
आषाढ़ कृष्ण 13 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 269
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in

# ईरान ने कतर में अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइलें दागीं

## मिडिल ईस्ट में यह अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा; कतर ने अपना एयरस्पेस बंद किया

तेहरान/तेल अवीव । ईरान ने अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों का बदला लेने के लिए कतर में अमेरिका के अल-उदीद एयर मिलिट्री बेस पर मिसाइलें दागी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कतर की राजधानी दोहा में कई धमाकों की आवाज सुनी गई है।

कतर ने कुछ देर पहले ही अपना एयरस्पेस बंद किया था। कतर में अल-उदीद एयरबेस मिडिल ईस्ट में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है। यहां करीब 8,000 से 10,000 के बीच अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं।

दोहा के ऊपर आग की लपटें दिखाई दी हैं। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह एयर डिफेंस सिस्टम या मिसाइल से निकली लपटें हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने इराक में अमेरिकी ठिकानों पर भी मिसाइलें दागी हैं। 10 मिसाइलें अल-उदीद एयरबेस की ओर और एक इराक में अमेरिकी सैन्य ठिकानों की ओर दागी गईं।

इससे पहले दिन में सीरिया के हसाका प्रांत में एक अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हमला हुआ था। हालांकि, यह हमला ईरान ने किया या नहीं, यह पता नहीं चला है।




### ईरान का आरोप- नेतन्याहू ने अमेरिका को जंग में घसीटा

ईरान ने आरोप लगाया है कि नेतन्याहू ने अमेरिका को ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी करने के लिए उकसाया और उसे एक महंगे युद्ध में घसीट लिया। ईरान की तरफ से एक एक्स सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया- अमेरिका ने अपनी सुरक्षा को खतरे में डालकर सिर्फ नेतन्याहू की रक्षा की है। हालांकि, ब्रिटेन और फ्रांस ने इजराइल और अमेरिका के इस कदम से दूरी बनाने की कोशिश की है, लेकिन ईरान ने इन देशों और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी को भी चेतावनी दी। ईरान का कहना है कि वे ईरान में मासूम नागरिकों, खासकर महिलाओं और बच्चों की मौत के नुकसान के लिए पूरी तरह जिम्मेदार होंगे।

### ईरान बोला- ट्रम्प ने नेतन्याहू को बचाने का फैसला करके बहुत बड़ी गलती की

ईरान के सशस्त्र बलों के प्रमुख अब्दोलरहीम मौसवी ने कहा कि हम अपने परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमलों का बराबर और सख्त जवाब देंगे। मौसवी ने कहा, ट्रम्प ने इजराइली नेतन्याहू को बचाने का फैसला करके बहुत बड़ी गलती की है। ईरान नेतन्याहू को तब तक सजा देता रहेगा जब तक कि हम उनकी दुर्दशा नहीं कर देते।

### कतर ने अपना एयरस्पेस बंद किया

ईरान की अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की धमकियों के बीच कतर ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। कतर ने अपने विदेश मंत्रालय के जरिए यह घोषणा की। कतर ने अपने इस फैसले को अस्थायी बताया।

हालांकि, यह फैसला अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम की तरफ से कतर में अपने नागरिकों को शरण लेने की अपील के बाद आया है। कतर में अमेरिका का अल-उदीद एयर मिलिट्री बेस है, जो मिडिल ईस्ट में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है।

कतर का एयरस्पेस बंद होने से भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, खाड़ी देशों, यूरोप, अमेरिका और अफ्रीका के यात्रियों को असर पड़ेगा। खासतौर पर वे लोग प्रभावित होंगे जो कतर एयरवेज या दोहा को ट्रांजिट हब की तरह इस्तेमाल करते हैं।

### चीन बोला- ईरान पर इजराइली-अमेरिकी हमले ने बुरी मिसाल कायम की

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमलों ने दुनिया को गलत मैसेज भेजा और एक बुरी मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि संघर्ष में शामिल सभी पक्षों को स्थिति को शांत करने और वार्ता की ओर लौटने के लिए कदम उठाने चाहिए। वांग ने बीजिंग में पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर के साथ बैठक के दौरान यह टिप्पणी की।

### इजराइल में स्कूल-ऑफिस बंद, लोगों के जमाव पर बैन लगा

इजराइल डिफेंस फोर्स होम फ्रंट कमांड ने कहा कि ईरान के साथ युद्ध के दौरान नागरिकों के लिए गाइडलाइन में कोई बदलाव नहीं किया गया है। स्कूल और ऑफिस नहीं खुलेंगे। मंगलवार रात तक किसी भी ऐसे कार्यक्रम पर बैन है, जहां लोगों की भीड़ जमा हो।

### इजराइली सेना का लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला

इजराइली सेना ने थोड़ी देर पहले लेबनान में हमले करने की पुष्टि की है। IDF ने कहा कि उसने लिटानी नदी के उत्तर में हिजबुल्लाह के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इन ठिकानों में रॉकेट लॉन्चर और हथियार डिपो शामिल थे। सेना ने अपने बयान में कहा, हथियारों की मौजूदगी और हिजबुल्लाह की गतिविधि इजराइल और लेबनान के बीच समझ का साफ उल्लंघन है।

### रूस ने कहा- ईरान को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार

रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा कि ईरान को अपने देश पर हमलों के खिलाफ आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रयाबकोव ने कहा कि रूस और ईरान के बीच रणनीतिक साझेदारी अटूट है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रयाबकोव से जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या ईरान ने सैन्य मदद मांगी है, तो उन्होंने कहा, विभिन्न क्षेत्रों में ईरान के साथ काम कर रहे हैं।

## खास खबर

### ब्लास्ट की धमकियां भेजने वाली लड़की अरेस्ट

अहमदाबाद। देश भर में कई जगह बम धमाकों की धमकियां देने वाली महिला को चेन्नई से अरेस्ट किया है। अहमदाबाद साइबर क्राइम यूनिट ने बताया कि महिला ने अपने प्रेमी को फंसाने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों में बम धमकी वाले ईमेल भेजे थे। इन मेल में गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ब्लास्ट की धमकी भी शामिल थी।

चेन्नई की रहने वाली रेनी जोशील्डा रोबोटिक्स में ग्रेजुएट है और डेलॉइट में सीनियर कंसल्टेंट के तौर पर काम करती है। रेनी अपने ऑफिस में काम करने वाले एक युवक से एकतरफा प्रेम करती थी। लेकिन, वह युवक किसी और लड़की से प्रेम करता था। इसी साल युवक ने उस लड़की से शादी कर ली। इसी बात से बौखलाई रेनी ने उसे फंसाने के लिए इस साजिश को अंजाम दिया।

### इंडिगो के 3 अफसरों पर केस दर्ज

गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में इंडिगो एयरलाइंस के एक ट्रेनी पायलट ने फ्लाइट के कैप्टन समेत 3 लोगों पर एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। ट्रेनी पायलट ने आरोप लगाया कि उसे भरी मीटिंग में बेइज्जत कर जातिसूचक शब्द कहे गए। जातिसूचक शब्द के साथ कहा गया- यू आर नॉट फिट टू फ्लाई, यू गो बैक एंड स्टिच द स्लीपर्स (तुम प्लेन उड़ाने के काबिल नहीं हो, वापस जाओ और चप्पलें सिलो)। गुरुग्राम में मीटिंग के बाद ट्रेनी पायलट ने बेंगलुरु में अपने साथ हुई घटना की पुलिस से शिकायत की। कर्नाटक पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर गुरुग्राम भेजी है। इसके बाद गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-1 थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, एयरलाइंस ने इन आरोपों को झूठा बताया है। साथ ही कानूनी कार्रवाई में सहयोग करने की भी बात कही है।

### कांग्रेस विधायक ने दी इस्तीफे की धमकी

बेलगावी। कर्नाटक के कागवाड़ से कांग्रेस के विधायक भरमगौड़ा अलगौड़ा कागे ने सोमवार को कहा कि वह विधानसभा से इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में प्रशासनिक ढांचा बिगड़ गया है। बेलगावी में पत्रकारों से बात करते हुए कागे ने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों में देरी पर नाराजगी जताई। कागे ने आरोप लगाया, पूरे राज्य का प्रशासन ठप हो गया है। मुझे बहुत दुख हुआ है। मैं गंभीरता से इस्तीफे पर विचार कर रहा हूं। अगर अगले दो दिनों में मैं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को इस्तीफा दे दूं तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। विधायक ने दावा किया कि उनके क्षेत्र कागवाड़ में पिछले दो वर्षों से कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है।

### आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन पर एफआईआर

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ हिट एंड रन मामले में एफआईआरदर्ज हो गई है। यह जानकारी गुंटूर जिले के एसपी एस सतीश कुमार ने दी। एसपी ने बताया कि पूर्व सीएम की कार ने 5 दिन पहले रोड शो के दौरान 53 साल के व्यक्ति को कुचल दिया था। अस्पताल ले जाते वक्त उनकी मौत हो गई। मृतक का नाम चीली सिंघैया है। वह जगन की पार्टी के कार्यकर्ता थे। वीडियो सामने आने के बाद कार्रवाई हुई। घटना 18 जून की है। जगन पालनाडु जिले के रेंटापल्ला गांव में पार्टी के एक कार्यकर्ता के परिवार से मिलने जा रहे थे।

# पीएम मोदी पर खड़गे ने साधा निशाना

## विपक्ष को नीचा दिखाने की कोशिश जनता नहीं करेगी बर्दाश्त

रायचूर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पीएम पर विपक्ष को हल्के में लेने और पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई सर्वदलीय बैठकों से दूरी बनाए रखने का आरोप लगाया। कर्नाटक के रायचूर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि देश इस समय एक कठिन दौर से गुजर रहा है। उन्होंने बताया, हाल ही में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम में 26 लोगों की जान ले ली। इसके जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर हमला कर उन्हें मार गिराया।



### खरगे ने बिना नाम लिया साधा निशाना

इस दौरान खरगे ने कहा कि जब पूरा देश और सेना एकजुट होकर देश की रक्षा कर रहे थे, तब कुछ लोग इसका व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, अगर वे सेना में कप्तान, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल रहे होते और देश के लिए लड़े होते, तो हम उनकी तारीफ करते। लेकिन ऐसा तो हुआ ही नहीं। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।

### पहलगाम हमले से बाद कांग्रेस ने की थी सर्वदलीय बैठक की मांग

कांग्रेस नेता ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद सर्वदलीय बैठक की सबसे पहले मांग कांग्रेस ने की थी। खरगे ने सवाल उठाया कि, दो बार बैठक बुलाई गई, लेकिन प्रधानमंत्री एक बार भी नहीं आए। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वह क्यों नहीं आए?। उन्होंने बताया कि देशभर के नेता कश्मीर से कन्याकुमारी तक अपनी व्यस्तताएं छोड़कर बैठक में शामिल हुए, लेकिन प्रधानमंत्री देश में मौजूद होने के बावजूद नहीं आए।

### पीएम मोदी बिहार चुनाव प्रचार में व्यस्त थे

खरगे ने कहा, वह उस समय बिहार चुनाव प्रचार में व्यस्त थे। जब देश के जवान और जनता एक तरफ लड़ाई लड़ रहे थे, तब प्रधानमंत्री दूसरी तरफ प्रचार में लगे थे। यह सही नहीं है। इसके साथ ही खरगे ने चेतावनी दी कि अगर सरकार विपक्ष को नीचा दिखाने की कोशिश करेगी, तो देश की जनता, खासकर युवा वर्ग इसे सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा, अगर आप विपक्ष और उसके नेताओं को छोटा समझेंगे, तो यह रवैया देश के लिए ठीक नहीं है।

### कांग्रेस की गारंटियां देशभर में लागू हैं- खरगे

खरगे ने यह भी कहा कि कांग्रेस की गारंटी योजनाएं देशभर में प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं। उन्होंने कहा, कुछ नेता और राजनीतिक पार्टियां जलन के कारण हमारी योजनाओं को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन जनता समझदार है, वे इनकी बातों में नहीं आएंगे। खरगे ने के साथ मंच पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, कांग्रेस मंत्री और विधायक भी मौजूद थे। इस मौके पर उन्होंने रायचूर विश्वविद्यालय के नामकरण समारोह में भी हिस्सा लिया और कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

### 4 राज्यों के 5 विधानसभा उपचुनाव के नतीजे

नई दिल्ली। चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आ चुका है। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर आप के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे। केरल में डीएफ उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने सीपीआईएम के एम.स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट आप के खाते में आई, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे। पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर टीएमसी प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं।

# 120 रूपए लीटर तक पहुंच सकता पेट्रोल

नई दिल्ली। ईरान की संसद ने हाल ही में अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने का प्रस्ताव पास किया है। अगर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होता है तो इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम पर पड़ सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि ये तेल व्यापार का अहम रास्ता है। इस खबर के सामने आने के बाद क्रूड ऑयल के दाम बढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गए हैं। भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा इम्पोर्ट करता है। अगर क्रूड ऑयल के दाम लंबे समय तक बढ़े रहते हैं, तो तेल कंपनियों को पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने पड़ सकते हैं। जानकारों का कहना है कि भारत में पेट्रोल 120 रूपए लीटर पहुंच सकता है।



स्ट्रेट ऑफ होर्मुज एक तंग समुद्री रास्ता है, जो फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। ये सिर्फ 33 किलोमीटर चौड़ा है, लेकिन दुनिया का 20-25 प्रतिशत कच्चा तेल और 25 प्रतिशत नेचुरल गैस इसी रास्ते से गुजरती है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत, कतर जैसे देशों से तेल के टैंकर इसी रास्ते से दुनियाभर में जाते हैं। भारत के लिए ये रास्ता इसलिए खास है, क्योंकि हमारा 40 प्रतिशत से ज्यादा तेल इसी रास्ते आता है। अगर ये बंद हो जाए, तो तेल की सप्लाई में रुकावट आ सकती है।

तेल की सप्लाई में दिक्कत आएगी

अगर ये रास्ता बंद होता है, तो तेल की सप्लाई में दिक्कत आएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि कच्चे तेल की कीमतें 30-50 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। अभी ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है, लेकिन ये 120-150 डॉलर तक जा सकता है। इसका असर भारत पर भी हो सकता है। तेल महंगा होने से पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं। माना जा रहा है कि पेट्रोल 120 रुपए प्रति लीटर या उससे ज्यादा हो सकता है। पेट्रोल-डीजल महंगा होने से ट्रांसपोर्ट का खर्च बढ़ेगा, जिससे खाने-पीने की चीजें, दवाइयां और दूसरी जरूरी चीजें भी महंगी हो जाएंगी।

# दिल्ली के जख्म पर गुजरात और पंजाब की जीत ने लगाया मरहम

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों करारी हार झेलने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा के गढ़ गुजरात में विसावदर विधानसभा सीट पर जीत का परचम लहराया है। इस सीट पर हुए उपचुनाव में आप उम्मीदवार गोपाल इटालिया जीत गए हैं। वहीं, पंजाब के लुधियाना वेस्ट सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने जीत हासिल की है। इन दोनों सीट पर मिली जीत से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल गदगद हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों सीट पर जनता ने भाजपा और कांग्रेस को नकार दिया है। केजरीवाल ने पोस्ट कर लिखा, विसावदर और लुधियाना पश्चिम सीटों पर आम आदमी पार्टी की शानदार जीत पर आप सभी को बहुत बहुत बधाई। दोनों जगह पिछले चुनाव के मुकाबले लगभग दोगुने मार्जिन से जीत हुई है। ये दिखाता है कि पंजाब के लोग हमारी सरकार के कामों से बहुत खुश हैं और उन्होंने 2022 से भी ज्यादा वोट दिया है। वहीं गुजरात की जनता अब बीजेपी से परेशान हो चुकी है और उन्हें आप में उम्मीद दिख रही है। दोनों जगह कांग्रेस और बीजेपी, दोनों पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ीं। इन दोनों का एक ही मकसद था आप को हराना। लेकिन लोगों ने दोनों जगह इन दोनों पार्टियों को नकार दिया।

वहीं, लुधियाना वेस्ट सीट से आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा की जीत पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खुशी जाहिर की। उन्होंने पोस्ट में लिखा, विधानसभा हलका लुधियाना पश्चिमी उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की शानदार जीत पर सभी को बहुत-बहुत बधाइयां। बड़ी लीड से मिली यह जीत इस बात का साफ संकेत है कि राज्य के लोग हमारी सरकार के कामों से बेहद खुश हैं। हम पंजाब की तरक्की और खुशहाली के लिए दिन-रात बिना किसी भेदभाव और पूरी ईमानदारी से काम कर रहे हैं। उपचुनाव के दौरान पंजाबियों से किए गए हर एक वादे को हम प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने वाले हैं।

आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि गुजरात और पंजाब के कार्यकर्ता को बधाई देता हूं। गुजरात की जीत पार्टी के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। हमारे विधायक जनता के मुद्दों को विधानसभा में मजबूती के साथ उठाएंगे। अरोड़ा पंजाब की विधानसभा में पहुंचे हैं। भगवंत मान की सरकार तीन साल से अच्छा कार्य कर रही है।

# डीआरडीओ और भारत फोर्ज मिलकर बनाएंगे सीक्यूबी कार्बाइन

## भारतीय सेना से मिला दो हजार करोड़ का ठेका

नई दिल्ली(ईएमएस)। भारतीय सैनिकों के हाथ में जल्द ही स्टर्लिंग कार्बाइन की जगह आधुनिक मशीन गन नजर आएगी। भारतीय सेना में सैनिक क्लोज क्वार्टर बैटल (सीक्यूबी) कार्बाइन का इस्तेमाल करते नजर आएंगे। सेना ने रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारत फोर्ज लिमिटेड को सीक्यूबी कार्बाइन बनाने का ऑर्डर दिया है। दो हजार करोड़ के इस ठेके के साथ डीआरडीओ और भारत फोर्ज लिमिटेड को सेना की प्रमुख खरीद निविदा में सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के तौर पर चुना गया है।

डीआरडीओ ने बताया कि 5.56×45 मिमी सीक्यूबी कार्बाइन को डीआरडीओ के आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (एआरडीई) डीआरडीओ ने डिजाइन और विकसित किया है। साथ ही भारत फोर्ज लिमिटेड ने बनाया है। दोनों के प्रस्ताव को भारतीय सेना आरएफपी (प्रस्ताव के लिए अनुरोध) में एल1 के रूप में चुना गया है। बताया जाता है कि भारत फोर्ज की सहायक कंपनी कल्याणी स्ट्रेटेजिक सिस्टम्स लिमिटेड की पुणे इकाई में कार्बाइन का उत्पादन किया जाएगा। यह अनुबंध दो हजार के दशक में सेना मे इंसास राइफल के शामिल होने के बाद भारत में डिजाइन, विकसित और निर्मित हथियार प्रणाली के लिए सबसे बड़ा है।

### स्टर्लिंग कार्बाइन से बदलने की तैयारी

भारतीय सेना में मौजूदा समय में 1940 में डिजाइन की गई सब मशीन गन स्टर्लिंग कार्बाइन का उपयोग किया जाता है। सेना लंबे समय से स्टर्लिंग कार्बाइन को बदलने की तैयारी कर रही थी। स्टर्लिंग कार्बाइन मौजूदा युद्ध परिस्थितियों के हिसाब से पुरानी मानी जाती है। इसलिए पुणे में डीआरडीओ के आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (एआरडीई) ने नई कार्बाइन डिजाइन का संकल्प लिया।

### नई कार्बाइन की विशेषताएं

5.56×45 मिमी सीक्यूबी कार्बाइन की विशेषता है कि यह हल्की, नजदीकी मुठभेड़ों में सटीक जवाब देने में सक्षम है। इसमें कई आधुनिक विशेषताएं हैं। इसके डिजाइन में ऑप्टिक्स, लेजर डिजाइनर और सहायक उपकरण लगाए गए हैं। इस कार्बाइन का निर्माण फोर्ज की पुणे में इकाई में होगा। भारतीय सेना के एल1 बोलीदाता के रूप में डीआरडीओ और भारत फोर्ज के चयन से साफ है कि इसमें सभी तकनीकी जरूरतों को पूरा करते हुए सबसे कम कीमत पेश की और बड़ा अनुबंध हासिल किया।

# शशि थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए

## उन्हें वैश्विक मंच पर भारत का एक प्राइम एसेट बताया

नई दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य शशि थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें वैश्विक मंच पर भारत का एक प्राइम एसेट बताया है। थरूर ने पीएम की ऊर्जा, गतिशीलता और दूसरे देशों के साथ जुड़ने की उनकी इच्छा को लेकर और अधिक समर्थन दिए जाने की अपील की है।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पिछले महीने ऑपरेशन सिंदूर के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील और तीन अन्य देशों में सत्तारूढ़ भाजपा के आतंकवाद विरोधी कूटनीतिक अभियान का नेतृत्व किया था। द हिंदू में प्रकाशित एक लेख में, थरूर ने कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अभियान में, राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी कम्युनिकेशन का एक मौका था। भारत जब एकजुट होता है, तो स्पष्टता और दृढ़ विश्वास के साथ अपनी आवाज उठा सकता है।



उन्होंने विशेष रूप से अमेरिका में भारतीय और पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडलों के एक साथ पहुंचने का भी जिक्र किया और कहा, जबकि पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल भी वहां मौजूद था, हमने पाया कि अमेरिकी प्रतिनिधि, हमारी चिंताओं को दोहरा रहे थे और आतंकवादी समूहों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का समर्थन कर रहे थे। तथ्यों और लगातार वकालत पर आधारित हमारे तर्क भारत की स्थिति को और मजबूत कर रहे थे। उन्होंने इस आउटरीच को सफल बताते हुए लिखा, हमने लगातार देश की सीमा से पार, खतरे की गंभीरता को उजागर किया, जिसका उद्देश्य अपराधियों को जवाबदेह ठहराने के लिए वैश्विक सहमति बनाना था।

# कलेक्टर ने टीएल मीटिंग में की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा



बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। **कलेक्टर मृणाल मीणा ने 23 जून को टीएल बैठक में समय-सीमा संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये । बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डिप्टी कलेक्टर मायाराम कौल, राहुल नायक एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।**

बैठक में सर्वप्रथम किसानों के लिये जिले में उर्वरक की उपलब्धता पर चर्चा की गई। इस दौरान उप संचालक कृषि फुलसिंह मालवीय ने बताया कि वर्तमान में जिले में 21 हजार मीट्रिक टन युरियॉ उपलब्ध हैं और 12 हजार मीट्रिक टन युरियॉ का वितरण किया जा चुका है। जिले को 08 हजार मीट्रिक टन युरियॉ की आवश्कता होगी। इसी प्रकार जिले में 30 हजार मीट्रिक टन एन.पी.के उपलब्ध है इसमें से 10 हजार मीट्रिक टन एन.पी.के का वितरण किया जा चुका है और 10 हजार मीट्रिक टन की आवश्यकता होगी। इस दौरान जिला विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि निजी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा किसानों को विक्रय किये जा रहें उर्वरक की पीओएस मशीन के माध्यम से एंट्री नही की जा रहीं है। जिसके कारण जिले में उर्वरक का स्टॉक अधिक बताया जा रहा है और उर्वरक की डिमांड स्वीकार नहीं की जा रहीं है। कलेक्टर श्री मीणा ने इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया कि पीओएस मशीन के माध्यम से उर्वरक विक्रय की एंट्री नहीं करने वाले निजी विक्रेताओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही कर और आवश्यक हो तो एफआईआर भी दर्ज कराए। उन्होंने उपसंचालक कृषि एवं जिला विपणन को जिले की आवश्यकता के अनुसार उर्वरक की आपूर्ति के लिये प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले में किसानों के लिये उर्वरक की कहीं भी कमी नहीं होना चाहिये और उन्हें समय पर आवश्यकता के अनुसार उर्वरक मिलना चाहिए।

वर्षा के दिनों में पर्यावरण संरक्षण के लिये एक पेड़ मॉं के नाम पौधारोपण का विशेष अभियान बनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों को दिये गए लक्ष्य एवं उनके द्वारा पौधारोपण के लिये अब तक की गई तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीणा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण के लिये गड्ढे तैयार कर लें और पौधों का अभी से इंतजाम कर लें। इस अभियान में लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क ईकाई, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को सड़कों के किनारे एवं भवनों के परिसरों में पौधारोपण करना है। इसी प्रकार जिल उद्योग केंद्र को जिले में स्थित उद्यमों के परिसरों में, शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग को स्कुल परिसरों में, महिला एवं बाल विकास को आंगनवाड़ी केंद्रो में राजस्व विभाग द्वारा जिले में बने नए एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं विभाग के अन्य कार्यालयों में पौधारोपण किया जायेगा। पौधारोपण के लिये जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खनिज, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास एवं अन्य विभागों को भी लक्ष्य दिये गए हैं। कलेक्टर श्री मीणा ने कहा पौधारोपण के साथ ही उनकी सुरक्षा के इंतजाम भी करना हैं। उन्होंने पौधारोपण के लिये खोदे गये गड्ढे, पौधो की संख्या एवं ट्री गॉर्ड की जानकारी प्रतिदिन गुगल सीट में अनिवार्य रूप से एंट्री करने के निर्देश दिये।

बैठक में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित ग्रामों के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये लगाये जा रहें शिविरों की उपलब्धि की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि बैहर विकासखंड में 32 शिविर लगाये जा चुके है। लेकिन इन शिविरों में बनाये गए आधार कॉर्ड, किसान क्रेडिट कॉर्ड, पेंशन स्वीकृति, आयुष्मान कॉर्ड, जाति प्रमाण पत्र की पोर्टल पर एंट्री नहीं की गई है। बिरसा एवं वारासिवनी विकासखंड में पोर्टल पर एंट्री करने के लिये अब तक आईडी नहीं बनायी गई है। कलेक्टर श्री मीणा ने इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को इसकी सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शिविर में बनाये गए प्रमाण पत्रों की जानकारी गुगल सीट और पोर्टल पर सही-सही दर्ज होना चाहिये इसमें अंतर नहीं होना चाहिये।

बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत युवाओं को प्रशिक्षण देने एवं प्रशिक्षित युवाओं को बैंक से ॠण दिलाने की समीक्षा की गई। इस दौरान निर्देशित किया गया कि योजना के नोडल अधिकारी युवाओं को ॠण वितरण की समीक्षा करे। अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि जिन प्रकरणों में ॠण स्वीकृत हो चुका है उन्हें बैंक से शीघ्रता से ॠण वितरण किया जाए। कलेक्टर श्री मीणा ने आईटीआई के प्राचार्य को निर्देशित किया कि प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में होने वाली जनसुनवाई में रोजगार की मांग करने वाले युवाओं के लिये एक स्टॉल लगाये। जिससे रोजगार की मांग लेकर आने वाले युवाओं को इलेक्ट्रिशियन, फिटर, मैकेनिक या अन्य ट्रेड का प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था की जा सकेगी। इस दौरान बताया गया कि जिले की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में 1648 सीट रिक्त है, इन पर प्रवेश के लिये 3200 आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर श्री मीणा ने कहा कि सभी रिक्त सीटों पर पात्र आवेदकों को समय सीमा में प्रवेश दिलाया जाए और कोई भी सीट रिक्त नहीं रहना चाहिये। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने और इससे अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये गए। इसके लिये 28 जून को एक विशाल शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिये गए।

बैठक में समग्र ई-केवायसी की समीक्षा के दौरान बताया गया कि नगरीय क्षेत्र कटंगी,बालाघाट एवं वारासिवनी में अपेक्षा के अनुरूप प्रगति नहीं है। उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की 30 जून तक ई-केवायसी की जाना है और जिले में 94 प्रतिशत ई-केवायसी का कार्य पूर्ण हो चुका है, केवल किरनापुर एवं लांजी विकासखंड इसमें पीछे चल रहे है। कलेक्टर श्री मीणा ने समग्र ई-केवायसी का कार्य समय सीमा में पूर्ण करने और एसडीएम को निर्देशित किया कि नगरीय निकायों के ई-केवायसी कार्यों की समीक्षा करें। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 35 हजार 543 आयुष्मान कॉर्ड बनाया जाना शेष है। इसमें वारासिवनी, परसवाड़ा एवं खैरलांजी में अच्छा काम हुआ है लेकिन कटंगी एवं बालाघाट विकासखंड में संतोषजनक कार्य नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर श्री मीणा ने कटंगी एवं बालाघाट के खंड चिकित्सा अधिकारी एवं जनपद सीईओ को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आयुष्मान योजना में स्वीकृत प्रकरणों में राशि का संबंधित अस्पताल को शीघ्र भुगतान करें। सीएम मॉनिट के प्रकरण के निराकरण में लापरवाही पायी जाने पर बिरसा तहसीलदार को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए। जिला पेंशन अधिकारी को विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त हो चुके एवं अगले महीने में सेवा निवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों की पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये गए। किरनापुर को नगर परिषद बनाये जाने का प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिये गए। बैठक में खनिज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कुम्हारी में यदि कोई खदान स्वीकृत नहीं है तो वहॉं पर होने वाली खुदाई को तत्काल बंद करे और जिम्मेदार व्यक्ति के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें।

बैठक में कलेक्टर श्री मीणा ने वर्षा के दिनों में बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति में बचाव एवं राहत के लिये सभी आवश्यक तैयारियॉं करने के निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, मप्र सड़क विकास प्राधिकरण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा के दिनों में जिन पुल-पुलियों एवं रपटो पर पानी आ जाता है वहां पर साईन बोर्ड एवं बैरियर लगाने की कार्यवाही करें। बैरियर नहीं होने की स्थिति में यदि किसी की जनहानि होगी तो संबंधित विभाग के अधिकारी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की जायेगी। कलेक्टर श्री मीणा ने नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जर्जर भवनों को शीघ्रता से गिराने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि जर्जर हो चुके स्कूल भवन एवं आंगनवाड़ी केंद्रो को शीघ्रता से गिराने की कार्यवाही करें जिससे बच्चों के साथ कोई अनहोनी घटना न हो। जल संसाधन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ढूटी केनाल पर कोसमी एवं देवटोला में किये गए अतिक्रमण को शीघ्रता से हटाने की कार्यवाही करे। बैठक में जन-धन योजना के खाते खोलने, पुराने खातों की ई-केवायसी करने एवं बीमा योजनाओं के प्रकरणों के निराकरण के लिये शिविर लगाने के निर्देश दिये गए।

# राजा भोज महाविद्यालय कटंगी में बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू विद्यार्थियों की मुख्य परीक्षा हुई संपन्न

## पारिवारिक रिश्तों का अद्भुत नजारा देखने मिला विद्यार्थियों के बीच में मां ने बेटी और सास ने बहु के साथ हल किया प्रश्न पत्र

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कंटगी में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा संचालित बी एस डब्ल्यू और एम एस डब्ल्यू के विद्यार्थियों की मुख्य परीक्षा संपन्न हुई। इस दौरान राजा भोज शासकीय महाविद्यालय में आयोजित मुख्य परीक्षा के दौरान पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी अद्भुत नजारा देखने को मिला जब बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों के बीच आपसी सामंजस्य से पारिवारिक रिश्ता और ज्यादा मजबूत नजर आया और यह रिश्ता इतना मजबूत कि परीक्षा देने आये मामी सास और भांजा बहु, मां बेटी, देवरानी-जेठानी, जीजा-साली, चाची-भतीजी, मामी-भांजा, बुआ-भतीजा, मामा-भांजा, के रिश्ते मिलकर एक दूसरे का कुशलक्षेम जानते नजर आए महाविद्यालय साथ साथ आते और साथ साथ में जाते । सम्पूर्ण महाविद्यालय परिसर का माहौल इन विद्यार्थियों के रिश्तों की वजह से अधिक खुशनुमा बन रहा था। इन रिश्तों में प्रमुख जिनमें इन रिश्तों में वत्सला तिवारी, नेहा तिवारी, आर्या तिवारी, (मामी सास-भांजा बहु, और मां-बेटी) लता पटले, उर्वशी पटले (मां-बेटी), एकता पटले आरती कटरे (मामी सास-भांजा बहु) के संबंध नजर आए जो पूरे महाविद्यालय परिसर को खुशनामा बना रहे थे। इस संबंध में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र भगत ने बताया आज 23 जून को बी एस डब्ल्यू और एम एस डब्ल्यू के विद्यार्थियों की मुख्य परीक्षा संपन्न हुई है जिसमें सभी विद्यार्थियों ने सकारात्मक माहौल में 40 संपर्क कक्षा और परीक्षा एक साथ दी है। कटंगी विकासखंड में संयोगवश इस तरह का पारिवारिक माहौल नजर आता है। पिछले वर्ष भी मुख्य परीक्षा के दौरान इस तरह का माहौल नजर आया था, जिसमें इन विद्यार्थियों के बीच आपसी पारिवारिक संबंध मजबूत नजर आए, जो जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम को सफल बनाता है। इसका उद्देश्य भी यही है आपस में मिलजुल कर सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में समाज के लिए अनेक प्रकार के कार्यक्रम जैसे पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता के साथ-साथ शासकीय योजना के क्रियान्वयन और प्रचार प्रसार के लिए उत्कृष्ट कार्य करना जिससे सकारात्मक ऊर्जा के साथ समाज के बीच रहकर कार्य संपादित कर सके। आज संपन्न हुई मुख्य परीक्षा के दौरान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार शेंडे और विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र भगत सहायक प्राध्यापक सुश्री कविता अहिगारेच, द्वारा निरीक्षण किया गया । मुख्य परीक्षा संपन्न कराने मे परामर्शदाता अंजू डोंगरे अरविंद दरवाडे, राज ब्योत्रा,अवलेश पारधी शालू राऊत का योगदान सराहनीय रहा ।



# सांप या जहरीले कीड़े के काटने पर झाड़-फूंक नहीं करायें

## तत्काल अस्पताल में उपचार कराने की सलाह

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। **वर्षा ॠतु के दिनों में सर्पदंश की घटनायें अधिक होती हैं और समय पर उपचार नहीं होने के कारण पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। सर्पदंश के मरीज को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने पर उसकी जान बचायी जा सकती है। कलेक्टर मृणाल मीणा ने जिले की जनता से अपील की है कि सर्पदंश की घटना होने पर झाड़-फूंक से मरीज को ठीक कराने के चक्कर में न रहें बल्कि मरीज को उपचार के लिए तत्काल निकटतम अस्पताल लाने का प्रयास करें। सांप के काटने पर झाड़-फूंक से नहीं बल्कि एंटी स्नैक वैनम से ही मरीज की जान बचायी जा सकती है। जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी स्नैक वैनम के इंजेक्शन पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि आमजनों को सर्पदंश की स्थिति में मरीज को तत्काल निकटतम अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई है। जिला चिकित्सालय में मरीज को लाने से पहले पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीज को लेकर जाने कहा गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ ही कुछ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी स्नैक वेनम रखा गया है और इसे लगाने के लिए स्टाफ को प्रशिक्षित भी किया गया है। मरीज को जिला चिकित्सालय लाने में समय गंवाने की बजाय निकटतम अस्पताल में मरीज को लेकर जायें। बरसात के दिनों में सांप काटने के केस अधिक संख्या में सामने आते हैं। सांप काटने में व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है अतः सांप के काटने को अनदेखा न करें। सांप के काटने पर पंडा-पुजारी के चक्कर में ना आयें और झाड़-फूंक के अंधविश्वास में न रहें, ऐसा करने पर मरीज की जान जा सकती है। सांप के काटने पर एंटी स्नैक वैनम ही मरीज की जान बचा सकता है। इसके लिए मरीज को अतिशीघ्र अस्पताल लाना बहुत जरूरी होता है।

डॉ उपलप ने बताया कि सांप के दांत के नीचे विष की थैली होती है। सांप के काटने पर विष की थैली से सीधे शरीर में खून के माध्यम से जहर फैल जाता है। सामान्यतः जहरीले सांपों के काटने पर दांतों के दो निशान अलग ही दिखाई देते हैं। गैर विषैले सांप के काटने पर दो से ज्यादा निशान हो सकते हैं, परन्तु ये निशान दिखाई नहीं देते है। अत: सांप के काटने पर निशान नहीं दिखाई देने पर यह सोचना गलत होगा कि सांप ने नही काटा है। ज्यादातर सांप गैर विषैले भी होते हैं। सांप के काटने पर करीब-करीब 95 प्रतिशत मामलों में पहला लक्षण नींद का आना है, इसके साथ ही निगलने या सांस लेने में तकलीफ होती है, आमतौर पर सांप काटने पर आधे घंटे बाद लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

### सांप के काटने पर क्या करें और क्या ना करें

डॉ उपलप ने बताया कि सांप के काटने पर घाव के आसपास रस्सी न बांधें, ब्लेड से न काटें और पारम्परिक तरीकों का इस्तेमाल न करें और मुंह से खून न चूसें। ओझा, गुनिया के पास न जायें और अन्धविश्वास में न पड़े। सांप काटने पर व्यक्ति को दिलासा दें और घटना के तथ्यों का पता लगायें। गीले कपड़े से डंक की जगह की चमडी को साफ करें, जिससे वहां पर लगा विष निकल जाये। सांप काटे व्यक्ति को करवट सुलायें, क्योंकि कई बार उल्टी भी होने लगती है, इसलिये करवट सुलाने से उल्टी श्वसन तंत्र में ना जाये। जहां पर सांप ने काटा है उस स्थान पर हल्के कपड़े से बांध देवें, ताकि हिलना डुलना बंद हो जाये।

सांप काटे व्यक्ति को तत्काल पास के अस्पताल ले जाने की व्यवस्था बनायें। सांप के काटने के जहर को मारने के लिये अस्पताल में नि:शुल्क एंटी स्नैक इंजेक्शन लगाया जाता है। यह इंजेक्शन जिले के खंड स्तर के अस्पतालों में उपलब्ध है एवं डाक्टर द्वारा दी गई सलाह के अनुसार उचित उपचार करायें। सर्पदंश से बचाव के लिए अंधेरे में न जायें। बिलों में हाथ न डालें। झाड़ियों में न जायें। पानी भरे गड्ढे में न जायें। पैरों में चप्पल और जूते पहनकर चलें।

# सड़क दुर्घटना में माइंस कर्मचारी घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बैहर रोड भरवेली में केनरा बैंक के पास सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार एक माइंस कर्मचारी घायल हो गया।घायल माइंस कर्मचारी सुखराम पिता महेश डांडिया 24 वर्ष वार्ड नंबर 11 नीचेपूरा भरवेली निवासी है। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुखराम टांडिया मूल रूप से जामुन टोला बिछिया जिला मंडला के निवासी है जो अपने परिवार के साथ वार्ड नंबर 11 नीचे पूरा भरवेली में रहते हैं और भरवेली माइंस में ठेकेदारी से काम करते हैं। 22 जून की रात्रि में सुखराम डांडिया भरवेली माइंस से काम करके मोटरसाइकिल में अपने घर नीचे पूरा भरवेली आ रहे थे। तभी केनरा बैंक के पास हाई स्कूल तरफ जा रही मोटरसाइकिल ने सुखराम टांडिया की मोटरसाइकिल को ठोस मारकर फरार हो गई। इस मोटरसाइकिल की ठोकर से सुखराम डांडिया मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए ।जिसे 100 डायल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया।

# मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत बाल अधिनियमों पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) एवं नियम 2020 पर आधारित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन आज दिनांक 23 जून को कलेक्ट्रेट तहत बच्चों की देखरेख, संरक्षण, पुनर्वास तथा अपराध करने वाले बालकों के लिए पुनर्वासात्मक न्याय प्रक्रिया समझाया गया। पॉक्सो अधिनियम (2012) के अंतर्गत बालकों के विरुद्ध यौन अपराधों की परिभाषा, उनकी रिपोर्टिंग की प्रक्रिया, रूपरेखा समझाई गई एवं बच्चों से संबंधित मामलों में त्वरित कार्यवाही के लिये विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं पॉक्सो सपोर्ट पर्सन की भूमिका पर विशेष चर्चा हुई। पीड़ित बालक/बालिकाओं की गोपनीयता, काउंसलिंग, पुनर्वास व पुन:समाज में



कार्यालय बालाघाट में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिये संबंधित अधिकारियों एवं संस्थाओं को प्रशिक्षित करना था। इस कार्यशाला में सर्वप्रथम प्रशासक रचना चौधरी द्वारा पीपीटी के माध्यम से किशोर न्याय अधिनियम (2015) के प्रावधानों के तथा न्यायिक प्रक्रिया के दौरान पीड़ित की सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित करने की व्यवस्थाएं विस्तार से बताई गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी जितेन्द्र धुर्वे द्वारा पीड़ित प्रतिकार योजना के अंतर्गत यौन अपराधों या हिंसा के शिकार बालिकाओ एवं महिलाओं को आर्थिक सहायता, परामर्श सेवा, और पुनर्वास के लिये सरकारी सहायता की समावेशन के लिये आवश्यक संवेदनशील दृष्टिकोण पर बल दिया गया। कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों को इन कानूनों के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों, व्यावहारिक पहलुओं एवं संवेदनशील प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक किया गया, साथ ही बाल हितों की रक्षा के लिये समन्वित प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी जितेंद्र धुर्वे, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यगण, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यगण, रेलवे पुलिस, पॉक्सो सपोर्ट पर्सन, अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधिगण, पैरालीगल वॉलेंटियर्स, विशेष किशोर पुलिस इकाई, वन स्टॉप सेंटर बालाघाट एवं बैहर का समस्त स्टाफ एवं परियोजना कार्यालय के समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहे ।

**आवश्यकता है**

मान्यता प्राप्त संस्थान में

- प्राचार्य/मेनेजर - 02 पद
- काउन्सलर/कार्यालय सहायक-03
- कम्प्युटर शिक्षक/व्याख्याता-05 पद
- कम्प्युटर लेंग्वेज शिक्षक - 04 पद

कम्प्युटर टैली/डीटीपी शिक्षक-03 पद
कम्प्युटर लैब/हार्डवेयर - 02 पद
सफाई कर्मचारी/भृत्य - 02 पद

संपर्क-यूनिवर्सल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, भटेरा रोड, रेलवे क्रासिंग के के पहले बालाघाट, मो. 9406764413

**किराया से देना है**

किराया/लीज पर देना है
1200 वर्गफुट ,हॉल (2 हॉल) बैंक, ऑफिस, शोरूम,अस्पताल, कार/बाइक /शोरूम,गोदाम के लिए सम्पर्क करें
पता-ताज कॉम्प्लेक्स नागपुर हाईवे टच हाई स्कूल के पास रामपायली 481335
-संपर्क-
7798392786

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# गुजरी बाजार का सब्जी कॉम्प्लेक्स बना कचरा घर, दुर्गंध आने से सब्जी विक्रेता हो रहे परेशान

## साफ-सफाई नहीं होने से गुजरी में फैल रही दुर्गंध, पार्षद ने कहा गुजरी को व्यवस्थित करने ,जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। शहर के गुजरी बाजार में इन दिनों सब्जी का व्यापार करने वाले व्यापारी आ रही दुर्गंध और साफ सफाई नहीं होने से बहुत अधिक परेशान है। सब्जी विक्रेताओं द्वारा बताया गया कि नगर पालिका द्वारा बीते कुछ वर्ष पहले गुजरी बाजार में कॉम्प्लेक्स बनाकर दिया गया था । उसमें इन दिनों बहुत अधिक अव्यवस्थाएं हैं। गुजरी बाजार के परिसर का आधा हिस्सा पूरी तरह से कचरा घर बन गया है। यहां लोग पेशाब करते हैं । साफ सफाई नहीं होने से यहां पर दुर्गंध और अव्यवस्था फैली हुई है । इस पूरे विषय पर वार्ड पार्षद सुधीर चिले का कहना है कि जब वह सभापति थे, तो उन्होंने गुजरी को व्यवस्थित करने के लिए प्रयास किया था, किंतु इन दिनों उन्होंने कई बार गुजरी को व्यवस्थित करने के लिए प्रयास किया । पर नगर पालिका में बैठे जिम्मेदार इस विषय पर संज्ञान नहीं ले रहे हैं । यहां प्रतिदिन साफ-सफाई भी नही होती हैं । इसलिए वह इस पर कुछ नहीं कर सकते।**

आपको बता दे की शहर के गुजरी बाजार स्थित बने सब्जी कॉम्प्लेक्स में इन दिनों बहुत अधिक अव्यवस्थाएं हैं । गुजरी बाजार के परिसर को यहां कचरा घर बना दिया गया है । सभी लोग इस परिसर में कचरा फेंकते हैं । कुछ लोग शौचालय के रूप में भी इस परिसर का उपयोग कर रहे हैं। यहां नित्य साफ सफाई नहीं होने की वजह से यहां दुर्गंध हवा के साथ फैल रही है । यहां के व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा इस परिसर को सब्जी विक्रेताओं के लिए बनाया गया था और यहां बीते कुछ वर्ष पहले नगर पालिका द्वारा सब्जी विक्रेताओं को अंदर बिठाते हुए गुजरी को व्यवस्थित करने की रणनीति बनाई गई थी । यहां पर बनाए गए कुछ चबूतरो को भी नगर पालिका द्वारा जेसीबी के माध्यम से तोड़ा गया था । किंतु आधे चबूतरे को तोड़ने के बाद नगर पालिका ने इसे जैसे का वैसा रख दी और यहां कुछ ही दुकान सामने सब्जी की लगती है। बाकी सभी सब्जी विक्रेता सड़कों के दोनों ओर अपनी दुकान लगाकर सब्जी का व्यापार वर्षों से करते चले आ रहे हैं । जबकि गुजरी कॉम्प्लेक्स लाखों रुपए की लागत से सब्जी व्यवसाईयों को व्यवस्थित बिठाने के लिए किया गया था, किंतु नगर पालिका की उदासीनता के चलते यहां कॉम्प्लेक्स तो बना , पर यहां सब्जी व्यवसायी , अपनी दुकान नहीं लगा रहे हैं, वहीं बीते कुछ दिनों से आधे तोड़े गए परिसर में अब लोग कचरा डाल रहे हैं और शौचालय के रूप में इस परिसर को उपयोग कर रहे हैं । निरंतर साफ सफाई नहीं होने के कारण अब यहां से हवा के साथ दुर्गंध उत्पन्न हो रही है। यहां के आसपास के रहवासी सहित अलग-अलग दुकानों का संचालन करने वाले व्यवसायी इस दुर्गंध से परेशान हो रहे हैं कुछ सब्जी विक्रेता इस पूरी



अव्यवस्था पर नगर पालिका को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं उनका कहना है कि नगर पालिका की उदासीनता के चलते गुजरी बाजार व्यवस्थित नहीं हो पाया है और ना ही यहां निरंतर साफ सफाई की जा रही है ।

### दिन भर हवा के साथ दुर्गंध आती हैं - योगेश

गुजरी बाजार में जनरल सामानों की दुकान लगाने वाले योगेश बताते हैं कि गुजरी परिसर के पीछे उनकी दुकान है और दिनभर उनकी दुकान में हवा के साथ दुर्गंध आने से वह परेशान रहते हैं। नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन यहां साफ सफाई नहीं की जाती, बल्कि यहीं पर लोग कचरा फेंक कर परिसर के आधे हिस्से को कचरा घर बना दिया गया है। वह चाहते हैं कि नगर पालिका



प्रतिदिन यहां साफ-सफाई करें और फैल रही दुर्गंध सहित कचरा को उठाकर परिसर को साफ़ रखा जाए।

### परिसर को कचरा घर बना दिया गया है - राजेश

चिल्लर सब्जी व्यवसायी संघ के अध्यक्ष राजेश भुरडे बताते हैं कि उन्होंने गुजरी परिसर में साफ सफाई को लेकर अनेको बार लिखित और मौखिक शिकायत नगर पालिका को दिया है, लेकिन नगर पालिका इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है, जबकि रात्रि के समय परिसर के अंदर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है और



परिसर को कचरा घर बना दिया गया है यहां पर दिनभर कचरे की बदबू चलते रहती है, कोई यहां खड़ा होने को नहीं देख रहा है इस कारण यहां कोई सब्जी लेने भी नहीं आता जबकि नगर पालिका द्वारा यहां कुछ चबूतरा को तोड़कर इसे व्यवस्थित करने की बात कही जा रही थी, लेकिन 2 वर्षों से सिर्फ कुछ चबूतरों को तोड़कर रख दिया गया है , लेकिन कोई काम नहीं हुआ है , जबकि नगर पालिका को रोड पर बैठने वाले सब्जी व्यवसाययों को व्यवस्थित करना चाहिए और परिसर को बनाकर यहां सब्जी बाजार बसाया जाना चाहिए, किंतु नगर पालिका की उदासीनता के चलते सभी लोग आज सड़कों के दोनों ओर बैठकर सब्जियां विक्रय कर रहे हैं।

### मैंने सभापति रहने के दौरान प्रयास किया था - सुधीर चिले

वार्ड पार्षद सुधीर चिले बताते हैं कि जब वह सभापति थे , उस समय उन्होंने गुजरी परिसर के बड़े चबूतरों को तुड़वाकर परिसर को व्यवस्थित करने की रणनीति बनाई थी , किंतु आज गुजरी परिसर में इतनी अधिक गंदगी हो गई है कि कोई वहां खड़ा होना पसंद नहीं कर रहा है , सभी नगर पालिका सहित पार्षद से नाराज हैं, कई बार उन्हें सब्जी व्यवसाईयों ने फोन कर जानकारी दी है , लेकिन उनके द्वारा नगर पालिका को इसकी जानकारी देने के बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है, उन्होंने बताया कि उन्होंने गुजरी में एक सुपरवाइजर रखा



था, उसे भी हटाकर इतवारी बाजार में भेज दिया गया है उन्हें यह नहीं पता कि आखिर नगर पालिका में बैठे जिम्मेदार यहां साफ सफाई आदि व्यवस्थाएं क्यों नहीं देना चाहते, जबकि उन्होंने गुजरी को व्यवस्थित करने के लिए सभापति रहने के दौरान प्रयास किया था ।

# जमीन के हिस्से को लेकर एक ही परिवार के दो पक्ष आपस में भिड़े

### चले लाठी डंडों में दोनों पक्ष के एक महिला सहित छह लोग घायल

### दोनों पक्ष के दो महिला सहित 7 लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बिरसा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम साल्हेवाडा में एक ही परिवार के दो पक्ष आपस में भीड़ गये और दोनों पक्षों के बीच चले लाठी डंडों से दोनों पक्ष के एक महिला सहित 6 लोग घायल हो गए। 22 जून को दोपहर 2:00 करीब यह वारदात जमीन जायदाद के विवाद को लेकर हुई। इस वारदात में गंभीर रूप से घायल महिला अंजनी बाई पति ओमलाल बिलसरे को बिरसा के अस्पताल से जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। बिरसा पुलिस ने इस मामले में पक्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर दोनों पक्ष के साथ लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है। जिनमे कन्हैया पिता ओमलाल बिलसरे द्वारा की गई रिपोर्ट पर तुलसीराम पिता नरेंद्र सिंह बिलसरे, उनके बेटे दोहाराम पिता तुलसीराम बिलसरे, दुबेलाल पिता तुलसीराम बिलसरे और बहु चंद्रकला बाई पति दोहाराम बिलसरे के विरुद्ध और दुबेलाल पिता तुलसीराम बिलसरे द्वारा की गई रिपोर्ट पर कन्हैया पिताओमलाल बिलसरे, उसके भाई मनीष पिता ओमलाल बिलसरे और माँ अंजनी बाई पति ओमलाल बिलसरे के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कन्हैया बिलसरे और उसका बड़े पिता तुलसीराम बिलसरे अपने-अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं और दोनों के परिवार के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और इस विवाद के चलते दोनों पक्षों में आपसी रंजिश बनी हुई है। 22 जून को 2:00 बजे करीब तुलसीराम बिलसरे अपने भतीजे कन्हैया बिलसरे के आंगन के रास्ते में पत्थर रख रहे थे। जिन्हें कन्हैया बिलसरे ने बोला कि तुम्हारा हिस्सा यहां तक नहीं है। तुम अपने हिस्से में घर बना चुके हो। यह सुनकर तुलसीराम बिलसरे ने बोला कि यह घर भी मेरे हिस्से में आ रहा है। इसी को लेकर के तुलसीराम बिलसरे और उसके भतीजे कन्हैया बिलसरे के बीच विवाद होने लगा। आवाज सुनकर कन्हैया बिलसरे छोटा भाई मनीष बिलसरे मां अंजनी बाई बिलसरे और तुलसीराम बिलसरे के दोनों लड़के दुबेलाल बिलसरे, दोहाराम बिलसरे चंद्रकला बाई बिलसरे आमने-सामने हो गए। जमीन के हिस्से को लेकर एक ही परिवार की एक दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और दोनों पक्ष के बीच चले लाठी डंडे में दोनों पक्ष के छह लोग घायल हो गए इस वारदात में अंजनी के बिलसरे जिसे घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट की गई थी वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वारदात में एक ही परिवार के घायल 6 लोग रिपोर्ट करने के लिए बिरसा पुलिस थाना पहुंचे। बिरसा पुलिस ने एक महिला सहित 6 लोगों का इलाज मुलाहिजा बिरसा के अस्पताल में करवा वही इस वारदात में अधिक चोट लगने से घायल अंजनी बाई बिलसरे को बिरसा के अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है ।अन्य घायलों को बिरसा के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इस मामले में बिरसा पुलिस ने दुबेलाल पिता तुलसीराम बिलसरे द्वारा की गई रिपोर्ट पर कन्हैया बिलसरे पिताओमलाल बिलसरे, मनीष बिलसरे पिता ओमलाल बिलसरेऔर अंजनी बाई पति ओमलाल बिलसरे के विरुद्ध धारा 296,115(2),351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है वही कन्हैया पिता ओमलाल बिलसरे द्वारा की गई रिपोर्ट पर तुलसीराम पिता नैन सिंह बिलसरे , उसके बेटे दोहाराम पिता तुलसीराम बिलसरे, दुबेलाल पिता तुलसीराम बिलसरे और बहु चंद्रकला बाई पति दोहाराम बिलसरे के विरूद्ध धारा 296,115(2),351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

## रतनारा अंधे हत्याकांड का पर्दाफाश

# जय किशोर दमाहे की हत्या करने के आरोप में उसकी पत्नी रेखा दमाहे गिरफ्तार

### चरित्र शक को लेकर की जा रही मारपीट से परेशान होकर की थी पति की हत्या

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । हट्टा पुलिस ने तीन दिन के भीतर रतनारा अंधे हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए जय किशोर दमाहे की हत्या करने के आरोप में उसकी पत्नी रेखा दमोह को गिरफ्तार कर लिया। इस महिला ने शराब पीकर उसके चरित्र पर शक कर उसे रोज मारपीट और शारीरिक और मानसिक रूप से दी जा रही प्रताड़ना से परेशान होकर पति जय किशोर दमाहे की हत्या की थी। रेखा दमाहे ने की वारदात को 18 जून की रात करीब 11:30 बजे उस समय घटित की जब जयकिशोर दमाहे ने उसे और बच्चों को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पति की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार रेखा दमाहे को 24 जून को बालाघाट की अदालत में पेश किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जय किशोर दमाहे दारु पीने का आदि था और सुबह-शाम दारू पीता था और अपने पत्नी बच्चों से लड़ाई झगड़ा करते रहता था। यह भी बताया गया है कि जय किशोर दमाहे अपनी पत्नी रेखा दमाहे के चरित्र पर शक्कर उसे रोज मारपीट कर शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान करते रहता था 18 जून की रात 10-30 बजे करीब जय किशोर दमाहे शराब पीकर घर आया और अपनी पत्नी रेखा के चरित्र पर शक कर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया था। जिसके बाद रेखा दमाहे अपने बच्चों को लेकर बाजू में रहने वाले अपने जेठ नंदकिशोर दमाहै घर चली गई थी। पत्नी बच्चों के घर से जाने के बाद जय किशोर दमाहे घर के पीछे के दरवाजे में ताला और सामने के दरवाजे में अंदर से लकड़ी की चिटकनी लगाकर सो गया था। 19 जून को



सुबह जय किशोर दमाहे की पत्नी रेखा दमाहे अपने बच्चों को लेकर अपने मायके मंझारा भरवेली आ गई थी। दोपहर तक जय किशोर दमाहे ने दरवाजा नहीं खोला। समीप रहने वाले उसके भाई नन्दकिशोर दमाहे सहित परिवार के लोग समझे कि जय किशोर दमाहे शराब पीकर अपने घर के अंदर सो रहा होगा किंतु रात्रि 8:00 बजे तक दरवाजा नहीं खुलने और खिड़की से आवाज देने के बाद भी जय किशोर दमाहे के द्वारा दरवाजा नहीं खोलने पर शंका हुई और नंदकिशोर दमाहे ने 100 डायल को सूचना दिए। खबर मिलते ही थाना प्रभारी अविनाश सिंह राठौर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे देखें। जय किशोर दमाहे जमीन पर बिस्तर बिछाकर चादर ओड हुए पड़ा हुआ था। चादर हटाकर देखने पर जय किशोर दमाहे मृत पड़ा हुआ था और उसकी गरधन के दाहिने ओर धारदार हथियार की चोट की निशान थे और बिस्तर पर खून बहकर सूख गया था। 20 जून को जिला मुख्यालय से एफ एस एल टीम डॉग स्क्वाड फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट द्वारा निरीक्षण किया गया भिजवाया गया जांच पड़ताल के बाद थाना प्रभारी अविनाश सिंह राठौड़ ने मर्ग जांच उपरांत जय किशोर दमाहे की हत्या करने के आरोप में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 103(1),332(a) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज विवेचना शुरू की थी। विवेचना के दौरान मृतक जय किशोर दमाहे के परिजनों के द्वारा उसकी पत्नि रेखा दमाहे पर सन्देह व्यक्त किया गया। तब रेखा दमाहे को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई । जिसने अपने पति जय किशोर दमाहे की हत्या करना स्वीकार किया। पूछताछ में इस महिला ने बताया कि पति जय किशोर दमाहे शराब पीकर उसके चरित्र पर शंका कर उसे रोज मारपीट करता था जिससे वह मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित होकर परेशान हो चुकी थी और उसने अपने पति जय किशोर दमाहे की हत्या करने का निश्चय किया और 18 जून की रात जब जय किशोर जमाई ने उसे घर से निकाल दिया तो वह बच्चों को लेकर अपने जेठ के घर चली गई। देर रात वह चुपचाप वापस घर लौटी और अपने घर के अंदर जाकर फावड़ा से सो रहे पति जय किशन के गर्दन पर दनादन वार कर उसकी हत्या कर दी और हत्या के बाद हावड़ा को कुँए में फेंक दिया। हटा पुलिस ने रेखा दमाहे से जय किशोर दमाहे की हत्या में प्रयुक्त फावड़े भी जप्त किया गया। हटा पुलिस ने इस मामले में रेखा दमाहे को गिरफ्तार कर लिया है जिसे 24 जून को बालाघाट की अदालत में पेश किया जाएगा।

# स्थानांतरण निरस्त किए जाने की मांग को लेकर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ में सौंपा ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। सोमवार को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारी द्वारा हाल ही में हुए स्थानांतरण को निरस्त किए जाने की मांग को लेकर, संगठन के पदाधिकारी द्वारा सहायक आयुक्त जनजाति विभाग को एक ज्ञापन दिया गया है। संगठन के पदाधिकारी का कहना था कि उनका संगठन मान्यता प्राप्त संगठन हैं। उनके संगठन के पदाधिकारी का स्थानांतरण नहीं किया जाना चाहिए। क्योंकि उन्हें शासन से आदेश भी मिला हुआ है कि संगठन में जो पदाधिकारी रहेंगे, उनका स्थानांतरण नहीं किया जा सकता। किंतु इस बार स्थानांतरण नीति में संगठन के पदाधिकारी का भी स्थानांतरण कर दिया गया है ,जो कि गलत है और वह इस स्थानांतरण को तत्काल निरस्त किए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे यहां उन्होंने संबंधित विभाग को एक ज्ञापन भी दिया है। आपको बता दे की मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के संगठन द्वारा 23 जून को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर संबंधित विभाग को एक ज्ञापन दिया गया है । जिसमें उन्होंने स्पष्ट बताया कि उनका



संगठन को मान्यता प्राप्त है । शासन के नियम अनुसार उनके संगठन के पदाधिकारी का स्थानांतर नहीं किया जा सकता । इसको लेकर उन्हें शासन से भी पत्र मिला हुआ है। लेकिन इस बार जो स्थानांतरण नीति के तहत स्थानांतरण किए गए हैं उसमें उनके संगठन के पदाधिकारी का अलग-अलग स्थान पर स्थानांतरण कर दिया गया है जो कि गलत है। जबकि ऐसा नियम में ही नहीं है कि संगठन के पदाधिकारी का ट्रांसफर किया जाए, इसलिए वह चाहते हैं कि जो स्थानांतरण हुए हैं उन्हें तत्काल निरस्त किया जाए और संगठन के पदाधिकारीयों को यथावत अपने स्थान पर रखा जाए इस दौरान म.प्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पंकज चिले ने कहा कि म.प्र शिक्षक संघ शासन का मान्यता प्राप्त संगठन है। म.प्र सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के तहत शासन के मान्यता प्राप्त पदाधिकारियों को दो कार्यावधि में चयनित होने पर स्थानांतरण से मुक्त रखा गया है। बावजूद संगठन के पदाधिकारियों का आदेश का पालन न करते हुये जन जातीय कार्य विभाग द्वारा अन्यंत्र स्थानांतरण कर दिया गया है। उन्होंने शिक्षकों के लिये जारी ई अटेंडेंस का भी विरोध किया है।

# एरियर्स के भुगतान की मांग को लेकर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा ब्लॉक किरनापुर के शिक्षकों को दिये जाने वाले एरियर्स के भुगतान को जल्द से जल्द दिये जाने की मांग को लेकर कोषालय अधिकारी को ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ महीनो से एरियर्स का भुगतान नहीं होने से कर्मचारी परेशान हो रहे हैं। उनकी मांग है कि कर्मचारियों को उनका एरियर्स का भुकतान जल्द से जल्द दिया जाए ,इसी मांग को लेकर उन्होंने ज्ञापन दिया है। आपको बता दे कि विकासखंड किरनापुर के अधिकांश अध्यापक शिक्षकों के डी.ए एरियर्स एवं क्रमोन्नति के एरियर्स का भुगतान न होने से कर्मचारी परेशान है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष आशीष बिसेन के नेतृत्व में किरनापुर ब्लॉक के शिक्षक साथियों द्वारा जिला कोषांलय अधिकारी बालाघाट को ज्ञापन सोपा गया। आशीष बिसेन द्वारा बताया गया कि, एरियर्स के बिलों में अनावश्यक आपत्ति लगाकर बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में कोषालय अधिकारी से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि बिलो में कमी होने के कारण ट्रेज़री द्वारा भुगतान नहीं किया गया है। जितने भी बिल बकाया है उनका एक मांग पत्र विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा भेजा जाएगा। उसे भुगतान करने की अनुमति हेतु जेडी कार्यालय भेजा जाएगा और जैसे ही आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा अनुमति मिल जाती है उसके बाद बिलों का भुगतान शीघ्र ही कर दिया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आशीष बिसेन, कमलनाथ पाराशर, एमन्त ठाकरे, ओम प्रकाश पारधी, सी एल आड़े, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष जामरे सचिव प्रकाश वैद्य, रूपलाल उइके, राहुल नेवारे, प्रमोद धामने, रंजीत गणवीर ,जीवन लाल मंसूरे, शैलेंद्र चौहान, शिवनारायण तेलासे, जीवनलाल देशमुख, मनोज मेश्राम सहित अन्य साथी उपस्थित रहे ।

# फॉर्मर रजिस्ट्री बनाने 24 जून को प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगेंगे शिविर

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ लेने के लिये किसान की फॉर्मर रजिस्ट्री होना अनिवार्य है। फार्मर रजिस्ट्री नहीं होने पर किसान को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। माह जून 2025 को पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये किसान की फॉर्मर आईडी का होना अनिवार्य होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय, बल्लभ भवन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के निर्देशों के परिपालन में 24 जून को जिले की सभी तहसीलों की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर मृणाल मीणा ने सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि 24 जून को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में किसानों की फॉर्मर आईडी बनाने के लिये शिविर आयोजित करें। इन शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये गांवों में मुनादी कराने के निर्देश दिये गए है। प्रत्येक शिविर में पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, सहकारी समिति के कर्मचारी, ग्राम कोटवार, सर्वेयर की टीम को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये गए है। फार्मर आईडी बनाये जाने के लिये शेष सभी हितग्राहियों की जानकारी गूगल शीट के माध्यम से उपलब्ध कराने कहा गया है। जिसमे शतप्रतिशत जानकारी दर्ज करना होगा। 24 जून प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रात: 08 बजे से दोपहर 02 बजे एवं अपरान्ह 4 बजे से शाम 6 बजे तक फॉर्मर रजिस्ट्री, के लिये विशेष कैंप आयोजित किये जाएंगे। जिले के किसानों से अपील की गई है कि यदि उनकी फॉर्मर आईडी अब तक नहीं बन पायी है तो 24 जून को उनके ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में जाकर अपनी फार्मर आईडी अवश्य बनवाए।

# रमपुरी में सरपंच नही होने से शासन की योजनाओं का नही हो रहा क्रियान्वयन

## मनरेगा सहित अन्य कार्यो का भुगतान लंबित, मजदूर वर्ग परेशान, जल्द स्थानापन्न सरपंच नियुक्त करने की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रमपुरी में निर्वाचित सरपंच कन्हैयालाल राहंगडाले की शिक्षा विभाग में नौकरी लगने के बाद उन्होने डेढ माह पूर्व अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और सरकारी नौकरी ज्वाइन कर लिया है। जिसकी जानकारी उन्होने जनपद सीईओं को दे दिये है, जिसके बाद से ग्राम पंचायत रमपुरी में सरपंच का पद खाली हो चुका है। लेकिन अब तक प्रशासन के द्वारा उनके स्थान पर स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की प्रक्रिया अब तक प्रारंभ नहीं की गई है। न ही उपसरपंच को सरपंच का प्रभार दिया गया है। जिसके कारण ग्राम पंचायत में होने वाले कार्य प्रभावित हो रहे हैं, डेढ माह से मनरेगा योजना के तहत जिन मजदूरों ने काम किये है उन्हे मजदूरी का भुगतान नही हो पाया है। जिससे वे लोग खासा परेशान है क्योंकि मजदूर वर्ग ही मनरेगा योजना के काम में जाते है ताकि उन्हे समय पर मजदूरी मिल सके और परिवार का पालन-पोषण अच्छे से कर सके। लेकिन रमपुरी में सरपंच नही होने के कारण मजदूरों को डेढ़ माह से मनरेगा मजदूरी नही मिल पाई है जिसके कारण उन्हे परिवार का पालन-पोषण एवं आर्थिक परेशानियों से जुझना पड़ रहा है। साथ ही सरपंच नही होने के कारण शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करने में सचिव सहित पंचायत बॉडी को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं विकास कार्य भी प्रभावित हुआ है। वहीं मनरेगा सहित अन्य कार्यों का भुगतान लंबित पड़ा हुआ है। इसलिए ग्रामीणजनों व पंचों ने शासन-प्रशासन से जल्द रमपुरी पंचायत में स्थानापन्न सरपंच की चुनाव प्रक्रिया के तहत सरपंच पद को भरे जाने की मांग की है ताकि लंबित भुगतान सहित अन्य विकास कार्य को गति मिल सके एवं शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो सके। लेकिन सरपंच के इस्तीफा दिये डेढ़ माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी अब तक स्थानापन्न सरपंच नियुक्त किये जाने प्रशासन के द्वारा कोई आदेश जारी नही किये गये है जिसके कारण पंचायत के सभी कार्य प्रभावित हो चुके है।






### डेढ़ माह से सरपंच का पद है खाली, विकास कार्य हुआ प्रभावित

आपकों बता दे कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2022 में संपन्न हुए थे। जिसमें विभिन्न ग्राम पंचायत से लोगों के द्वारा सरपंच पद के लिए नामांकन करके चुनाव लड़े गए थे और नवनिर्वाचित सरपंचों के द्वारा पदभार ग्रहण कर लिया गया था। इसी प्रक्रिया के तहत रमपुरी में भी पंचायत चुनाव संपन्न हुए थे। जिसमें जनता जनार्दन के आशीर्वाद से कन्हैयालाल राहंगडाले सरपंच निर्वाचित हुए थे, जिन्होंने 2022 से लेकर 4 मई 2025 तक वे अपना कार्यकाल बखूबी निभाया है परन्तु वर्ष 2025 में उन्हे शिक्षा विभाग में सरकारी नौकरी लग गई। जिसके कारण उन्होंने 5 मई 2025 को सरपंच पद से इस्तीफा देकर सरकारी नौकरी को चुना और वे सहकारी नौकरी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं परंतु इस्तीफा के डेढ़ माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी अब तक जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत लालबर्रा के द्वारा नये सरपंच के निर्वाचन के संबंध में किसी तरह की कोई भी कार्यवाही एवं प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है। जिसके कारण ग्राम पंचायत में होने वाले मनरेगा से संबंधित कार्य में जिन मजदूरों ने काम किया है उनका भुगतान नही हो पा रहा, विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र जारी करने सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य जिसमें सरपंच की आवश्यकता बहुत जरूरी होती है। उनकी अनुपस्थिति में वे कार्य नहीं हो पा रहे है। ऐसी स्थित में पंचायत के सचिव व पंचायत बॉडी को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और ग्रामीणजन भी अपने काम करवाने के लिए पंचायत का चक्कर लगा रहे है। वहीं वैकल्पिक तौर पर उपसरपंच व सचिव के द्वारा पंचायत का संचालन किया जा रहा है परंतु शासन के नियम अनुसार बहुत से ऐसे काम है जो सरपंच और सचिव के अनुमति से ही संपन्न हो सकते हैं। लेकिन सरपंच नही होने के कारण पंचायत के सभी कार्य प्रभावित हो चुके है। ऐसी स्थिति में सबसे अधिक परेशानी मनरेगा मजदूरों को हो रही है क्योंकि उन्होने मनरेगा योजना से काम तो किये है। लेकिन सरपंच नही होने के कारण उनकी मजदूरी का भुगतान डेढ़ माह से नही हो पाया है जिससे वे खासा परेशान है और पंचायत पहुंचकर सचिव व उपसरपंच से जल्द भुगतान करवाने की मांग कर रहे है। ग्रामीणजन एवं पंचायत बॉडी के द्वारा शासन-प्रशासन से जल्द स्थानापन्न सरपंच का चुनाव करवाने की मांग प्रशासन से की है ताकि पंचायत का संचालन बेहतर तरीके से हो सके।

### सरपंच नही होने से सबसे अधिक परेशान मजदूर वर्ग है - सुखचंद

मेट सुखचंद पंचेश्वर ने बताया कि मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत में विभिन्न काम मजदूरों से करवाये गये है, लेकिन विगत डेढ माह से मजदूरी का भुगतान नहीं हो पाया है। जिसके कारण मजदूर ग्राम पंचायत में पहुंचकर सरपंच-सचिव एवं हम लोगों को मजदूरी का भुगतान जल्द किये जाने की मांग करते है क्योंकि जो मजदूरी करने आते है वह गरीब मजदूर है जिन्हे रूपयो की अत्यंत आवश्यकता होती है। श्री पंचेश्वर ने बताया कि डेढ माह से सरपंच का पद खाली है, ऐसी स्थिति में सरपंच नही होने के कारण सबसे अधिक परेशान मजदूर वर्ग है उन्हे समय पर मजदूरी का भुगतान नही हो पा रहा है एवं अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे है इसलिए प्रशासन से मांग है कि जल्द सरपंच का चुनाव करवाये ताकि सभी कार्य समय पर हो सके।



### स्थानापन्न सरपंच का चुनाव जल्द करवाये प्रशासन - युवराज

रमपुरी सचिव युवराज मानेश्वर ने बताया कि सरपंच कन्हैयालाल राहंगडाले की शिक्षा विभाग में सरकारी नौकरी लग चुकी है जिसके कारण उन्होने 5 मई को जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अपना इस्तीफा सौंप दिया है और वे पूरी तरह से सरपंच पद से कार्य से मुक्त हो चुके हैं। जिन्हे इस्तीफा दिये डेढ़ माह से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन अब तक नवीन सरपंच की कोई प्रक्रिया प्रशासन के द्वारा प्रारंभ नही की गई है। जिसके कारण मजदूरी भुगतान, निर्माण कार्य का भुगतान करने सहित विभिन्न कार्य जो सरपंच-सचिव दोनों के सहयोग से होते हैं वह नहीं हो पा रहे हैं जिसके कारण हमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं मजदूर वर्ग भुगतान के लिए हमें परेशान करते है। श्री मानेश्वर ने बताया कि सरपंच का पद खाली होने की जानकारी जनपद सीईओं, जिला पंचायत सीईओं को दे दिये है, जिनके द्वारा हमें आश्वासन दिया गया है कि जल्द स्थानापन्न सरपंच चुनाव की प्रक्रिया की जायेगी। लेकिन अब तक कोई आदेश जारी नही किया गया है, जिसके कारण पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे है, प्रशासन से मांग है कि जल्द स्थानापन्न सरपंच का चुनाव जल्द करवाये। जिससे सरपंच का निर्वाचन होने के बाद स्थाई सरपंच हमें मिल जायेगा और पंचायत के सभी कार्य समय पर होगें।



**इनका कहना है-**

रमपुरी के सरपंच कन्हैयालाल राहंगडाले की शिक्षा विभाग में नौकरी लग गई है और उन्होने सरपंच पद से इस्तीफा देकर सरकारी नौकरी 'वाइन कर लिया है। जिसके बाद हमने जिला पंचायत को पत्र लिखकर इस बात से अवगत करवाकर जल्द स्थानापन्न सरपंच के चुनाव किये जाने की मांग की है, जिला पंचायत से स्थानापन्न सरपंच चुनाव के आदेश जारी होने के बाद रमपुरी पंचायत में स्थानापन्न सरपंच का चुनाव किया जायेगा।



**चंदरसिंह मंडलोई**
**सीईओं**
**जनपद पंचायत लालबर्रा।**

# व्यापारी मिलन समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## लकी ड्रा के माध्यम से कुपन के प्रतिभागियों को वितरित किये गये ईनाम



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के पांढरवानी रोड़ स्थित लॉन में बाला जी किराना लालबर्रा के तत्वाधान में रविवार की रात 8 बजे व्यापारी मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बालाजी किराना दुकान के संचालक प्रशांत जैन सहित व्यापारीगणों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर माही डिटर्जेंट पाउडर (निरमा) के क्वालिटी एवं उपयोग के बारे में उपस्थितजनों को बताया गया। साथ ही जिन व्यापारी व दुकानदारों के द्वारा माही डिटर्जेंट पाउडर का डिस्टुवेट किया जा रहा है एवं जो लोग उपयोग कर रहे है जिनके लिए लकी ड्रा कूपन का आयोजन किया गया था। जिसमें सिहोरा के कटरे किराना दुकान को प्रथम पुरस्कार फ्रीज फसा है जिसे प्रशांत जैन एवं उपस्थितजनों के हस्ते फ्रीज उपहार प्रदान किया गया। इसी तरह 43 अन्य कूपन ड्रा के प्रतिभागी को उपहार दिये गये एवं जिन्हे कोई उपहार नही फसा और उपस्थित रहे व्यापारियों को सांत्वना पुरस्कार देकर माही डिटर्जेंट पाउडर (निरमा) का उपयोग करने उन्हे प्रेरित किया गया। साथ ही इस व्यापारी मिलन समारोह के अवसर पर नागपुर के आर्केस्ट्रा का भी आयोजन किया गया। चर्चा में बालाजी किराना दुकान के संचालक प्रशांत जैन ने बड्डताया कि हमारे द्वारा माही डिटर्जेंट पाउडर (निरमा) तैयार कर उसकी पेकिग कर दुकानदार एवं व्यापारियों को विक्रय किया जा रहा है और 11 बोरी माही डिटर्जेंट पाउडर लेकर जाने पर उन्हे एक ईनामी कूपन दिया जाता है। साथ ही यह भी बताया कि यह डिटर्जेंट पाउडर (निरमा) बहुत अ'छा है अन्य निरमा (पाउडर) की अपेक्षा, जिसकी खपत भी बढ़ चुकी है। श्री जैन ने बताया कि रविवार की रात में व्यापारी मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र के सभी किराना व्यापारियों को आमंत्रित किया गया था। जिन्हे माही डिटर्जेंट पाउडर (निरमा) की क्वालिटी के बारे में जानकारी दी गई और 44 कूपन ड्रा खोला गया जिन्हे ईनाम भी दिये गये है। इस अवसर पर व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# फांसी लगाने से झम्मेलाल की हुई मौत

## पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 10 किमी. ग्राम पंचायत गारापुरी निवासी 60 वर्षीय झम्मेलाल का शव पुलिस ने उसी के मकान पर फांसी पर लटकी हुई बरामद किया है। जिसके बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गारापुरी निवासी 60 वर्षीय झम्मेलाल बीबिनहके (गोंड़) कृषि एवं मजदूरी कार्य करता है जो रविवार की रात 8 बजे परिवार के सदस्यों के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गया था एवं परिवार के लोग भी खाना खाने के बाद सो गये थे। सोमवार को परिवार के लोग सुबह सो कर उठे और अपने काम में लग गये परन्तु झम्मेलाल नही उठा। जिसके बाद परिवार के लोग उसके कमरे में जाकर देखे तो वह फांसी पर लटका हुआ दिखाई दिया। जिसे फांसी पर लटका हुआ देखकर वे लोग घबरा गये, जिसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद परिजनों, पड़ोसियों और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। वहीं फांसी लगाने से गारापुरी में एक व्यक्ति की मौत हो जाने की जानकारी पुलिस को लगने के बाद थाना प्रभारी सुनिल चतुर्वेदी के निर्देश पर सहायक उपनिरीक्षक चेतन उइके पुलिसबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और मृत व्यक्ति के शव को ग्रामीणजनों की मदद से नीचे उतारकर आवश्यक कार्यवाही करने के पश्चात लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये। जहां चिकित्सक ने मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक झम्मेलाल बीबिनहके कृषि के साथ ही मजदूरी कार्य करता था, जिसके परिवार में बेटे, बहु व अन्य लोग है। रविवार को भोजन करने के बाद वह अपने कमरे में सोने चले गया था एवं कमरे में वह अकेला ही था और किसी मानसिक तनाव में आकर उसने कमरे में फांसी लगा ली होगी। जिससे उसकी मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।






### मामले की जांच की जा रही है - चेतन

दूरभाष पर चर्चा में सहायक उपनिरीक्षक चेतन उइके ने बताया कि सोमवार की सुबह गारापुरी से सूचना मिली थी कि झम्मेलाल ने स्वयं के मकान में फांसी लगा ली है जिससे उसकी मौत हो चुकी है। जिसके बाद घटना स्थल पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारकर आवश्यक कार्यवाही करने के बाद लालबर्रा अस्पताल लगाया गया। जहां चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। श्री उइके ने बताया कि झम्मेलाल ने किस कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या की है कारण अज्ञात है, मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# जनपद में दिव्यांग एवं वृध्दजनों के उपकरण के लिए चिन्हांकन शिविर का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत लालबर्रा में सामाजिक न्याय एवं नि:शक्त कल्याण विभाग के आदेशानुसार आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बालाघाट के द्वारा 23 जून को विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांगजन एवं वृध्दजनों के उपकरण वितरित करने के लिए चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया और यह शिविर प्रात: 10 बजे से आयोजित किया गया था। इस शिविर में लालबर्रा विकासखण्ड से पहुंचे 396 दिव्यांगजन एवं वृध्दजनों ने कृत्रिम उपकरण हेतु पंजीयन करवाया। जिनका एलीम्को से आई टीम के द्वारा जांच कर कृत्रिम/सहायक उपकरण के लिए 144 वृध्दजनों एवं 154 दिव्यांगजनों को चिहिन्त किया गया है। जिन्हे आगामी समय में सहायक उपकरण वितरित किये जायेगें। आपकों बता दे कि जनपद पंचायत लालबर्रा में विगत माह पूर्व विकासखण्ड स्तरीय कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें अस्थिबाधित विशेषज्ञ, श्रवणबाधित विशेषज्ञ, मानसिक दिव्यांग, दृष्टि बाधित विशेषज्ञों के द्वारा दिव्यांगजनों एवं वृध्दजनों का परीक्षण कर सहायक उपकरण के लिए चिन्हित किया गया था। जिसके बाद किस दिव्यांगजनों व वृध्दजनों को कौन-कौन से उपकरण की आवश्यकता है इस हेतु सोमवार को आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के द्वारा कृत्रिम/सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर आयोजित कर एलीम्कों से आई टीम के द्वारा सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकन किया गया है। जिनके लिए वे उपकरण तैयार करेगें जिसके बाद उन्हे वितरित किया जायेगा। सामाजिक न्याय एवं नि:शक्त कल्याण विभाग लालबर्रा विस्तार अधिकारी आकाश बोकड़े ने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांगजनों एवं वृध्दजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु सोमवार को चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 396 दिव्यांग व वृध्दजनों ने पंजीयन करवाये थे। जिसमें 144 वृध्दजन, 154 दिव्यांगजनों के उपकरण हेतु चिहिन्त किया गया है और एलीम्को से आई टीम के द्वारा उनके लिए उपकरण तैयार किये जायेगें, जिसके बाद उन्हे वितरित किया जायेगा। इस अवसर पर दिव्यांग एवं वृध्दजन उपस्थित रहे।





# खमरिया क्षेत्र में खरीफ की फसल की तैयारी में जुटे किसान

खमरिया/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया सहित उसके आसपास के ग्रामीण अंचलों में किसान खरीफ सीजन में लगने वाली धान सहित अन्य फसलों की तैयारी में जुट चुके है। साथ ही किसानों के द्वारा अपने खेतों में गोबर खाद डालने के साथ ही बारिश होने के बाद बीज बुआई का कार्य प्रारंभ कर दिये है। आपकों बता दे कि खमरिया क्षेत्र के किसान गत दिवस हुई बारिश के बाद से कृषि कार्य में जुट गये है और खेतों में गोबर खाद डालने के साथ ही धान बीज बुआई, पार लगाने का कार्य युध्द स्तर पर किया जा रहा है। वहीं खेतों में गोबर खाद फसल के लिए अधिक उपयोगी होता है, उक्त खाद डालने से फसल उत्पादन अधिक होता है। वहीं जिन किसानों ने शुरू में हुई बारिश में धान बीज बोये है लेकिन उसके बाद से तेज बारिश नही होने के कारण उसमें अंकुर बराबर नही निकलने से किसान चिंतित है। जबकि किसानों ने महंगी बीज की बुआई किये है किन्तु बारिश नही होने के कारण धान बीज के अंकुर नही निकलने के कारण किसानों को रोपाई करने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ेगा और आर्थिक परेशानियों से जुझना पड़ेगा क्योंकि पानी के अभाव में धान बीज जो पूर्व में बोये है। किन्तु अंकुर पुरी धान में नही आने के कारण वह दो पतरी हो गई है। ऐसी स्थिति में किसानों को दोबारा धान बीज की बुआई करना पड़ सकता है। अगर समय रहते अ'छी बारिश हो जाती है तो पूर्व में जिन किसानों ने धान बीज की बुआई किये है उनके लिए यह बारिश एक वरदान का काम करेगी। खमरिया क्षेत्र के किसानों ने बताया कि किसानों के द्वारा वर्ष भर मवेशी को चारा खिलाया जाता है और उनके गोबर को घुड़ों में एकत्रित करने के बाद खरीफ सीजन आने या बरसात के पूर्व सभी किसान बैलगाड़ी एवं ट्रैक्टर के माध्यम से खेतों में खाद डालने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही धान बीज की बुआई भी खरीफ सीजन की फसल के लिए कर रहे है एवं कृषि कार्य में क्षेत्रीय किसान युध्द स्तर पर जुट चुके है। आगे बताया कि पूर्व में हुई बारिश के बाद किसान धान बीज की बुआई कर रहे है लेकिन वर्तमान समय में बारिश नही होने के कारण किसान चिंतित नजर आ रहे है कि अगर तेज बारिश नही हुई तो खार खराब हो सकती है। इसलिए क्षेत्र में तेज बारिश होनी चाहिए ताकि क्षेत्रीय किसान खरीफ सीजन की खार को तैयार कर समयावधि पर रोपाई कर सके।



# जोड़ापाठ कायदी में शासकीय भूमि में आवास बनाकर खरीदी बिक्री जोरो पर

## ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से शिकायत कर मामले में कानून कार्यवाही करने की मांग

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी के जोड़ापाठ में वारासिवनी बालाघाट एवं कायदी बरबसपुर सहित अन्य मार्ग किनारे शासकीय भूमि पर कब्जा कर आवास बनाकर खरीदी बिक्री का कार्य जोरों पर चल रहा है। तो वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शासकीय भूमि पर भी आवास बनाकर उसकी भी खरीदी बिक्री की जा रही है। जिसको लेकर ग्राम पंचायत सहित ग्रामीणों के द्वारा जिला कलेक्टर, एसडीएम एवं तहसीलदार को ज्ञापन देकर मामले में कार्यवाही करने की मांग की गई है। किंतु किसी भी अधिकारी के द्वारा वर्तमान तक मामले में संज्ञान नहीं लिया गया है जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कायदी का जोड़ापाठ टोला वारासिवनी बालाघाट मार्ग पर स्थित है जहां पर लोगों के द्वारा कब्जा कर जीवन यापन किया जा रहा है। जहां पर ग्राम पंचायत के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ दिया गया है। ऐसे में कुछ व्यक्तियों के द्वारा शासकीय भूमि पर पीएम आवास का लाभ लेकर उसे खरीदी बिक्री करने का मामला प्रकाश में आया था। जिस पर पंचायत के द्वारा २ अक्टूबर को ग्राम सभा में ऐसे लोगों पर रोक लगाने और ग्राम की शासकीय भूमि पर निवास कर रहे व्यक्ति के वरसान ना होने पर ग्राम के अन्य जरूरतमंदों को उक्त स्थान का लाभ दिए जाने को लेकर प्रस्ताव लिया गया था। वहीं मामले में लगातार शिकायत की जा रही है कि ग्राम में जांच कर ऐसे व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही की जाए। क्योंकि कुछ लोगों के द्वारा ग्राम के अंदर उक्त व्यवस्था को व्यापार बना दिया गया है। उनके द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर आवास निर्माण किया जाता है उसके बाद बिक्री कर दिया जाता है। उसके बाद फिर ग्राम की दूसरी शासकीय भूमि पर कब्जा किया जाता है। इस प्रकार कुछ लोगों के द्वारा किया जा रहा है जिससे ग्राम के जरूरतमंदों को शासकीय भूमि या आवास की सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।



### ग्राम के लोगो के द्वारा आवास का लाभ लेकर मकान को मोटी रकम में बेचने का करते है काम -जितेंद्र नगरगड़े

सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र नगरगड़े ने बताया कि हमारे यहां जोड़ापाठ में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए थे जिसमें कुछ के वरसान खत्म हो गए हैं। उसे बाहर के उनके रिश्तेदारों के द्वारा मोटी रकम में बेचा जा रहा है। इसका विरोध पंचायत सहित ग्रामीणों के द्वारा २ अक्टूबर को ग्राम सभा में किया गया था। जहां पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव भी लिया गया था कि ग्राम की ऐसी शासकीय भूमि पर बने प्रधानमंत्री आवास जिनके वारसान खत्म हो गए हैं या ऐसे व्यक्ति जो गांव छोड़कर पलायन कर चुके हैं। उनकी शासकीय भूमि को पुनः ग्राम पंचायत में जुड़वा कर जरूरतमंदों को दिया जा सके ताकि वह लोग अपना जीवन यापन कर सकें। इस मामले की शिकायत हमारे द्वारा जिला कलेक्टर, तहसीलदार और एसडीएम से की गई है पर प्रशासनिक तौर पर इसे नजर अंदाज किया जा रहा है। वैसे भी इस प्रकार पीएम आवास की खरीदी बिक्री गलत है शासकीय राशि का दुरुपयोग प्रतीत हो रहा है।



### जोडापाठ कायदी में जमीन की खरीदी बिक्री का काम जोरों पर चल रहा है-चंद्रभान

पंच चंद्रभान सोनबीरसे ने बताया कि कायदी के अंदर जोड़ा पाठ आता है जहां पर जमीन खरीदी बिक्री का काम जोरों पर चल रहा है। जिसके लिए कानून और सरकार को रोक लगाने की जरूरत है। यहां पर शासकीय भूमि पर लोग कब्जा कर रहे हैं और उसे मोटी रकम में बेच देते हैं। फिर दूसरी जमीन पर कब्जा कर लेते हैं फिर उसे भी बेचते हैं इस प्रकार का यहां चलता आ रहा है। यह समस्या के कारण गांव के गरीब मजदूर जरूरतमंद परिवार वंचित हो रहे हैं और यही कारण है कि उन्हें बेघर होना पड़ रहा है। हमारे द्वारा इस विषय पर रोक लगाने के लिए शिकायत की गई है। जिसमें जनसुनवाई में जिला कलेक्टर को दिए हैं और अन्य अधिकारियों को भी दिए हैं। हम चाहते हैं कि सरकारी जमीन पर आवास बनाकर बेचा ना जाए और मूल निवासी इस कारण परेशान ना हो।



# भाजपाइयों ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मनाया बलिदान दिवस

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल सहित अन्य भाजपाइयों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए संघर्ष को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य वक्ता संतोष चौहान ने डॉ मुखर्जी के जीवन और सिद्धांतों पर प्रकाश डाला खासकर उनके एकात्म मानववाद के दर्शन और जम्मू.कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के उनके दृढ़ संकल्प पर विशेष जोर देकर मुखर्जी के त्याग और बलिदान को प्रेरणा स्रोत बताया। वहीं पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने किस प्रकार हिंदुओं के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष किया और कश्मीर को भारत का अविभाज्य अंग बनाए रखने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। कश्मीर समस्या पर उनके द्वारा सरकार का खुलकर विरोध किया गया था और कहा गया था कि एक देश में दो विधान दो प्रधान दो निशान नहीं चलेगें। उस समय श्री मुखर्जी और हमारे कई महापुरुषों ने जो स्वप्न देखा था उसे मोदी सरकार के द्वारा कश्मीर से धारा ३७० हटाकर साकार किया गया है सहित उनके किए गए संघर्ष को याद किया गया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, पूर्व नपाध्यक्ष आलोक खरे, पूर्व जनपद अध्यक्ष किशोर अमूले, सुश्री किरण शर्मा, सुनील पिपरेवार, मयंक मिश्रा, मिथिलेश बुरडे, जगदीश नेमा, पंकज, विशाल जैन, श्रीमती सुजाता डहरवाल, श्रीमती श्रीती पालेवार, श्रीमती रेखा गोखले, श्रीमती दीपा रूसिया, मोनू लिमजे, प्रवीण रूसिया, मनोज दांदरे, राजीव गोयल, संतोष आड़े, अरमान खान, हर्षित रेड्डी, मोंटू जैन, भोजू डहरवाल, श्रीमती स्मिता आजाद, श्रीमती आरती सोनेकर, आकाश चौबे, नूतन बाहेश्वर, विनोद मिश्रा, मुकुल गौर, रत्नेश मिश्रा, सुभाष पारधी सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे।





# जल भराव रहने के कारण मक्खी मच्छर संक्रामक रोगों का बढ़ रहा प्रकोप

रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वर्षा कल मौसम के दस्तक देने के बावजूद भी लोक निर्माण विभाग के द्वारा अस्थाई नाली का निर्माण अब तक नहीं किया गया है। जिसके कारण वर्षा जल मार्ग किनारे नगर निवासियों के घर में घुस रहा है। जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इसके अलावा २ वर्ष पूर्व बनी लाखों रुपये की लागत से सड़क निर्माण में जहां तहां गड्ढे इस स्थायी नाली अथवा अस्थाई नाली ना होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि बस स्टैंड से श्रीराम मंदिर और नीम वाले बाबा की दरगाह तक लोक निर्माण विभाग के इस मार्ग के दोनों और अस्थाई नाली का निर्माण लोक निर्माण विभाग के द्वारा प्रतिवर्ष किया जाना चाहिए। किंतु स्थाई नाली का निर्माण तो आज तक नहीं हो पाया है अस्थायी नाली का निर्माण करने में भी संबंधित विभाग लाखों रुपये के बने मार्ग को खस्ताहाल हालत में लाने के लिए पुरजोर प्रयास रत दिखाई दे रहा है। ऐसी दशा में मार्ग के दोनों ओर गंदगी कीचड़ और वर्षा जल भरा रहने के कारण मक्खी मच्छर संक्रामक रोगों के प्रकोप को नजरंदाज नहीं किया जा सकता है। इस दिशा में लोक निर्माण विभाग का ध्यान इस ओर नही जाना भी शर्मसार मालूम पड़ता है। नगर वासियों ने विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मार्ग के दोनों ओर अस्थाई नाली का निर्माण शीघ्र करें। जिससे वर्षा का जल नदी नालों की ओर निकल जाए और संक्रामक रोगों का प्रकोप भी ना बढ़े।




# डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के संघर्षो के प्रतिफल में अब कश्मीर हमारा है-प्रदीप जायसवाल





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। भाजपा रामपायली मंडल के अंतर्गत ग्राम गर्रा में डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखडंता के लिये अपने प्राण न्योछावर किये है। उनकी प्रेरणा से ही केन्द्र सरकार ने कश्मीर से धारा ३७० हटाने का निर्णय लिया है। जिसके कारण अब कश्मीर सही में भारत का अभिन्न अंग है। अब हम वंहा एक सामान्य नागरिक की तरह अपने अधिकारो का उपयोग कर सकते है और अपने ईश्वर का मंदिर भी बना सकते है। हमे यह भी याद रखना है की अगर ग्राम पंचायत व क्षेत्र में हमारी पार्टी की जीत नही होगी तो इसके परिणाम कितनी जगह प्रभाव डालते है यह हम सभी कार्यकर्तागण समझते है। इसी तरह क्षेत्र में यह भी देखने में आ रहा है की लोगो को सिर्फ फोटो खिंचाने में ही मजा आ रहा है विकास कार्य ला कोई और रहा है। और फोटो खिंचाकर फर्जी श्रेय कोई और लेने का असफ ल प्रयास कर रहा है। इस मसकरेपन को भी हमे जनता के बीच जाकर बताना आवश्यक है। पूर्व सरंपच श्रीमती वीणा शुक्ला ने कहा की अभी देखने में आ रहा है की कुछ लोग यह भाजपा वह भाजपा की अफवाह उडा रहे है। किंतू हम क्रत संकल्पित है की गुडडा भैया के नेतृत्व में हमे उनके द्वारा कराये गये विकास कार्यो की लंबी श्रंखला को जनता के बीच बताकर चुनाव के समय रावण बनकर गुमराह करने वालो को सबक भी सीखाना है। कार्यक्रम प्रभारी किशोर अमूले ने कहा की डॉ. मुखर्जी के आदर्शो पर चलकर ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। इस दौरान मिलिंद नगपुरे, चिंतामन नगपुरे, वीणा शुक्ला, किशोर बिसेन, सुरेश पटले, कोमल लिल्हारे, संजय टेंभरे, खिलिराम बघेले, मुन्ना नगपुरे, सचिन बिसेन, भानु राहंगडाले, चैन सिंह बेस, जानाजी गौतम, कबीर हनवत, पूजा मेश्राम, राजकुमार कावरे, परमानंद येरपूडे, रूपेश सोनवाने, गणेश लिल्हारे, दीक्षा तुरकर, मिथलेश दमाहे, योगराज पटले देवीचंद बोपचे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने टोडिंया नाला स्टाप डेम का किया निरीक्षण

## वाटर लेबल को बनाये रखने के लिये अति महत्तवपूर्ण है स्टॉप डेम-प्रदीप जायसवाल





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने टोंडिया नाले पर बन रहे स्टाप डेम का निरीक्षण किया। स्टाप डेम कार्य के निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यपालन यंत्री और अनुविभागीय अधिकारी को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही इसी कार्य में शेष बची १२ लाख की राशि से घाट निर्माण के कागजात तत्काल तैयार करने के निर्देश दिये। इस दौरान पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल आरईएस की एसडीओ सरोज सरैया, उपंयत्री मनीषा गहलोत, शिव बाबू सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। स्टाप डेम के लिये जनमानस की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही थी। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने बताया की यह स्टाप डेम नगर पालिका क्षेत्र वारासिवनी सहित निकट के आठ से दस ग्रामों के वाटर लेबल के लिये अति महत्तवपूर्ण है। इस २८ मीटर लंबे स्टाप डेम को ४२.६९ लाख रूपये की लागत से बनाया गया है जिसमें सात पीयर व दो अबर्टमेंट है यह कार्य अब पूर्णता की ओर आ गया है। विशेषकर गर्मी के मौसम में नगर का जल स्तर पुरी तरह कमजोर हो जाने और बैनगंगा नदी में भी पानी की कमी से पेयजल व्यवस्था दो टाईम की जगह एक टाईम की नौबत को देखते हुये इस स्टाप डेम को बेहद उपयोगी माना जा रहा है। श्री जायसवाल ने कहा की हमारा प्रयास है की बरसात के पानी को इस स्टाप डेम के माध्यम से बचाकर शेष बचे आठ माह के लिये क्षेत्र के वाटर लेबल को बनाये रखने के लिये उपयोग किया जायें। हमारी सोच है की स्टाप डेम में एक बडे घाट का होना भी आवश्यक है। जिसमें मोक्षधाम में अंतिम क्रिया करने के कार्य में मृतको के परिजनो को सरलता जायें। सीढी नूमा घाट निर्माण के लिये इसी कार्य में शेष बची १२ लाख रूपये की राशि का हम अब उपयोग करने जा रहे है।

## संतोष सहजवानी पर पुलिस ने किया अपराध कायम

वारासिवनी थाना अंतर्गत वार्ड नंबर १५ निवासी शरद ड़ेकाटे की शिकायत पर पुलिस ने संतोष सहजवानी पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी शरद पिता वासुदेव डेकाटे वार्ड नंबर १५ निवासी ने लिखित शिकायत की है कि वह सेवानिवृत कर्मचारी है। उसका एक मकान ग्राम मेहंदीवाड़ा में है जहां ९ जून की सुबह करीब ८ बजे ग्राम मेहंदीवाडा में ताराचंद नंदनवार के घर यह बताने गया कि जो कृषि भूमि तुमने संतोष सहजवानी को बिक्री कर सौदा किया हैं। वह संतोष सहजवानी के द्वारा उक्त भूमि पर भरन भरवाया जा रहा है। जिससे मेरे घर के सामने एवं घर के पीछे का बारिश का पानी नहीं निकल पाएगा और जल भराव की स्थिति बन जाएगी। यह बात ताराचंद नंदनवार से उसके घर के सामने खड़ा होकर कर रहा था। उसी समय संतोष सहजवानी वहां पर आया और अचानक आक्रोशित होकर मुझे गाली गलौज कर कहने लगा कि तुम मेरी शिकायत यहां वहां करते रहते हो। मैंने गाली देने से मना किया तो संतोष सहजवानी बोलने लगा कि आज के बाद यदि मेरी शिकायत करेगा तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा। पुलिस ने प्रार्थी शरद ड़ेकाटे की रिपोर्ट पर संतोष सहजवानी के खिलाफभारतीय न्याय संहिता की धारा २९६,३५१,३ के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग का लाभ नहीं होने पर जताया आक्रोश

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। तहसील कार्यालय में २३ जून को प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के द्वारा प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंप कर शासन से उचित व्यवस्था बनाने की मांग की है ताकि पेंशनर्स को सुविधाओं से वंचित ना होना पड़े। ज्ञापन में उल्लेखित है कि केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन नियमों और भारत की संचित निधि से पेंशन देने पर व्यय के सिद्धांतों के वेधकरण के संबंध में विधेयक संसद में पारित हो जाने से वर्तमान पेंशनरों में विभेद करने का अधिकार भी प्राप्त हो गया है। यह हाई कोर्ट के निर्णय का उल्लंघन है सातवें वेतन आयोग द्वारा प्रदत्त समानता भी समाप्त होने का जोखिम उत्पन्न हो गया है। यदि ऐसा था तो उक्त बिल में इस आशय का उल्लेख किया जा सकता था कि यह एक सीमित उद्देश्य के लिए है। इसका कोई प्रभाव आगामी केंद्रीय वेतन आयोग पर नहीं पड़ेगा। ऐसी स्थिति में यह जो आठवीं वेतन आयोग का लाभ पेंशनरों के लिए रोक दिया गया है यह ठीक नहीं है। जबकि पेंशन उन लोगों के लिए सामाजिक न्याय प्रदान करने हेतु एक सामाजिक उपाय है जिन्होंने अपने जीवन में सर्वोत्तम अवधि अपने नियोक्ता के लिए इस आश्वासन के दृष्टिगत कठिन परिश्रम किया है कि बुढ़ापे में उन्हें समाज में बेसहारा ना छोड़ा जाए। इस लक्ष्य के साथ आगे बढ़े की पेंशनर स्वावलंबी स्वतंत्र एवं स्वाभिमान से इस स्तर पर जीवन व्यतीत कर सके जैसा पहले व्यतीत कर रहा था। इसके लिए अखिल भारतीय राज्य पेंशनर फेडरेशन के द्वारा यह मांग की जाती है कि मामले में पुनर्विचार करते हुए ऐसी व्यवस्था बनाई जाए ताकि पूर्व प्रदत्त सुविधाओं से पेंशनर्स को वंचित ना होना पड़े। पद्मेश से चर्चा में सोहनलाल डोहरे ने बताया कि शासन के द्वारा आठवां वेतन आयोग लाया गया है जिसका लाभ पेंशनरों को नहीं देने का प्रावधान किया गया है। यह हमारे लिए बहुत दुख का विषय है क्योंकि लगातार महंगाई बढ़ रही है जिस प्रकार सातवां वेतन आयोग हमें दिया गया वैसे ही आठवां वेतन आयोग भी हमें देना चाहिए। हालांकि यह २०२६ में लागू होना है परंतु मार्च २०२५ से लागू होने की बात कही गई है। हम यही चाहते हैं कि पेंशनर को भी यह आयोग का लाभ दिया जायें। इस अवसर पर अनंतराम बाहेश्वर, डी सी ड़हरवाल, एच एस बघेल, धुरनलाल सोनबिरसे, अशोक शुक्ला, वाय आर ड़हाटे, बी आर ड़हाके, सुरेश कुमार डोहरे, अनिल कुमार, शिवपाल चौधरी, एस डी पटले, जी एस जैतवार, नारायण बोपचे, सालिकराम चौधरी, प्रदीप कुमार शर्मा, जे एस मंडलेकर, दयानंद बिसेन सहित अन्य पेंशनर मौजूद रहे।



# ज्ञान, योग, पवित्रता की देवी थी ब्रह्माकुमारी मम्मा

सरस्वती को ज्ञान की देवी कहा गया है। सरस्वती, प्रजापिता ब्रह्मा की पुत्री भी हैं और जगत अम्बा भी ,जिनके द्वारा परमात्मा, हरेक की इच्छाओं को पूर्ण करता है। इसी कारण जगदम्बा की पूजा होती है। जब जब भी चरित्र में गिरावट व विश्व में अशांति के बीज पनपने लगते हैं और संसार में दिव्यता की कमी, धर्म की ग्लानि होने लगती है।तब इन बुराइयों को समाप्त करने के लिए किसी न किसी महान विभूति का जन्म होता ही है। ऐसी ही एक महान विभूति हुई है ,मां जगदम्बा सरस्वती जिन्हें प्यार से सब मम्मा कहकर बुलाते थे।मम्मा का बचपन का नाम राधे था। मम्मा जन्म सन 1919 को पंजाब प्रांत के शहर अमृतसर में हुआ। लौकिक पिता पीकरदास और माता रोचा की वह लाडली थी। एक दिन अचानक राधे के पिता का देहांत हो गया और राधे अपनी मां व छोटी बहन के साथ सिंध हैदराबाद में अपनी नानी व मामा के घर आ गई। राधे की पढ़ाई हैदराबाद में ही हुई। राधे ने मैट्रिक स्तर तक की पढ़ाई की।उन्हीं दिनों ओम मंडली नामक एक सत्संग मण्डली का सत्संग दादा लेखराज के घर पर होता था। एक दिन राधे भी अपनी मां के साथ सत्संग में चली गई। उन्हें देखते ही दादा लेखराज को लगा कि यह तो उनकी वारिस बेटी है और राधे को भी लगा यह तो उनका बहुत काल से बिछुड़ा हुआ पिता है। दादा लेखराज उसी दिन से राधे को आलौकिक परमात्म ज्ञान की शिक्षा देने लगे।17 वर्ष की अल्पायु में ही मम्मा आध्यात्मिक रूप से परिपक्व हो गयीं एवं ब्रह्माकुमारीज के यज्ञ की जिम्मेदारियों को अपने हांथों में ले लिया। एक बार जब ओम मंडली के विरुद्ध न्यायालय में केस चल रहा था, तब मम्मा ने आकर ऐसी गवाही दी जिससे न्यायाधीश भी मौन हो गये।मम्मा ने स्पष्ट किया कि किस प्रकार निराकार परमात्मा ने दादा लेखराज को माध्यम बनाया हुआ है और उनके द्वारा परमात्मा हम सबको पढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि एक मनुष्यात्मा यह सत्य ज्ञान कैसे दे सकती है? परमात्मा ही आकर हमें पवित्र रहने की ( मन,वचन.कर्म में ) श्रीमत देते हैं। हर एक मनुष्य को अधिकार है कि वह अपने जीवन की दिशा एवं उद्देश्य स्वयं निर्धारित कर सके। उनकी अध्यात्म के प्रति लग्न को देखकर कुछ ही समय में राधे को सत्संग की संचालिका बना दिया और कुछ अन्य माताओं व कन्याओं को मिलाकर एक समिति बना दी। दादा लेखराज जो उस समय हीरो के व्यापारी थे,ने ईश्वरीय बोध होने पर अपना अकूत धन व चल-अचल सम्पत्ति इस समिति रूपी ट्रस्ट के नाम कर दी। जिससे 14 वर्षों तक संस्था का खर्च चलता रहा। इस समिति रूपी ट्रस्ट का नाम आगे चलकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हुआ। मम्मा यानि राधे सर्व गुणों की खान और मानवीय मूल्यों की विशेषताओं से सम्पन्न थीं। मम्मा ने कभी किसी को मौखिक शिक्षा नहीं दी, बल्कि अपने जीवन के अनुभव से प्रेरणा दी। इसी से दूसरे के जीवन में परिवर्तन आ जाता था। मम्मा के सामने चाहे कितना भी विरोधी, क्रोधी, विकारी, नशेड़ी आ जाता, परन्तु मम्मा की पवित्रता, सौम्यता व ममतामयी दृष्टि पाते ही वह शांत हो जाता और मम्मा के कदमों में गिर जाता था। मम्मा की सत्यता, दिव्यता व पवित्रता की शक्ति ने लाखों कन्याओं के लौकिक जीवन को अलौकिकता में परिवर्तित कर दिया और उन कन्याओं ने अपना सीमित परिवार त्याग कर विश्व को अपना परिवार स्वीकार करके विश्व की सेवा में त्याग व तपस्या द्वारा जुटकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रति अपना जीवन समर्पित किया। मम्मा ने अपने जीवन के अनुभव से बहुत बड़ी सीख दी कि अपने जीवन को सफल बनाने के लिए व विश्व सेवा के लिए बीस नाखूनों की शक्ति लगा दो, तो सफलता अवश्य आपके हाथ आ जायेगी। मम्मा बहुत कम बोलती थीं और दूसरों को भी कम बोलने का इशारा करती थीं। उनका मानना था कि अधिक बोलने से हमारी शक्ति नष्ट हो जाती है।

# तन और मन दोनों की स्वस्थ्यता, जीवन में सफलता के साथ आनंदमय जीवन जीने का भी सूत्र है

सृष्टि के अनमोल हीरे मानव प्रजाति में उसकी रचना करने वाले ने अदभुत गुणों की खान सृजित की है बस! हमें अपनीं अनमोल कुशाग्र बुद्धि से उसे पहचान कर अपने जीवन में ढालना है, तो फिर हर कोई कहेगा देखो क्या खूबसूरत सुखी जिंदगी है!! अपने आप में, परिवार, मोहल्ले, समाज में ही हम सतयुग का माहौल बना कर अति सुख चैन से अपने जीवन के अनमोल क्षणों को बिता सकते हैं साथियों, अनेक गुणों में से एक गुण संकल्प शक्ति जिसका मन और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा हम आर्टिकल के माध्यम से करेंगे।

साथियों बात अगर हम अपने इस मानव शरीर की करें तो मन स्वस्थ है तो तन स्वस्थ है मन का संकल्प मनुष्य की आंतरिक शक्ति है। मानव शरीर यदि रथ के समान है तो यह मन उसका चालक है। मनुष्य के शरीर की असली शक्ति उसका मन है। मन के अभाव में शरीर का कोई मूल्य ही नहीं है। मन ही वह प्रेरक शक्ति है जो मनुष्य से बड़े-बड़े काम करवा लेती है। यदि मन में दुर्बलता का भाव आ जाए तो शक्तिशाली शरीर और विभिन्न प्रकार के साधन भी व्यर्थ हो जाते हैं। मन बहुत बलवान है। शरीर की सब क्रियाएं मन पर निर्भर करती है । यदि मन में शक्ति, उत्साह और उमंग है तो शरीर भी तेजी से कार्य करता है। अत: व्यक्ति की हार जीत उसके मन की दुर्बलता सबलता पर निर्भर है।

साथियों शारीरिक दृष्टि से दुर्बल एवं हीन होते हुए भी दृढ़ निश्चयी व्यक्ति ऐसे-ऐसे कार्य कर जाया करते हैं कि उनकी असाधारणता पर विस्मय-विभोर होकर रह जाना पड़ता है!! सामान्यत: साधारण प्रतीत होने वाले व्यक्ति भी अपनी संकल्प शक्ति के बल से भयावह तूफानों तक का मुँह मोड़ देने में सफल हो जाया करते हैं। मनोविज्ञान का मानना है कि वनस्पति जाग्रत रहती है पशु सोते है पत्थर में भी चेतना सोती है और मनुष्य विचार चिन्तन करता है इसलिए यह इन अन्य सजीवों तथा निर्जीवों से भिन्न हैं। चिन्तन एवं मनन करना इन्सान की विशेषता है जिनका सीधा सम्बन्ध मन से होता है।



साथियों संकल्प शक्ति का प्रयोग किए बिना व्यक्ति कोशिश किए बिना ही पहले ही हार स्वीकार कर लेते हैं । धीरे-धीरे उनमें यह भावना बैठ जाती है कि वे कभी भी जीत नहीं सकते हैं । वहीं दूसरी ओर सफल व्यक्ति हमेशा आशावादी व कर्मवीर होते हैं । वे जीत के लिए हमेशा प्रयास करते हैं ।जब तक हमारा मन शिथिल है तब तक हम कुछ भी नहीं कर सकते। मनुष्य का जीवन खेल के मैदान के समान है। यहाँ हर व्यक्ति खिलाड़ी है। खेल में विजय प्राप्त करने के लिए खिलाड़ी को चुस्त और तंदुरुस्त होने के साथ-साथ अपने-आप पर भरोसा भी होना चाहिए। जिसका मन मजबूत होता है, वही सच्चे अर्थों में तंदुरुस्त और अपने-आप पर भरोसा रखनेवाला होता है।

साथियों बात अगर हम मन के बारे में ऐतिहासिक कबीर श्लोकों की करें तो मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

कहे कबीर हरि पाइए मन ही की परतीत।।

अर्थात- जीवन में जय और पराजय केवल मन के भाव हैं। यानी जब हम किसी कार्य के शुरू में ही हार मान लेते हैं कि हम सचमुच में ही हार जाते हैं। लेकिन अपनी मंजिल के लिए जब जूझते हैं, बार-बार गिर कर खड़े होते हैं तो हमारा आत्मविश्वास कई गुना बढ़ जाता है। इसके बाद जब मंजिल मिलती है, तो उसकी खुशी कई गुना होती है। इसलिए आपकी जीत या हार को कोई और तय नहीं कर सकता है। यह खुद आपके ऊपर निर्भर करता है। यही बात इस कहानी में भी बताई गई है। यह कहावत किसी व्यक्ति के जीवन की तरह किसी देश या राष्ट्र के बारे में भी सत्य सिद्ध होती है। किसी देश या राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत उस देश के निवासियों की प्रबल इच्छाशक्ति में रहती है।

साथियों इसीलिए आत्मविश्वास की बात कही जाती है। अखबारों में हम अपनी क्रिकेट टीम की हार का कारण पढ़ते हैं, तो यही पढ़ते हैं कि खिलाड़ी अपना मनोबल बनाए नहीं रख सके। या तो वे अतिउत्साह में आ गए या फिर निराशा में। मन की इन दोनों स्थितियों का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। शरीर को इस बात से कोई लेना-देना नहीं होता कि उसके अंदर उत्साह की तरंगें पैदा हो रही हैं या निराशा की। उसको तो तरंगों से मतलब है। निराशा की तरंगों से उसकी शक्ति विखंडित हो जाती है। इसका परिणाम पराजय में होता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि हम संतुलित रहें।

साथियों बात अगर हम मन स्वस्थ है तो तन स्वस्थ है की करें तो, स्वस्थ और तंदरुस्त रहना हमारे दैनिक कार्यों को पूरा करने में मदद करता है। स्वस्थ्य रहने का अर्थ रोग रहित तन का होना ही नहीं, बल्कि तनावमुक्त मन का होना भी है। यदि एक व्यक्ति अस्वस्थ मन रखता है, तो वह अपने शरीर को स्वस्थ नहीं रख सकता है। शरीर और मन दोनों की स्वस्थता जीवन में सफलता के साथ आनंदमय जीवन जीने का सूत्र है। हमें अपने शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने के लिए सभी बिन्दुओं के बारे में जागरुक होने की आवश्यकता है।

कुछ लोग बहुत अच्छे से जानते हैं कि शरीर को साफ-सुथरा और स्वस्थ कैसे रखा जाता है, लेकिन मन में घूम रही परेशानियों की वजह से उन्हें स्वस्थ रहने के लाभ नहीं मिल पाते हैं। मानसिक तनाव धीरे-धीरे शारीरिक स्वास्थ्य को कमजोर कर देता है। ऐसे में जरूरी है हम कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भी गंभीर रहें। इसके लिए आलस्य को त्यागकर ध्यान व व्यायाम दोनों का सहारा लिया जाना चाहिए। स्वस्थ मन से बनता है स्वस्थ तन, स्वस्थ तन से बनता है स्वस्थ जीवन और स्वस्थ जीवन से बनेगा स्वस्थ भारत!!

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मन स्वस्थ है तो तन स्वस्थ्य हैं!!मनुष्य के पास मन की संकल्प शक्ति यह एक महत्वपूर्ण अस्त्र है जिसके दम पर स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र से बढ़ी जीत हासिल की जा सकती है! तन और मन दोनों की स्वस्थता जीवन में सफलता के साथ आनंदमय जीवन जीने का भी एक सूत्र है!

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

# काश मैं भी एच आर हेड होता

जीवन में कुछ लोग जन्म से ही किस्मत के लाल होते हैं, कुछ को ऊपर वाला किस्मत का खजाना थमा देता है और बाकी बचते हैं हम जैसे लोग, जिन्हें नियति कर्मचारी बनाकर भेजती है। पर कहते हैं न, जिसकी कुर्सी में ताकत है, उसकी मुस्कान में वजन और उसकी चुप्पी में धमाका होता है। और अगर वह कुर्सी एच आर हेड की हो, तो फिर क्या कहने! किसी त्यौहार की घंटी बजी नहीं कि गिफ्ट्स की झड़ी शुरू—महंगे कपड़ों से लेकर महंगे मोबाइल फोन तक, हर वो चीज़ जो सामान्य कर्मचारी सपने में देखे, वह एच आर हेड के टेबल पर यथार्थ बनकर सजती है। दीवाली पर तो जैसे 'कारपोरेट कांवड़ यात्रा' शुरू हो जाती है—हर कर्मचारी एक-एक पैकेट, मिठाई और महंगे उपहारों के साथ एच आर हेड के चरणों में अपना 'भक्ति पत्र' समर्पित करता है। और हेड साहब बड़ी ही उदारता से सबकी 'सेवा भावना' को सराहते हुए एक हल्की मुस्कान बिखेरते हैं, जिससे कर्मचारी यह भी समझ जाता है कि इस बार छुट्टी पास होगी या नहीं। जो कर्मचारी महंगा गिफ्ट लाया, उसकी सास की भी तबीयत खराब हो जाए, तो मेडिकल छुट्टी स्वीकृत; और जो खाली हाथ आया, उसका बाप भी अस्पताल में हो तो 卐रूल्स के खिलाफ की चिट्ठी थमा दी जाती है। गिफ्ट लेना केवल सुविधा नहीं, एक रणनीतिक निवेश है। यह रिश्ता प्रेम का नहीं, पद का है, जिसमें गिफ्ट देने वाला नौकरी बचाना चाहता है और लेने वाला अहंकार में नहाना चाहता है। ऐसे सम्मान, ऐसे सुविधाएं, ऐसे तोहफों की बरसात देखकर दिल चिल्ला उठता है — काश मैं भी एच आर हेड होता। अपनी मर्जी की सत्ता = जब से मैंने दफ्तर का काम समझा है, तब से यह भी समझ में आ गया कि लोकतंत्र सिर्फ संविधान की किताबों में लिखा होता है, दफ्तरों में तो एक ही राजा होता है —

एच आर हेड। उनके पास ऐसा अलौकिक अधिकार होता है कि वे पूरे विभाग को अपने मूड और मन से चला सकते हैं। विभागीय नियम केवल कागजों पर होते हैं, असली नियम तो उनकी मूंछ के ताव और चेहरे की झुंझलाहट से तय होते हैं। अगर हेड साहब आज मूड में हैं, तो प्रमोशन के लिए पेंडिंग फाइल भी उड़कर स्वीकृति तक पहुँच जाती है। लेकिन यदि मूड 'सुबोध कुमार' के छुट्टी मांगने से खराब हो गया, तो भले ही 'रेणु शर्मा' की फाइल में सब दस्तावेज़ हों, वह महीनों धूल खाती रहेगी। एच आर हेड की कुर्सी से आदेश नहीं, फरमान निकलते हैं।फाइल की स्वीकृति, अवकाश की मंजूरी, स्थानांतरण की सुविधा—हर चीज़ पर उन्हीं का एकाधिकार होता है। 卐मैंने मना किया है — ये चार शब्द ऐसे होते हैं जैसे भगवान का वचन। और 卐ठीक है, मैं देखता हूँ—ये चार शब्द कर्मचारी के दिल में ऐसा संदेह भरते हैं जैसे न्यायपालिका ने मामला लंबित कर दिया हो। जैसे ही कोई कर्मचारी नियमों की बात करता है, हेड साहब के होठों पर हल्की मुस्कान आ जाती है और वे कहते हैं, 卐ठीक है, तुम तो बहुत ज्ञानी हो, फिर अपने दम पर नौकरी कर लो।卐 यह सुनते ही व्यक्ति के मस्तिष्क में डर की घंटियाँ बजने लगती हैं। कितना अच्छा होता यदि मैं भी ऐसे अधिकारों से संपन्न होता—काश मैं भी एच आर हेड होता। चमचों का स्वर्ग और उनका प्रमोशन = दफ्तर में एक नस्ल ऐसी होती है जिसे जीव विज्ञान में कैटल क्लास नहीं, चमचा क्लास कहा जाना चाहिए। ये लोग अपना चेहरा शीशे में नहीं, एच आर हेड की आंखों में देखते हैं। उनकी सुबह साहब के लिए चाय लाने से होती है और शाम को साहब की कार को धुलवाने पर समाप्त होती है। इन चमचों की 'ईमानदारी' एच आर हेड के चुटकुले पर हँसने और आदेश को आदेश नहीं, आदेश+अवसर समझने में होती है। अब देखिए, जो कर्मचारी समय पर आए, फाइलें पूरी करे, नियमों का पालन करे — वो तो केवल अच्छा कर्मचारी कहलाता है। लेकिन जो चमचा सही समय पर साहब के घर भी पहुंचे, उनकी बेटी की शादी में हल्दी की रस्म में घी लगाए, उन्हें 'साहब' नहीं, 'सर जी' कहे — उसका प्रमोशन पक्का। और जब प्रमोशन की बैठक होती है, तो हेड साहब बड़ी बारीकी से इन चमचों के योगदान की व्याख्या करते हैं — अरे मिश्रा जी, वो बहुत डेडिकेटेड है। पिछली बार मेरी गाड़ी पंचर हो गई थी, आधी रात को टायर बदलवाया। ऐसे लोगों को बढ़ावा मिलना चाहिए।卐 ऐसी चमचागिरी की व्यवस्थाओं में यदि मैं भी हेड होता, तो शायद दस-बीस चमचों की चमक में खुद को सूर्य समझ बैठता और बाकी कर्मचारियों को ग्रहण लगता। यह देखकर दिल कहता है — काश मैं भी एच आर हेड होता। ट्रेनिंग और विदेश यात्राओं की माया = जब कोई सामान्य कर्मचारी ट्रेनिंग शब्द सुनता है, तो उसे ऑफिस के कोने में बैठा कोई क्क्क्ज्ञ बनाना और उबाऊ लेक्चर झेलना याद आता है। लेकिन जब यही शब्द एच आर हेड की डिक्शनरी में आता है, तो इसका मतलब होता है — घूमने का सुनहरा अवसर। ट्रेनिंग माने विदेश दौरे की अघोषित छुट्टी, फाइव स्टार होटल, आलीशान भोज और जेब खर्च अलग से। कागजों पर लिखा होता है प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय दौरा, लेकिन असलियत में यह होता है पिकनिक विद ए पर्पस卐। प्रशिक्षण का पहला दिन थोड़ा घूम लें, दूसरा दिन शॉपिंग और नेटवर्किंग और तीसरे दिन होटल के बुफे में सीख ढूंढने का प्रयास। जैसे ही कोई विदेशी सम्मेलन आता है, एच आर हेड की वाणी में गंभीरता और आंखों में चमक आ जाती है। इस विषय को गहराई से समझना आवश्यक है, ताकि हम अपनी प्रणाली को बेहतर कर सकें卐—ऐसा कहते हुए वे रिटर्न टिकट बुक करा लेते हैं। टीए-डीए फॉर्म ऐसा भरते हैं जैसे हर सांस पर खर्च हुआ हो। 卐ब्रेकफास्ट = 800 रुपये, लंच = 1500 रुपये, स्नैक्स = 900 रुपये卐—जैसे पेट नहीं, खजाना भरा जा रहा हो। हम जैसे सामान्य कर्मचारी जब कहें कि हमें भी कोई ट्रेनिंग दे दीजिए, तो उत्तर मिलता है — अभी जरूरत नहीं है, काम सीखो पहले। इन दौरे-भरे दिनों को देखकर दिल कहता है — काश मैं भी एच आर हेड होता। छुट्टी रोकने और 'मनचाहा आतंक' फैलाने का अधिकार = छुट्टी, वो शब्द है जो हर कर्मचारी के दिल की धड़कन तेज कर देता है। लेकिन जब एच आर हेड के सामने छुट्टी की अर्जी जाती है, तो वह एक साधारण अनुरोध नहीं, बल्कि साहसिक युद्धघोषणा बन जाती है। सर, माँ की तबीयत ठीक नहीं है, अस्पताल ले जाना है- कहने पर उत्तर आता है-देखो, हम सबकी माँ होती हैं, सबको दिक्कतें होती हैं।卐 और अगर कोई कर्मचारी न डरे, न झुके, तो फाइल पर रिजेक्टेड की लाल स्याही ऐसे लगती है जैसे किसी ने स्वतंत्रता संग्राम को अस्वीकार कर दिया हो। एच आर हेड को ये 'विशेष शक्ति' प्राप्त होती है कि वह किसी की भी छुट्टी यह कहकर रोक सकता है कि वर्क लोड है। यह वर्क लोड कितना है, ये कोई नहीं जानता। जब हेड को मन आता है, वर्क लोड कम हो जाता है; जब न आए, तो दिवाली की छुट्टियों में भी 卐एमरजेंसी प्लानिंग का हवाला दे दिया जाता है। कर्मचारी सोचता है कि क्या अस्पताल में माँ की दवा देने जाना भी अब वर्क लोड में आता है? लेकिन उसके मुँह से सवाल निकलने से पहले ही हेड साहब का नज़रिया उस पर ऐसा पड़ता है कि वह डर के मारे खामोश हो जाता है। यदि हेड को किसी से व्यक्तिगत रंजिश हो तो उसकी हर छुट्टी पर नोटिंग लिखी जाती है- पिछले महीने भी छुट्टी ली थी, समय का पालन नहीं करता, 卐आवश्यकता नहीं है छुट्टी की। यह सब देखकर कर्मचारी का स्वास्थ्य तो खराब हो ही जाता है, लेकिन छुट्टी नहीं मिलती। काश ऐसा अद्भुत अधिकार मुझे भी मिलता कि कोई छुट्टी मांगता और मैं सोचता — अच्छा! आज फिर तुम्हारी बीवी को सर्दी हो गई? — और कलम चला देता 'ना'। इस दिव्य अनुभव की कल्पना करते ही मन कह उठता है — काश मैं भी एच आर हेड होता। सरकारी कर्मचारी बनते मेरे घरेलू नौकर = ऐसी कला सिर्फ एच आर हेड को आती है। सरकारी दफ्तर में जब कोई एच आर हेड बनता है, तो उसके जीवन में सिर्फ विभागीय शक्ति नहीं आती, बल्कि एक 'घरेलू क्रांति' भी आ जाती है। अब उसे झाड़ू-पोंछा करने की जरूरत नहीं; न दूध लाने की, न सब्जी। अब उसके लिए सब कुछ स्टाफ़ करता है। जिस चपरासी को ऑफिस में फाइल उठानी चाहिए, वो अब उनके घर में बच्चों को ट्यूशन से लाता है। जिस ड्राइवर को मीटिंग में ले जाना चाहिए, वो अब घर के राशन की थैली लेकर आता है। और कर्मचारी कुछ कह भी नहीं सकता, क्योंकि हेड साहब के पास 'प्रशासनिक कारणों' की ऐसी लंबी सूची होती है कि उसमें ईमानदारी का नामोनिशान नहीं मिलता। अगर कोई कर्मचारी यह कहने की हिम्मत करे कि सर, मेरा काम यह नहीं है, तो जवाब आता है — आपकी समर्पण भावना पर प्रश्नचिह्न है। और अगले ही दिन उसका ट्रांसफर ऐसा होता है कि वो सोचता है, 卐कहीं गलती से सेना में भर्ती तो नहीं हो गया था!

**-शैलेश शुक्ला**

# क्या नरसंहार की इबारत लिखने वाले देश तय करेंगे कि परमाणु शस्त्र कौन रखे ?

इस्राईल -ईरान के बीच छिड़े आधुनिक युद्ध ने पूरे विश्व को स्तब्ध व चिंतित कर दिया है। इस्राईल गत कई वर्षों से ईरान को युद्ध में खींचने की पूरी कोशिश कर रहा था परन्तु ईरान सीधे युद्ध में कूदने से बचता आ रहा था। परन्तु गत 13 जून को इस्राईल ने ईरान पर एक बड़ा हवाई हमला कर दिया। इस हमले के कुछ ही समय बाद इस्राईली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने एक टी वी प्रसारण में इस हमले को उचित ठहराते हुये ईरान पर परमाणु बम बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया और अपनी चिंता दोहराई कि ईरान का परमाणु बम इस्राईल को नष्ट कर सकता है। इस्राईल ने ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक और शीर्ष सेना कमांडर भी मार दिये। इस्राईल ने 13 जून को ईरान पर हमला उस समय किया जबकि दो दिन बाद ही यानी 15 जून को ईरान और अमरीका के मध्य परमाणु समझौता होने की तारी? तय थी और यह समझौता किसी निष्कर्ष पर पहुँचने की उम्मीद भी की जा रही थी। परन्तु इस्राईल ने समझौते के पहले ही हमला कर ईरान को ब?ा धोका दे दिया। इस्राईली हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी यह कहकर सबको चौंका दिया कि उन्हें इस हमले की पहले से जानकारी थी और इस हमले में कई ईरानी कट्टरपंथी (परमाणु वार्ताकार ) मारे गए हैं। उन्होंने ईरान को चेतावनी दी कि अगर वह समझौता नहीं करता, तो और बड़े हमले झेलने पड़ सकते हैं। यही नहीं बल्कि ट्रंप ने इस्राईल की पीठ थपथपाते हुये इस्राईली हमलों को शानदार बताया और कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की इच्छा छोड़नी होगी। साथ ही ट्रंप ने अमेरिका को इस्राईल का सबसे बड़ा सहयोगी भी बताया। सा? है ईरान पर इस्राईल द्वारा धोखे से किये गये इस हमले का अमेरिका भी बराबर का साझीदार है। अब जरा 2003 के उस दौर को भी याद कीजिये जब इरान में सद्दाम हुसैन के शासनकाल में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश प्रशासन, ने यह दावा किया था कि सद्दाम हुसैन के पास रासायनिक, जैविक और संभवत: परमाणु हथियार भी हैं जो वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं। यह दावा खुफिया जानकारी पर आधारित बताया गया था। इसी खुफिया जानकारी को बहाना बनाकर अमेरिका ने ऑपरेशन इराकी फ्रीडम के नाम से इरान पर बड़ी सैन्य कार्रवाई की और इरान को तबाह कर के छोड़ा। यहाँ तक कि स्थानीय अदालत का गठन कर सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ा दिया। इरान में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां रासायनिक, जैविक और सामूहिक विनाश के हथियार होने की जानकारी गलत साबित हुई। वहां ऐसे हथियार होने के कोई सबूत नहीं मिले। जगजाहिर है कि अमेरिका द्वारा इरान पर सैन्य कार्रवाई वहां के तेल संसाधनों पर नियंत्रण और मध्य पूर्व में अमेरीकी सामरिक प्रभाव बढ़ाने की इच्छा के तहत की गयी । इरान की तबाही व सत्ता परिवर्तन के बाद अमेरिका ने यह तर्क भी दिया था कि सद्दाम हुसैन का तानाशाही शासन इराकी जनता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए हानिकारक था। बहरहाल आज वही अमेरिका जिसने केवल इरा? ही तबाह करने की कोशिश नहीं की बल्कि वह जापान पर 6 और 9 अगस्त 1945 को परमाणु बम गिराने का भी गुनहगार है.वह अमेरिका जो कोरिया,ग्वाटेमाला, इंडोनेशिया, क्यूबा, कांगो, लाओस, वियतनाम, कंबोडिया, ग्रेनेडा, लेबनान, सीरिया, लीबिया, अल साल्वाडोर, निकारागुआ, ईरान(1987) पनामा,इरान, कुवैत, सोमालिया, बोस्निया, सूडान, अफगानिस्तान, योगोस्लाविया जैसे देशों पर हमले करने व वहां की सत्ता को अस्थिर करने का जिम्मेदार हो, क्या वह अमेरिका तय करेगा कि किस देश को परमाणु शस्त्र रखना चाहिए और किसे नहीं ? या फिर फिलिस्तीन की जमीन पर अमेरिका ब्रिटेन की शह पर कब्जा जमाये बैठा वह अवैध देश इस्राईल जिसपर ग़ज़ा में लगभग 82,000 लोगों को मारने व लगभग 20 लाख लोगों को बेघर कर क्षेत्र में मानवीय संकट खड़ा का आरोप है वह तय करेगा कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिए और किसे नहीं? जो देश स्वयं पूरे विश्व में अस्थिरता फैलाने,क्षेत्रीय संघर्ष भड़काने,शस्त्रों के व्यवसाय तथा तेल जैसी सम्पदा पर गिद्ध दृष्टि रखते हों पड़ोसी देशों में फूट डलवाकर युद्ध भ?काना ही जिनका वयवसाय बन चुका हो वह देश कैसे निर्धारित कर सकते हैं कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिये किसे नहीं ? आज विश्व में जिनदेशों के पास परमाणु शस्त्र हैं उनमें सबसे बड़ा जकीरा संयुक्त राज्य अमेरिका के पास है। इसके अतिरिक्त रूस,चीन,फ्रांस, यूके (ब्रिटेन), इस्राईल,उत्तर कोरिया,भारत व पाकिस्तान जैसे देश भी परमाणु शस्त्र धारक देशों में गिने जाते हैं। बावजूद इसके कि ईरान अभी तक यह कहता आया है कि उसके द्वारा किया जा रहा परमाणु संवर्धन उसकी ऊर्जा सम्बन्धी जरूरतों को पूरा करने जैसे शांतिपूर्ण कार्यों के लिये है। फिर भी यह क्यों जरूरी नहीं कि मानवता का सबसे बड़ा हत्यारा देश इजराईल जो भूखे,निहत्थे बच्चों व बुजुर्गों औरतों का लगातार नरसंहार करता आ रहा,जो अपनी सैन्य शक्ति और अमेरिका की शह के बल पर अपने कब्जे की जमीन का लगातार विस्तार करता जा रहा हो जो उसे पनाह देने वाले देश फिलिस्तीन के लोगों को ही उनकी मातृभूमि से बेदखल करने की साजिश रच रहा हो,जो अमरीका के इशारे पर पूरे मध्य एशिया में फूट डालने वाली राजनीति कर रहा हो आखिर क्षेत्रीय संतुलन बनाने के लिये उसके सामने ईरान जैसे देश का डटकर खड़ा होना जरूरी क्यों नहीं ? क्या इस पूरे मध्य क्षेत्र को अमेरिका इस्राईल के रहमो-करम पर जीने के लिये छोड़ देना चाहिये? ताकि जब चाहें और जिस देश को चाहें यमन व लेबनान बना सकें ? निश्चित रूप से युद्ध से बुरी कोई स्थिति नहीं होती। हमेशा इस त्रासदी का शिकार बेकसूर महिलाएं,बच्चे व बुजुर्ग होते आये हैं। युद्ध से मानवता आहात होती है। सही मायने में तो पूरे विश्व को ही न केवल परमाणु शस्त्र मुक्त बल्कि पूरा विश्व नि:शस्त्र भी होना चाहिये। परन्तु अमेरिका इजराईल जैसे देशों द्वारा जब अपनी ताकत का दुरूपयोग दशकों से किया जाता रहा हो और यह सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा हो ऐसे में इन्हें वाक ओवर देने के बजाये इनके सामने अपने स्वाभिमान के लिये संकल्पबद्ध होकर खड़े होना कौन सा जुर्म है ? अमेरिका व इस्राईल के सामने ईरान के सिर उठाकर खड़े होने जैसे फौलादी इरादों की आज दुनिया सराहना कर रही है। परन्तु यह देश आज कभी ईरान के निष्कासित रजा शाह पहलवी के पुत्र के काँधे पर सवार होकर तो कभी भीतरी फूट डालकर कभी मोसाद का इस्तेमाल कर ईरान को अस्थिर करने की पुरजोर कोशिश में लगा है। इनकी गिद्ध दृष्टि इस बात पर टिकी है कि किसी तरह वर्तमान संकल्पवान व स्वाभिमानी ईरानी सत्ता को बेदखल कर अपनी पिट्ठू सरकार बनाई जाये और ईरान को अस्थिर कर यहाँ भी मनमर्जी से तेल दोहन किया जा सके।

**-तनवीर जाफरी**

## इन्दौर बाजार भाव

**इन्दौर।** लेवाली से सोमवार को अनाज मंडी में चना सुधार पर रहा। मसूर में बाजार मजबूती के रहे। खाद्य तेलों में भाव बने रहे। तिलहनों में टिकाव रहा। किराना बाजार में ग्राहकी अच्छी रही। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में निचले भावों पर माँग रहने से भावों में सुधार रहा। चना बढ़िया मालों में 6000 रू. प्रति क्विंटल बोला गया। मसूर में मजबूती रही। खाद्य तेलों में कामकाज की मात्रा कम ही रही। तिलहनों में सोयाबीन 4300 रू. प्रति क्विंटल पर बना रहा। उधर, किराना बाजार में ग्राहकी कमोवेश अच्छी रही। भाव इस प्रकार रहे -

**किराना**- शक्कर 4120-4170, खोपरा गोला 245-285, खोपरा बूरा 4200-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 150-200, सांगली 250-255, साबूदाना हल्का 4500-4600, मीडियम 4650-4850, बेस्ट 5100-5500, ग्लास 6100, वरलक्ष्मी 5350, मोरधन 6900-7100, सौंफ मोटी 100-130, बेस्ट 185-285, एस्ट्रा बेस्ट 340-450, सौंफ बारि?क 290-350, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 1150-1200, क्लीन 1350-1600, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1550-1850, बेस्ट 1950-2050, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 900-950, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 870-900, काजू एस. डब्ल्यू 800-810, जे.एच. 830-860, टुकड़ी 750-800, बादाम मगज 870-925, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2900-2950, (160) 3450-3500, (200) 4000-4050, (250) 4000-4050

**तेल**- सींगदाना 1370-1390, मुम्बई 1400-1410, राजकोट तेलिया 2205, सोया साल्वेंट 1115-1120, सोया रिफाइंड 1175-1180, कपास्या 1200, धूलिया 1210, कड़ी 1210,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1360-1370, मुम्बई पाम 1190, मुम्बई सोया 1190-1200,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2300, देवास-उज्जैन 2300, खंडवा-बुरहानपुर 2275, अकोला 3175 (प्रति क्विटल)

**तिलहन**- सरसो 6300-6400, रायडा 5700-5800, सोयाबीन 4300-4400, टोली (महुआ बीज) 4300-4400, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 5950-6000, एवरेज 5200-5400, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशि?यन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6050-6100, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 7100-7200, पाला 7200-7300, चमकी 7200-7300, नायलोन 7300-7400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, शंकर 7000-7100, हल्की 6900-7000,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7300-7500, बोल्ड 7700-8100, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7750-7850, बेस्ट 7950-8100, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3600-3800, परमल 3500-3800, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 340, उज्जैन 280, रतलाम 270 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार

**इन्दौर।** सोमवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार सामान्य ही रहा। दोनों ही कीमती धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चाँदी (9999) 105500, चाँदी (99) 105400, टंच 104800, सिक्का 1200, सोना 10 ग्राम 98800,

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 16 पैसे गिरकर 86.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जबकि शुक्रवार को ये 86.59 पर बंद हुआ था। वहीं आज सुब अमेरिका के ईरान में परमाणु स्थलों पर हमला करने के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के दौरान रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 17 पैसे टूटकर 86.72 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती ने स्थानीय इकाई पर और दबाव डाला। हालांकि, विदेशी पूंजी प्रवाह और देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि ने स्थानीय मुद्रा में गिरावट को सीमित किया।

## आज का राशिफल

**मेष**- आज आपके कामों से आपकी छवि और निखरेगी। आपकी अच्छी सोच का आपको लाभ मिलेगा। बिजनेस में आप कोई नई योजना की शुरुआत करेंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्स पर पूरा ध्यान देंगे। यदि आपने कोई निवेश किया था, तो आपको लाभ होगा। आप अपनी पारिवारिक समस्याओं को लेकर सदस्यों के साथ मिल बैठकर बातचीत करेंगे।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर सावधान रहने की आवश्यकता है। आपकी साख व सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन बेहतर रहने वाला है। विद्यार्थियों ने किसी प्रतियोगिता में भाग लिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। आपको नौकरी के काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए एक के बाद एक खुशियां लेकर आने वाला है। मान-सम्मान बढ़ने से खुशी होगी। आपको अपनी बुद्धि व विवेक से कोई निर्णय थोड़ा सोच समझ कर लेने की आवश्यकता है। आपका कोई प्रिय मित्र आपसे लंबे समय बाद मेल मुलाकात करने आ सकता है। आप अपने घर के रिनोवेशन का भी काम शुरू कर सकते हैं। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में धन लगा सकते हैं।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको बिजनेस में भी कोई अच्छी सफलता मिलने से आप किसी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड न रहें। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई पुरस्कार मिल सकता है। ससुराल पक्ष से आपको मान सम्मान मिलता दिख रहा है। नौकरी को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए सुख व समृद्धि बढ़ाने वाला रहेगा। पारिवारिक रिश्ता में यदि किसी बात को लेकर तनाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपको अपने अनुभवों का लाभ मिलेगा। आपका कोई कानूनी मामला यदि आपके लिए सिर दर्द बना हुआ था, तो आपकी वह समस्या दूर होगी। आपके कुछ नए प्रयास रंग लाएंगे। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्स में लगे रहेंगे। किसी नए घर मकान आदि की आप खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से ताजगी लेकर आएगा। आपकी किसी पुरानी समस्या के उभरने से आपका मन परेशान रहेगा। संतान आपसे किसी चीज को फरमाइश कर सकती हैं, जिसे आप पूरा अवश्य करेंगे। आपका मन किसी काम को लेकर थोड़ा परेशान रहेगा। आपके कुछ खर्च आपकी टेंशन को बढ़ा सकते हैं।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। संतान के करियर में आज अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अच्छी सफलता हासिल होगी। आपको अपने बिजनेस में थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। धन को लेकर आप योजना बनाकर चले, तो आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके कामों में आपको अच्छी सफलता हासिल होगी और आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप अपने सभी कामों का आसानी से निपटाने की कोशिश करेंगे। काम को लेकर आपको यात्राएं भी करनी पड़ सकती है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित हो सकते हैं। आपको अपनी वाणी व व्यवहार में संयम रखने की आवश्यकता है, क्योंकि आपकी कोई बात घर के बाहर किसी को बुरी लग सकती है।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आपको माता-पिता की सेहत पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपके मित्र आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के लिए आप कोई सरप्राइज प्लान कर सकते हैं। आपके धन धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आप अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की छवि और निखरेगी, उनके जन समर्थन में भी इजाफा होगा। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों की कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी से अपने प्रेम का इजहार कर सकते हैं।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपका अपनी संतान से किसी बात को लेकर वाद विवाद हो सकता है, जिसमें आपको उनकी भावनाओं पर ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिलने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आपको वाहनों के प्रयोग से थोड़ा सावधान रहना होगा। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

## शब्दजाल - 7939

शब्दजाल में 'आ' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | घा | त | ह | दा | प | र | तू | ग | झ | आ |
| ज | अ | ल | म | आ | त | ता | यी | तें | शा | ई |
| अं | इ | नु | दि | ल | दा | ल | ब्र | र | ला | ना |
| आ | कु | अ | ल | बे | ला | क | ई | रि | श | लौ |
| स | मा | श | आ | तं | क | स | अ | ग | वी | ट |
| री | रं | दा | चु | व | लि | आ | वा | ग | म | न |
| आ | गा | ल | के | गा | आ | म | र | कौ | या | ले |
| ग | वा | आ | रा | म | क | रो | प्रे | ग | श | थ |
| म | स | मि | न | व | न | ज | ग्य | शा | जू | द |
| न | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | प | ना |
| थो | आ | स | मा | न | हो | ग | या | दु | र | क |

आराम,आगमन,आईना,आसमान,आघात, आरोग्य,आवागमन,आमादा,आततायी, आतंक

### शब्दजाल - 7938 का हल



## दैनिक पंचांग

**24 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.56 बजे से |
| चंद्र | वृष में | सिंह | 09.12 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 11.24 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.35 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.50 ब.से |
| शुक्र | मेष में | धनु | 18.06 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 20.11 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.57 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.30 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | मेष | 01.01 बजे से |
| | | वृष | 02.41 बजे से |
| | | मिथुन | 04.39 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 175 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** चतुर्दशी 19.00 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रोहिणी 12.54 बजे को समाप्त।
**योग** शूल 09.36 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 08.34 बजे तदनन्तर शकुनि 19.00 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 25'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872385
**जूलियन दिन** 2460850.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 27
**विशेष** रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः असली धन

एक सेठ के यहां कई नौकर काम करते थे। उनमें शंभु नामक एक रसोइया भी था। वह सेठ जी के परिवार और सभी नौकरों का भोजन एक साथ बनाता था। एक दिन सेठ जी जब खाना खाने लगे तो उन्हें सब्जी मीठी लगी। वह समझ गए कि शंभु ने भूल से सब्जी में नमक की जगह चीनी डाल दी है। मगर सेठ जी ने उसके सामने बड़े चाव से सारी सब्जी खाई। शंभू को कुछ पता नहीं चला। खाने के बाद सेठ जी ने शंभु से कहा, 'शायद तुम परेशान हो। क्या बात है?' शंभू ने कहा, 'पत्नी कई दिनों से बीमार है। यहां से जाने के बाद उसकी देखभाल करने में ही सारी रात बीत जाती है।' सेठ ने उसे कुछ पैसे देते हुए कहा, 'तुम अभी घर चले जाओ और पत्नी जब पूरी तरह स्वस्थ हो जाए तभी आना। और पैसे की जरूरत पड़े तो आकर ले जाना।' शंभु चला गया। उसके जाने के बाद सेठानी ने कहा, 'आप ने उसे जाने क्यों दिया। अभी तो और लोगों ने खाना तक नहीं खाया है। सारा काम पड़ा है।' सेठ जी बोले, 'उसके मन में अपने से ज्यादा हमारी चिंता है तभी उसने एक दिन छुट्टी नहीं की। आज उसने सब्जी में नमक की जगह चीनी डाल दी है। मैं उसके सामने सब्जी खा गया ताकि उसे कुछ पता न चले। है तो बहुत छोटी बात, लेकिन यदि यह सब्जी दूसरे नौकर खाएंगे तो शंभु के आने पर सब उसका मजाक उड़ाएंगे। वह लज्जित होगा। इसलिए तुम इसे जानवरों को खिला दो और दूसरी सब्जी बना कर सभी को खिलाओ।' पत्नी बोली, 'आप भी कमाल करते हैं। हमारे पास संपत्ति है, सम्मान है फिर भी नौकरों को लेकर इतनी चिंता क्यों?' सेठ जी ने कहा, 'आज हमारे पास जो कुछ भी है, वह इन्हीं लोगों की मेहनत और ईमानदारी का फल है। मैंने अभी तक जो रिश्ते कमाए हैं उन्हें खोना नहीं चाहता। असली धन तो यही है।'

## फिल्म वर्ग पहेली- 6883



**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीपकुमार, नर्गिस एक की फिल्म-३
२. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'तेरी आँखों का दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'पी कर शंकर जी की बूटी' गीत वाली ऋषिकपूर, नीलम की फिल्म-४
४. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीना की 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन अब्राहम, उदिता की फिल्म-२
८. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१०. 'मैं तेरे मन की मैना' गीत वाली अजय देवगन, काजोल की फिल्म-४
११. अमोल पालेकर, रंजीता की 'नाचो गाओ मौज' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मेरे यार ये दिन हो' गीत वाली शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की फिल्म-३
१४. 'रोज रोज आँखों तले' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'हर गोरी रानी' गीत वाली वहीदा, अमिताभ, जीनत, परवीन की फिल्म-३
१७. अमिताभ, रति, वहीदा की 'दोनों जवानी की मस्ती में' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'कई बार यूं भी देखा है' गीत वाली अमोल पालेकर, विद्या की फिल्म-५
२०. नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल, नताशा की १९८२ की एक फिल्म-३
२१. 'ओ रात के' गीत वाली किशोर कुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-२,२
२६. अमिताभ, संजीव, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
२८. 'नैनों में मेहबूब के' गीत वाली अक्षयकुमार, टिवंकल खन्ना की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'राजी राजी मैं हूँ राजी' गीत वाली फिल्म-३
४. 'उनके खयाल आये तो' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
६. मिथुन, मधु की 'हुस्न वालों से ये दिल बचाये' गीत वाली फिल्म-५
७. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी देओल, सोहेल, सुनील शेट्टी, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
९. अमिताभ, ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
१३. अनिलकपूर, माधुरी दीक्षित की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'साँसों का चलना' गीत वाली सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की फिल्म-२
१५. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'तूने ओ रंगीले ऐसा' गीत वाली राजकुमार, विनोद, प्रिया की फिल्म-४
१९. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की 'आँखें भी होती' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आये तुम याद मुझे' गीत वाली अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२२. फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में देव आनंद के साथ नायिका कौन थी-३
२३. 'फूलों से जो खुशबू आये' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२४. फिल्म 'हुतूतू' में नायक कौन था-३
२५. 'मेरा मन क्यों तुझे चाहे' गीत वाली आमिर खान, मनीषा की फिल्म-२
२७. आमिर, टिवंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फारूख शेख, पूनम ढिल्लों कीफिल्म-२
३०. आमिताभ, रजनीकांत, माधवी की 'रोते रोते हँसना' गीतवाली फिल्म-२,३

### फिल्म वर्ग पहेली- 6882



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकू नवताल- 7192

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकू नवताल-7191 का हल

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## शब्द पहेली - 8407



**बाएँ से दाएँ**

1. पाबंदी, संयम, पाश-3
3. मनुष्य, इंसान-3
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. नलका, टूंटी
8. प्रलय, महासंकट-4
11. दही से बना खाद्य पदार्थ-3
13. निर्माण, निर्मिती-3
14. हुनर, आर्ट-2
15. उम्मीद, आशा-2
16. खाना बनाना-3
18. असफल, अनुतीर्ण-3
20. आभास, भास-3
22. वध-2
24. जी, इच्छा, चित-2
25. सब्जी का सड़ना, बर्फ का पिघलना-3
26. याद करना-3

**ऊपर से नीचे**

1. हड़ताल, स्थिर, रुका हुआ-2
2. लवण -3
3. विश्राम, राहत-3
4. मछली, मत्स्य, राशि चक्र की एक राशि-2
5. बूंद-3
7. शरमाना-3
9. दोस्त, मित्र-2
10. बहुत प्यासा होना-4
12. एकटक निहारना-3
16. शरण, आश्रय-3
17. सम्मान-2
19. चिंतन-3
20. मकान, इमारत-3
21. कमी, थोड़ा-3
23. तज देना-2
24. इंकार, मनाही-2

### शब्द पहेली -8406 का हल



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसके अलावा अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने से भी बाजार पर दबाव आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 511.38 अंक टूटकर 81896.79 के स्तर पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 140.5 अंक फिसलकर 24971.90 के स्तर पर बंद हुआ। गत सप्ताह ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हवाई हमले से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और घरेलू इक्विटी बाजार में मजबूती आई। वहीं शुक्रवार को बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान इंफोसिस, एलएंडटी, हीरो मोटोकॉर्प, एमएंडएम, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में गिरावट रही और ये लाल निशान पर बंद हुए। वहीं निफ्टी पर ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, अदानी एंटरप्राइजेज, अदानी पोर्ट्स के शेयरों को लाभ हुआ और ये हरे निशान पर बंद हुए जबकि इंफोसिस, एलएंडटी, हीरो मोटोकॉर्प, एमएंडएम, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयरों में गिरावट रही और ये लाल निशान पर बंद हुए।




सेक्टोरल परफॉर्मेंस को देखें तो आईटी, एफएमसीजी, ऑटो, बैंक के शेयरों में 0.5-1.5 फीसदी की गिरावट रही जबकि मीडिया, मेटल, कैपिटल गुड्स में 0.5-4 फीसदी की बढ़त रहीई। बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.2 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.6 फीसदी की तेजी आई। आज के कारोबार में बीएसई पर कारोबार के दौरान लगभग 100 शेयर 52-सप्ताह के शीर्ष स्तर पर पहुंचे , जिनमें गार्डन रीच शिपबिल्डर्स, पूनावाला फिनकॉर्प, नारायण हृदयालय, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एमसीएक्स इंडिया, आदित्य बिड़ला कैपिटल, ऑथम इन्वेस्ट आदि शामिल रहे हैं। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक नीचे कारोबार करता दिखा, जबकि शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग ऊपर कारोबार कर रहा था। वहीं अमेरिकी बाजारों में शुक्रवार को आखिरी कारोबारी सत्र में डाउ जोंस 35.16 अंक की बढ़त के साथ 42,206.82 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 13.03 अंक की गिरावट के साथ 5,967.84 पर और नैस्डैक 98.86 अंक की गिरावट के साथ 19,447.41 पर बंद हुआ। वहीं इससे पहले आज सुबह मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव की वजह से बाजार गिरावट के साथ खुला।

## एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हो सकती है बढ़ोतरी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में ईरान और इज़राइल के बीच चल रहे संघर्ष का असर अब आम भारतीयों की रसोई तक पहुंच सकता है। बाजार के जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में एलपीजी सिलेंडर के भाव में बढ़ोतरी हो सकती है। इसका कारण भारत की एलपीजी आपूर्ति का बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है। भारत की आयात निर्भरता भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरतों का लगभग 66 फीसदी आयात करता है, जिसमें से 95 फीसदी सऊदी अरब, यूएई और कतर जैसे मिडिल ईस्ट देशों से आता है। ऐसे में क्षेत्रीय तनाव से सप्लाई चेन में रुकावट की आशंका गहरा गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका द्वारा ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर किए गए हमलों से आपूर्ति बाधित होने का खतरा बढ़ गया है। पिछले एक दशक में भारत में एलपीजी का उपयोग दोगुना हो गया है और अब यह 33 करोड़ परिवारों तक पहुंच चुका है। भारत के पास सिर्फ 16 दिन की एलपीजी स्टोरेज क्षमता है, जो इंपोर्ट टर्मिनलों, रिफाइनरियों और बॉटलिंग प्लांट्स में रखी गई है। इसलिए लंबी अवधि की आपूर्ति बाधा स्थिति को जटिल बना सकती है।




## अमेरिका के ईरान पर हमले से कच्चा तेल और हो सकता है महंगा

नई दिल्ली। अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ गया है, जिससे कच्चे तेल की कीमतें और बढ़ सकती है, जो कि इस महीने पहले ही 20 प्रतिशत के करीब बढ़ चुकी हैं। आखिरी कारोबारी सत्र में बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का फ्यूचर्स लगभग 77 डॉलर प्रति बैरल पर था और अब अमेरिका के मध्य पूर्व संघर्ष में हस्तक्षेप करने के कारण कच्चा तेल एक और उछाल के लिए तैयार है। माना जा रहा है कि मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष का सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई से तेल आपूर्ति पर असर पड़ सकता है, जिससे कीमतों में भारी उछाल आएगा। शिपिंग पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि हूती विद्रोहियों ने पहले ही चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया तो वे जहाजों पर अपने हमले फिर से शुरू कर देंगे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है, और तेल की कीमतों में उछाल से देश के तेल आयात बिल में वृद्धि हो सकती है और मुद्रास्फीति की दर बढ़ सकती है, जिससे आर्थिक विकास को नुकसान पहुंच सकता है। विदेशी मुद्रा के बड़े पैमाने पर आउटफ्लो से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में भी कमजोरी आ सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान प्रतिदिन लगभग 3.3 मिलियन बैरल (एमबीपीडी) कच्चे तेल का उत्पादन करता है और लगभग 1.5 एमबीपीडी का निर्यात करता है, जिसमें चीन 80 प्रतिशत भागीदारी के साथ मुख्य आयातक है। ईरान होर्मुज स्ट्रेट के उत्तरी किनारे पर भी है, जिसके माध्यम से दुनिया में 20 एमबीपीडी से अधिक कच्चे तेल का व्यापार होता है। होर्मुज स्ट्रेट मध्य-पूर्व में एक चोक प्वाइंट है। इस मार्ग से सऊदी अरब और यूएई आदि भी शिपिंग करते हैं और पहले भी ईरान ने इसे बंद करने की चेतावनी दी है।



# जनपद शिक्षा समिति की बैठक संपन्न

## शैक्षणिक गुणवत्ता व स्कूलों की समस्या पर हुई विस्तृत चर्चा

**लांजी ( पद्मेश न्यूज )। जनपद पंचायत लांजी के सभागार में सोमवार, 23 जून 2025 को दोपहर 2 बजे से जनपद शिक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विकासखंड स्तर पर शिक्षा व्यवस्था की स्थिति का आकलन करने और आवश्यक सुधारों पर चर्चा करने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक में जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल, उपाध्यक्ष अजय अवसरे, सभापति दिनेश लांडे, टुमन घोरमारे, गोवर्धन घोरमारे, श्यामलाल बेदरे, निलकंठ ठाकरे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद भिमटे, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक शिवेंद्र उके, साथ ही विकासखंड के समस्त हायर सेकेंडरी स्कूलों और हाई स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे।**





### बैठक का मुख्य उद्देश्य

बैठक का मुख्य उद्देश्य विकासखंड लांजी के अंतर्गत आने वाले स्कूलों की शैक्षणिक और भौतिक स्थिति का मूल्यांकन करना था। प्राचार्यों ने अपने-अपने संकूल और विद्यालय स्तर पर विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रस्तुत की, जिससे शिक्षा व्यवस्था की वर्तमान स्थिति और चुनौतियों का स्पष्ट चित्र सामने आया।

### चर्चा के ये रहे प्रमुख बिंदु

### छात्र-छात्राओं के नामांकन की स्थिति

प्राचार्यों ने अपने विद्यालयों में नामांकन की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान यह देखा गया कि किन स्कूलों में नामांकन की प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है और किन स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

### शिक्षक विहीन शालाओं की स्थिति

बैठक में शिक्षक विहीन स्कूलों की समस्या पर गहन चर्चा हुई। कुछ स्कूलों में शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए रिक्त पदों को शीघ्र भरने और अस्थायी व्यवस्था के तहत शिक्षकों की नियुक्ति पर विचार-विमर्श किया गया।

### एकल शिक्षक शालाओं की जानकारी

विकासखंड में कुछ स्कूल ऐसे हैं, जहां केवल एक ही शिक्षक कार्यरत हैं। ऐसी स्थिति में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। समिति ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया और इन स्कूलों में अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्णय लिया।

### मरम्मत योग्य शालाओं की स्थिति

कई स्कूलों की भौतिक संरचना जर्जर हो चुकी है, जिसके कारण विद्यार्थियों और शिक्षकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। प्राचार्यों ने मरम्मत योग्य स्कूल भवनों की सूची प्रस्तुत की। समिति ने इन स्कूलों के लिए मरम्मत कार्य हेतु बजट आवंटन और त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को पत्र लिखने का निर्णय लिया।

### पुस्तक वितरण की प्रगति

नए शैक्षणिक सत्र के लिए पाठ्यपुस्तकों के वितरण की स्थिति पर भी चर्चा हुई। कुछ स्कूलों में पुस्तक वितरण समय पर हो चुका है, जबकि कुछ स्कूलों में यह कार्य अभी भी लंबित है। समिति ने सभी स्कूलों में शीघ्र पुस्तक वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### समिति के निर्णय और भविष्य की योजनाएं

बैठक में उपस्थित जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल ने सभी प्राचार्यों को निर्देश दिए कि वे अपने स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें। उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने शिक्षक विहीन और एकल शिक्षक स्कूलों की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की बात कही। विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद भिमटे ने आश्वासन दिया कि समिति द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अगली बैठक में प्रत्येक स्कूल की प्रगति की समीक्षा की जाएगी और जिन स्कूलों में कमियां पाई जाएंगी, उनके प्राचार्यों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। साथ ही, शिक्षा के स्तर को और बेहतर करने के लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण और विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त शैक्षणिक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाई गई।

# सिविल हॉस्पिटल लांजी व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भानेगांव को भोपाल में मिला एन.क्यू.ए.एस. पुरस्कार

लांजी (पद्मेश न्यूज)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), मध्य प्रदेश, स्वास्थ्य संस्थाओं में सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन.क्यू.ए.एस.) के अंतर्गत विशेषज्ञों की टीम द्वारा स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण किया जाता है। इस प्रक्रिया में विकासखंड लांजी के सिविल हॉस्पिटल लांजी ने जून 2023 और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) भानेगांव ने दिसंबर 2023 में एन.क्यू.ए.एस. प्रमाणन प्राप्त किया।23 जून 2025 को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में राजेंद्र शुक्ल उपमुख्यमंत्री (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा), नरेन्द्र शिवाजी पटेल राज्यमंत्री (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा), और मिशन डायरेक्टर एनएचएम, डॉ. सलोनी सिडाना की उपस्थिति में इन संस्थाओं को सम्मानित किया गया।




समारोह में बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में सिविल हॉस्पिटल लांजी और पीएचसी भानेगांव को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. निलय जैन (सिविल सर्जन), विक्रम सिंह ठाकुर (डीपीएम), राजाराम चक्रवर्ती (सीपीएचसी सलाहकार), डॉ. प्रशांत पाटिल (आयुष चिकित्सा अधिकारी, पीएचसी भानेगांव), विनोद कामड़े (जिला क्वालिटी मेंटर), मनीष पांडे (बीपीएम), राहुल खोब्रागडे (फार्मासिस्ट), और इरफान बेग (अस्पताल प्रबंधक) उपस्थित रहे।एन.क्यू.ए.एस. निरीक्षण में भारत सरकार के राष्ट्रीय दल ने गर्भावस्था एवं प्रसव देखभाल, बाल्य एवं किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, संक्रामक और असंचारी रोग प्रबंधन, सामान्य बीमारियों का उपचार, ऑपरेशन थिएटर, डीईआईसी, एनआरसी, एसएनसीयू, आयुष्मान भारत यूनिट, टीबी यूनिट, प्रसव कक्ष, नेत्र यूनिट, ओपीडी, आईपीडी, और प्रयोगशालाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। दोनों संस्थाओं ने राष्ट्रीय मानकों को पूरा करते हुए यह प्रमाणन हासिल किया। यह उपलब्धि लांजी विकासखंड के लिए गौरव का क्षण है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता और उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# कोटेश्वर महोत्सव मनाकर कोटेश्वर लोक का विकास भूले जिम्मेदार

## श्रावण पर्व को लेकर व्यवस्थाएं शून्य





**लांजी ( पद्मेश न्यूज )। धर्मनगरी लांजी जहां 108 उपलिंगों में से एक कोटेश्वर महादेव का वास है, को धार्मिक महत्व के कारण विशेष दर्जा प्राप्त है। लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी इस धाम के विकास के लिए जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी भूल चुके हैं। लांजी-किरनापुर क्षेत्र ने कई बड़े नेता, जनप्रतिनिधि और मंत्री दिए, फिर भी कोटेश्वर धाम का विकास अधूरा है।**

### मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

मंदिर परिसर में धार्मिक दृष्टि से विकास नहीं हुआ है। भक्तों के लिए विश्रामगृह, पेयजल, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं आज भी अपूर्ण हैं। शिवरात्रि, श्रावण मास और अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान व्यवस्थाएं नाकाफी रहती हैं। पार्किंग और एकतरफा मार्ग की व्यवस्था न होने से भक्तों को परेशानी होती है। मार्ग के किनारे सोल्डर न होने से आवागमन और कठिन हो जाता है।

### मंदिर परिसर की बदहाली

मंदिर के भीतरी हिस्से में अव्यवस्था का आलम है। श्रद्धालु सामान जहां-तहां रखकर चले जाते हैं। पुरातात्विक नियमों का पालन नहीं होता और देखरेख की कमी है। बारिश में जल निकासी न होने से गर्भगृह में पानी रिसता है। मंदिर के सामने हॉल में टीन शेड खराब होने से तेज हवा और बारिश में पानी अंदर आता है। बंदरों की उत्पाती हरकतें भी भक्तों के लिए परेशानी का सबब हैं, जो पूजन सामग्री छीन लेते हैं।

### सड़कों पर अतिक्रमण

पहले भक्तों को प्रसादी और पूजन सामग्री साथ लानी पड़ती थी, लेकिन अब मंदिर के सामने सड़क पर दुकानों की होड़ लगी है। इन दुकानों से आवागमन बाधित होता है और भक्तों को पूजा-अर्चना में असुविधा होती है। बरगद के पेड़ और धुनी दरबार के सामने दुकानें लगने से स्थिति और जटिल हो जाती है।

### कोटेश्वर लोक का अधूरा सपना

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चार माह में दो बार कोटेश्वर धाम का दर्शन कर चुके हैं, लेकिन धाम का विकास अब भी अधूरा है। श्रावण मास नजदीक है, जब भक्तों और कांवड़ियों की भीड़ बढ़ेगी, लेकिन प्रशासन ने कोई तैयारी शुरू नहीं की है। भक्तों को उम्मीद है कि श्रावण में समुचित व्यवस्थाएं मिलेंगी, ताकि उन्हें परेशानी न उठानी पड़े।

# प्रजापति कुंभकार समाज का सामाजिक मिलन समारोह संपन्न

## समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के अभिनंदन लॉन में २३ जून को जिला स्तरीय प्रजापति कुंभकार समाज संघ का सामाजिक मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सोलाराम ढेकने ,दयाराम भमोडे सहित सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती ,संत शिरोमणि गोरोबा एवं यादे माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात सामाजिक मिलन समारोह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमें समाज की उन्नति प्रगति एवं विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। तत्पश्चात कक्षा दसवीं और बारहवीं में अच्छे अंक अर्जित करने वाले समाज के मेघावी छात्र छात्राओं का स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र एवं नकद राशि भेंट कर सम्मान किया गया। जिसमें कक्षा दसवीं के ४६ छात्र छात्राएं एवं कक्षा १२ वीं के ३० छात्र छात्राएं इस प्रकार ७६ छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित जनों के द्वारा कहा कि वर्तमान समय में परिवर्तन बहुत तेजी से आ रहा है हमें भी अपने समाज के अंदर इस परिवर्तन को आत्मसात करना होगा परंतु अपनी सामाजिक संस्कृति का संरक्षण भी हमें करना होगा। इसमें सबसे बड़ी बात अपने बच्चों में संस्कार को पोषित करना है जिसके लिए हर कोई प्रयास करते रहे। आज हम शिक्षा के क्षेत्र में पीछे है शिक्षा वह मंत्र है जिसको प्राप्त करने के बाद व्यक्ति किसी भी शिखर को प्राप्त कर सकता है। जिसके लिए हमें अपने बालक बालिकाओं को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देनी है । उच्च शिक्षा के लिए उन्हें आगे बढ़ाना है यदि हमारी आने वाली पीढ़ी शिक्षित हो जाएगी तो वह समाज को अच्छे से आगे बढ़ा सकती है। शिक्षा ही एकमात्र साधन है जिससे समाज की प्रगति नापी जाती है । इसलिए हम यह ध्यान रखें कि हमें अपने बच्चों को शिक्षा उपलब्ध करानी है और उसके साथ ही सामाजिक संस्कृति का भी संरक्षण करना है। साथ ही विभिन्न विषयों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एसपी घाटे ,जयचंद शनिचरे ,संतोष जीजोते ,यशवंत टरेने ,अशोक पटले ,मंगलदास तुमन्ने ,खिलेंद्र जीजोते ,भाऊलाल शनिचरे ,राजेंद्र जीजोते ,मनोज भटपाई ,रविंद्र शनिचरे ,शेष प्रजापति, राजेश भटपाई ,राजेश शनिचरे, सुरेश ढेकने ,महेंद्र ढेकने सहित अन्य समाज के पदाधिकारी सदस्य स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस

लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासन के निर्देशानुसार 21 जून 2025 को 11वीं अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा समुद्र तट पर अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण का अनुसरण करते हुए महाविद्यालय में प्रातः 6:30 से 7:45 तक योग गतिविधियों का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा योग की अहमियत के बारे में समझाया गया। साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं को प्राणायाम, कपालभांति, अनुलोम-विलोम जैसे योगक्रियाओं के बारे में समझाया गया। जिसमें महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहें।



लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# कांग्रेस के नए जिलाध्यक्षों के लिए दूसरा सर्वे शुरू

## - कसौटी पर परखा जा रहा दावेदारों को

भोपाल। मप्र कांग्रेस में अब जिलाध्यक्ष पावरफुल होंगे। ऐसे में आलाकामन की कोशिश है की पार्टी के लिए समर्पित, सक्रिय युवा को ही जिलाध्यक्ष बनाया जाए। इसके लिए पर्यवेक्षकों द्वारा दावेदारों का कसौटी पर परखा जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्षों के लिए पहला सर्वे हो चुका है, अब दूसरा सर्वे चल रहा है। उसके बाद जिलाध्यक्ष चुना जाएगा। कांग्रेस के नए जिला अध्यक्ष 35 से 45 साल की उम्र के होंगे।

मप्र में संगठन सृजन अभियान के तहत दिल्ली और भोपाल से नियुक्त ऑब्जर्वर्स की तीन सदस्यीय टीम अब हर जिले में जाकर जिला और ब्लॉक अध्यक्षों के नाम तलाश रहे हैं। एआईसीसी और पीसीसी के ऑब्जर्वर अपने जिले में दौरे का कार्यक्रम बनाकर नीयत समय पर पहुंच रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटियों ने जिले के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की। जिला अध्यक्ष के लिए 6 नामों का पैनल तैयार किया जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने मप्र को संगठन को मजबूत करने के लिए गुजरात की तर्ज पर यहां संगठन सृजन अभियान शुरू किया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गत 4 जून को भोपाल में इस अभियान का शुभारंभ किया था। इस अभियान के तहत कांग्रेस के प्रति समर्पित, सक्रिय और ऊर्जावान नेताओं को जिला अध्यक्ष की कमान सौपी जाएगी। अभियान के शुभारंभ अवसर पर राहुल गांधी ने अनुशासनहीनता करने वाले नेताओं और पार्टी के स्लीपर सेल के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही थी।

### इस बार राह आसान नहीं

एक तरफ जहां कांग्रेस जिला अध्यक्षों को पॉवरफुल बनाने की बात कह रही है, वहीं पार्टी उनकी नियुक्ति में पारदर्शिता बरत रही है। पार्टी द्वारा जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों से जिलों में दोबारा सर्वे कराया जा रहा है।



दरअसल, कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर 60 संगठनात्मक जिलों में सर्वे का एक दौर पूरा हो गया है। केंद्रीय पर्यवेक्षकों के साथ ही पीसीसी की ओर नियुक्त पर्यवेक्षक भी जिलों में पहुंचे थे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की टीम ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों के साथ जिलों से प्राप्त सर्वे रिपोर्ट की ऑनलाइन समीक्षा कर ली है। एआईसीसी ने पर्यवेक्षकों को सर्वे में सामने आई कमियों के बारे में बताया और उनसे एक बार फिर जिलों में सर्वे करने को कहा है। उन्हें दोबारा सर्व के लिए कुछ जरूरी टिप्स भी दिए गए हैं। आठ जिलों में केंद्रीय पर्यवेक्षक दूसरे दौर के सर्वे के लिए पहुंच गए हैं। केंद्रीय पर्यवेक्षक 30 जून से पहले सभी जिलों में पहुंचकर फिर से सर्वे का काम शुरू करेंगे।

### दोबारा सर्वे शुरू

प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने कहा कि संगठन सृजन अभियान में केंद्रीय पर्यवेक्षक सभी जिलों में एक बार सर्वे कर चुके हैं। पार्टी की ओर से उन्हें दोबारा सर्वे करने को कहा गया है। पर्यवेक्षकों ने सर्वे के दौरान पार्टी के जिला एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को जिला और ब्लॉक स्तर तक सशक्त करना, कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करना और आगामी चुनावों के लिए पार्टी को तैयार करना रहा है। यदि कोई सशक्त व्यक्ति और विचारधारा से जुड़ा हुआ सीनियर दावेदारी करता है तो उसे विशेष परिस्थितियों में शामिल किया जा सकता है। कोई मजबूत कार्यकर्ता आयुसीमा के चक्कर में छूट न जाए। लेकिन, राहुल जी की सोच है कि कांग्रेस का जिलाध्यक्ष युवा हो, तकनीक फ्रेंडली हो, सोशल मीडिया पर सक्रिय हो।

### पैनल में 6 प्रकार के नाम होंगे शामिल

हर जिले से जिला अध्यक्ष के लिए पैनल में 6 नाम शामिल किए जाएंगे। इनमें एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, महिला के नाम हर हाल में शामिल किए जाएंगे। इसके बाद दो अन्य दावेदारों के नाम पैनल में शामिल रहेंगे। राहुल गांधी के साथ 3 जून को हुई बैठक के बाद सभी ऑब्जर्वर्स को आवंटित जिले का जातिगत डेटा फोल्डर में दिया गया है। इसमें यह बताया गया है कि किस जिले में किस जाति की संख्या ज्यादा हैं और कौन से समाज के लोग निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जिलाध्यक्ष के पैनल में इस डेटा के आधार पर भी लोग पैनल में शामिल किए जाएंगे।

# घटिया निर्माण कर रहे पीडब्ल्यूडी ठेकेदार

## - न ब्लैकलिस्ट, न डीलिस्ट, सिर्फ नोटिस की खानापूर्ति

भोपाल। लोक निर्माण विभाग द्वारा हर महीने विशेष टीम द्वारा कराए जा रहे औचक निरीक्षण में ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे घटिया निर्माण पकड़े जा रहे हैं। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ नोटिस दिया जा रहा है। औचक निरीक्षण में अभी तक जितने ठेकेदारों के घटिया निर्माण पकड़े हैं, उनमें से न तो किसी को ब्लैकलिस्ट किया है और न ही डीलिस्ट। हाल ही में लोनिवि की टीम ने रेंडम निरीक्षण के दौरान अनूपपुर, बुरहानपुर और इंदौर में अलग-अलग सडक़ निर्माण का घटिया निर्माण पाया। जिसके चलते तीन ठेकेदार मैसर्स गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड गुरुग्राम, मैसर्स केजी गुप्ता इन्फ्रास्ट्रक्चर इंदौर और मैसर्स सिद्धि विनायक बिल्डर्स एंड सप्लायर्स शहडोल के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। संबंधित क्षेत्र के मुख्य अभियंता को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा औचक निरीक्षण किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत हर माह दो दिन रेंडमली चयनित कार्यों का औचक निरीक्षण कर उनकी गुणवत्ता का परीक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में मुख्य अभियंताओं के सात दलों द्वारा बैतूल, बालाघाट, श्योपुर, बुरहानपुर, अनूपपुर, मंदसौर एवं दमोह जिलों में 35 कार्यों का निरीक्षण किया गया। इनमें 14 कार्य लोक निर्माण विभाग (सडक़/पुल), 11 कार्य पीआईयू (भवन), 6 कार्य मप्र सडक़ विकास निगम 3 कार्य मप्र भवन विकास निगम एवं 1 कार्य एनएच का सम्मिलित रहा।

### इन ठेकेदारों के काम घटिया मिले

रेंडम निरीक्षण में लोक निर्माण विभाग के दल को अनूपपुर जिले में अनूपपुर-दर्री खेरखा मार्ग का कार्य संतोषजनक नहीं मिला। जिस पर ठेकेदार मैसर्स गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड गुरुग्राम के विरुद्ध कार्रवाई के लिये निर्देशित किया गया। बुरहानपुर जिले में सिवाल-केरपानी-अमूल्ला परेठा मार्ग में कार्य विलंब पाए जाने पर मैसर्स केजी गुप्ता इन्फ्रास्ट्रक्चर इंदौर तथा अनूपपुर जिले में कमरोद-चटुआ-टंकीटोला मार्ग के कार्य पर मैसर्स सिद्धि विनायक बिल्डर्स एंड सप्लायर्स, शहडोल के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश संबंधित मुख्य अभियंता को दिए गए।

# मप्र को महिला प्रदेशाध्यक्ष देने की तैयारी में भाजपा हाईकमान

भोपाल। भाजपा हाईकमान मप्र को लेकर जल्द बड़ा निर्णय करने जा रहा है। मप्र समेत अन्य राज्यों में नए प्रदेशाध्यक्ष को लेकर दिल्ली में एक बार फिर हलचल तेज हुई है। पार्टी हाईकमान मप्र भाजपा की कमान महिला को देने की तैयारी में है। कुछ राज्यों में महिला प्रदेशाध्यक्ष बनाने को लेकर शीर्ष स्तर पर पहले ही सहमति भी बन चुकी है। इनमें मप्र का नाम भी है। हालांकि किस महिला नेत्री के नाम पर प्रदेशाध्यक्ष की मुहर लगेगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

मप्र भाजपा के मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा का कार्यकाल लगभग साढ़े पांच साल का हो चुका है। भाजपा संगठन की लोकतांत्रिक व्यवस्था को देखते हुए प्रदेशाध्यक्ष के लिए यह लंबा कार्यकाल होता है। भाजपा में प्रदेशाध्यक्ष का कार्यकाल 3 साल का होता है, लेकिन मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष का एक ही कार्यकाल दो कार्यकाल के लगभग बराबर हो गया है। पार्टी के दिल्ली सूत्रों ने बताया कि मप्र को लेकर निर्णय लगभग हो चुका है। पार्टी ने महिला को प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी देने पर गंभीरता से विचार किया है। किस महिला को मप्र भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बनाया जाएगा, इसका खुलासा कभी हो सकता है। इधर मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा को भी केंद्रीय मंत्रिमंडल के शामिल करने पर चर्चा हुई है। लेकिन इसका अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को करना है।

### जातिगत समीकरण में उलझा मामला

मप्र में संगठन चुनाव की प्रक्रिया जनवरी महीने में ही पूरी हो चुकी है। बूथ से लेकर मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से हो चुकी है। प्रदेशाध्यक्ष का निर्वाचन भी जनवरी में होना था, लेकिन अलग-अलग कारणों से फैसला टलता गया। अब एक बार फिर मप्र को लेकर दिल्ली में तेजी से हलचल हुई है। माना जा रहा है कि पार्टी हाईकमान जातिगत समीकरणों को साधते हुए कभी भी मप्र में प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति का निर्णय ले सकता है।

# दिल्ली में आदिवासी नेताओं के साथ बैठक में राहुल बोले-आदिवासी नेतृत्व तैयार करें आदिवासी भारत के पहले मालिक

भोपाल। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 5 राज्यों के आदिवासी नेताओं के साथ बैठक की। इनमें आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, सीईसी मेंबर ओंकार सिंह मरकाम, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम, विधायक सुनील उईके, खरगोन के लोकसभा प्रत्याशी रहे पोरलाल खर्ते, धार के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राधेश्याम मुवेल मौजूद थे। 10 जनपथ, नई दिल्ली में अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस द्वारा आयोजित बैठक में राहुल गांधी ने आदिवासी नेताओं के साथ संवाद के दौरान कहा- आदिवासी भारत के पहले मालिक हैं। उनकी पीड़ा, समस्याओं और संघर्षों को समझ कर, उनके जल, जंगल, जमीन और अधिकारों पर हो रहे हमलों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए हमेशा समर्पित हूं।

बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासी वर्ग में नेतृत्व तैयार करने का काम करें। जो आदिवासी युवा अपने क्षेत्र में सक्रिय हैं। सामाजिक रूप से जो मुखर होकर आदिवासी समुदाय के मुद्दे उठाते हैं। उन्हें कांग्रेस पार्टी से जोडऩे का प्रयास करना चाहिए। आदिवासी वर्ग के पढ़े-लिखे युवाओं को भी पार्टी से जोडऩे पर काम करें। आदिवासी वर्ग में नया नेतृत्व तैयार करने के लिए सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए।

### आदिवासी कांग्रेस को महत्व मिले

बैठक में शामिल हुए धार के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राधेश्याम मुवेल ने राहुल गांधी से कहा कि विभिन्न सामाजिक संगठन अलग-अलग क्षेत्रों में काम करते हैं। हम उनके दबाव में कुछ लोगों को चुनाव में टिकट दे देते हैं। सामाजिक संगठनों के लोग पार्टी पर टिकट देने का दबाव बनाने लगते हैं। इससे पार्टी के साथ संघर्ष करने वाले कार्यकर्ता निराश होते हैं। हमें सामाजिक संगठनों के बजाय आदिवासी कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ताओं को चुनाव में प्राथमिकता देना चाहिए। मुवेल ने आगे कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय और



प्रदेश अध्यक्ष के सुझावों को टिकट वितरण में महत्व मिलना चाहिए। इससे आदिवासी कांग्रेस मजबूत होगी और पार्टी को फायदा मिलेगा।

### आदिवासियों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना चाहिए

बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि विस्थापन, पेसा कानून के क्रियान्वयन में गड़बड़ी, वनाधिकार जैसे आदिवासियों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना चाहिए। राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात और राजस्थान के आदिवासी नेताओं से अपने-अपने राज्य के आदिवासियों की मुख्य समस्याओं और उनके समाधान को लेकर भी सुझाव मांगे। बैठक में पूर्व मंत्री और सीईसी मेंबर ओंकार सिंह मरकाम ने कहा कि मैं जब जनजातीय कार्य मंत्री था। उस दौरान मप्र में आदिवासी वर्ग को सबसे ज्यादा वनाधिकार के पट्टे दिए गए थे। अब बीजेपी की सरकार में आदिवासियों के पट्टे निरस्त किए जा रहे हैं।

# डिजिटल तकनीकी में काम करेंगे मध्य प्रदेश के विधायक

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह के अनुसार मानसून सत्र के पहले सभी विधायकों को लैपटॉप और सदन के अंदर टेब की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके लिए विधानसभा सचिवालय द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहे हैं। मानसून सत्र में सभी विधायकों की टेबल पर टैबलेट होगा। विधानसभा से संबंधित सभी कार्यवाही, प्रश्नोत्तरी, राज्य सरकार का बजट,विभागीय प्रतिवेदन इत्यादि विधायकों को डिजिटल फॉर्मेट में उपलब्ध कराए जाएंगे।

विधानसभा ने इसकी जिम्मेदारी एनआईसी को सौंपी है। मानसून सत्र के पहले यह सारा सिस्टम तैयार हो जाएगा। विधायकों को अब हार्ड कॉपी के स्थान पर डिजिटल डिवाइस पर सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी। विधानसभा सचिवालय द्वारा सभी विधायकों के ईमेल एड्रेस तैयार कराए गए हैं। विधायकों के डिजिटल सिग्नेचर भी सचिवालय द्वारा सत्यापित किए गए हैं। विधायक और सचिवालय के बीच सारा कामकाज ऑनलाइन हो, इसके लिए बड़े पैमाने पर तैयारी शुरू की गई है।

# व्हिस्ल ब्लोअर को एमएससी नर्सिंग चयन परीक्षा देने से रोका

भोपाल । बहुचर्चित नर्सिंग महाघोटाले के व्हिस्लब्लोअर व एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार को नर्सिंग घोटाला उजागर करना भारी पड़ गया है। परमार को एमएससी नर्सिंग चयन परीक्षा देने से रोक दिया गया है। परमार ने आरोप लगाया है कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा जानबूझकर उन्हें चयन परीक्षा से बाहर किया गया है।

परमार ने बताया कि उन्होंने विधिवत परीक्षा फॉर्म भरे थे जिसे निरस्त कर दिया गया, जबकि उन्होंने फार्म भरते समय सभी मांगी गई जानकारी पूरी ईमानदारी से प्रस्तुत की थी। रवि परमार ने बताया कि उनके खिलाफ विभिन्न राजनीतिक आंदोलन के दौरान कई एफआईआर दर्ज की गई हैं, जो कि एक छात्र नेता के तौर पर उनके संघर्ष का हिस्सा रही हैं। उन्होंने फार्म भरते समय इन जानकारियों को नहीं छिपाया, बल्कि पारदर्शिता के साथ विवरण प्रस्तुत किया, इसके बावजूद चयन मंडल ने उनका फॉर्म निरस्त कर दिया।

इससे पहले भी परमार को एमएससी नर्सिंग चयन परीक्षा 2024 में भी उन्हें परीक्षा में बैठने से रोका गया था, जिस पर उनके अधिवक्ता अभिषेक पांडे द्वारा दिनांक 14 अक्टूबर 2024 को जबलपुर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। 16 अक्टूबर 2024 को हुई सुनवाई में माननीय न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने परमार को फिजिकल फॉर्म के माध्यम से परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की थी। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया था कि याचिकाकर्ता रवि परमार एक छात्र नेता हैं और जिन धाराओं के तहत उन पर एफआईआर दर्ज हैं, वे नैतिक अधमता से संबंधित नहीं हैं।

# पढ़ाई कि लिए अब तक तैयार नहीं पाठ्यक्रम

## - एक जुलाई से शुरू होगा कॉलेजों में नया सत्र

भोपाल। एक जुलाई से प्रदेश के कॉलेजों में नया सत्र शुरू होने जा रहा है, सोचने वाली बात यह है कि उच्च शिक्षा विभाग के पास अब बस एक सप्ताह का समय शेष है, लेकिन अब तक पाठ्यक्रम भी तैयार नहीं किया जा सका है। नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 से यूजी के साथ-साथ पीजी में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हुई है तो नया अध्यादेश भी लागू किया गया है। वहीं पीजी पाठ्यक्रम के लिए जारी करिकुलम और क्रेडिट फ्रेमवर्क के आधार पर नवीन अध्यादेश क्रमांक 14(2) के तहत बदलाव किया गया है। अब तक विभाग की ओर से कोई तैयारी नहीं हो पाई है। वहीं अब तक कई विश्वविद्यालयों ने यूजी चतुर्थ वर्ष का परिणाम भी जारी नहीं किया है। इससे पीजी में प्रवेश लेने में परेशानी होगी।

विभाग ने ऐसे विद्यार्थियों की सीटों का आवंटन रोक दिया, जो यूजी में पढ़े विषयों को छोडक़र अन्य विषयों से दो वर्षीय पीजी करना चाहते हैं। दरअसल, विभाग पीजी के नए अध्यादेश के तहत व्यवस्था तैयार नहीं कर सके। अब इन विद्यार्थियों को पीजी में प्रवेश कैसे दिया जाएगा, इस संबंध में विभाग विचार कर रहा है। इससे प्रदेश के करीब 14 लाख विद्यार्थी परेशान होंगे।

### यूजी में यह बदलाव

नए अध्यादेश के तहत यूजी में विद्यार्थी तीसरे विकल्प में बहुसंकाय (मल्टी डिस्पलनरी) विषय में से एक का चयन कर सकेंगे। इसमें 12वीं में विद्यार्थी ने जिस संकाय में पढ़ाई किया है, उस विषय को छोडक़र दूसरे संकाय के कोई भी विषय को ले सकेंगे। इसमें अब तक 25 विषयों का पाठ्यक्रम तैयार नहीं हो सका है।

### पीजी में इस तरह का बदलाव हुआ है

दो वर्षीय पीजी में प्रवेश की पात्रता शर्तों में बदलाव हुआ है। इसके अनुसार विद्यार्थियों ने जिन विषयों को यूजी में पढ़ा है, उन्हीं से पीजी कर पाएगा। इन विषयों के अलावा अन्य विषय से पीजी करना चाहते हैं तो उन्हें उसकी पात्रता प्रवेश परीक्षा देकर प्राप्त करनी होगी। अब तक विभाग ने प्रवेश परीक्षा के संबंध में कोई गाइडलाइन नहीं बनाई है। इसके तहत तीन वर्षीय यूजी करने के लिए जिन विषयों को मेजर(मुख्य विषय) और माइनर विषय बनाया है, उसी से पीजी करने की पात्रता होगी।

# 8वीं और 10वीं पास महिलाएं चयन कर सकती है कोर्स

## पढ़ाई छोड़ चुकी बेटियों के लिए हुनर योजना, इसमें रोजगार कोर्स व शिक्षा भी

भोपाल । हुनर ही बेटियों को आत्मनिर्भर बनाएगा। अब हुनर के साथ शिक्षा अर्थात शिक्षा संग रोजगार के लिए हुनर भी। मप्र सरकार ने महिलाओं को पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेशभर के आईटीआई संस्थानों में हुनर प्रशिक्षण कोर्स की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य अभाव या अन्य पारिवारिक परिस्थिति के चलते पढ़ाई छोड़ चुकी महिलाओं को पुन: शिक्षा व रोजगार की धारा से जोडऩा है। ऐसी बालिकाएं और महिलाएं जो परिस्थितिवश पढ़ाई से वंचित हो अथवा शाला त्यागी हैं और 8वीं या 10वीं तक ही शिक्षा कर पाई है। वे अब आईटीआई में प्रवेश लेकर हुनर प्राप्त कर अपने मन की उड़ान पूरी करने की कोशिश कर सकती हैं। शासन ने आईटीआई पास महिलाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं उपलब्ध कराई हैं, जिसमें आईटी और कम्प्यूटर सेक्टर, सोलर टेकनोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स, मेडिकल सेक्टर, मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट, फैशन डिजाइनिंग एंड अपेरल सेक्टर, ऑटोमोबाइल, मैकेनिकल सेक्टर में रोजगार उपलब्ध हैं। प्रतिभा स्वराज कंपनियों में केवल महिलाओं के रोजगार के अवसर हैं। हुनर पहल में 8वीं एवं 10वीं पास महिला अपनी रुचि के अनुसार पाठ्यक्रम का चयन कर सकती हैं। प्रदेश की 10 प्रमुख संस्थानों में से एक शासकीय संभागीय आईटीआई उज्जैन में 25 ट्रेड संचालित हैं। सभी ट्रेड में 35 प्रतिशत सीटें महिला आवेदकों के लिए आरक्षित हैं, जहां वे आवेदन कर सकती हैं। यहां कॅरियर मार्गदर्शन, योगा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, थ्री-डी मैन्युफैक्चरिंग लेब, कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग, सीएनसी मशीनों पर प्रशिक्षण, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रीशियन फैशन टेक्नोलॉजी, ड्रेस डिजाइनिंग, मेकिंग, कम्प्यूटर, स्टेनो हिंदी समेत कई कोर्स है।

### आईटीआई में प्रवेश लें और महिलाएं आत्मनिर्भर बनें

डिप्लोमा व इंजीनियरिंग कॉलेज में हो सकता प्रवेश आईटीआई में प्रशिक्षण के दौरान ही 2 साल का पाठ्यक्रम के साथ एक विषय और हिंदी या अंग्रेजी उत्तीर्ण करने पर 12वीं की मार्कशीट शिक्षा मंडल द्वारा दी जाएगी। इससे पृथक से 12वीं में प्रवेश लेने की आवश्यकता नहीं होती और प्रशिक्षण के दौरान ही आईटीआई और 12वीं पास हो जाती है। इसके पश्चात पॉलिटेक्निक डिप्लोमा में लेटरल एंट्री से द्वितीय सत्र में प्रवेश मिल जाता है तथा पॉलीटेक्निक डिप्लोमा के पश्चात लेटरल एंट्री से ही द्वितीय वर्ष में इंजीनियरिंग कॉलेज में भी प्रवेश हो जाता है।

## - संविधान हत्या दिवस मनाने पर पीसीसी चीफ का हमला, कहा

# भाजपा ने ही सबसे ज्यादा संविधान की हत्या की

भोपाल। मप्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा के संविधान हत्या दिवस मनाने पर हमला बोला हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ही सबसे ज्यादा संविधान की हत्या की है। भाजपा की सोच संविधान और दलित विरोधी है। वहीं पीसीसी चीफ ने ग्वालियर हाईकोर्ट में बाबा साहब की मूर्ति, चाचौड़ा विधायक के द्वारा सीएम को लिखे पत्र और आजीविका मिशन घोटाले पर भी बयान दिया हैं।

मप्र में भाजपा 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाएगी। जिला स्तर पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। इसे लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने भाजपा पर हमला बोला हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने ही सबसे ज्यादा संविधान की हत्या की है। भाजपा संविधान बदलना चाहती थी। 25 जून को वो जो भी कर रहे हैं, खुद के खिलाफ कर रहे हैं। ग्वालियर हाईकोर्ट में डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को लेकर भी जीतू पटवारी का बयान सामने आया हैं।

### दलितों पर अत्याचार में एमपी नंबर वन

पीसीसी चीफ ने कहा कि बाबा साहब की प्रतिमा का स्थापना राजनीतिक मुद्दा नहीं है। बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा न्यायालय वाले स्थान पर नहीं लगेगी तो कहां लगेगी। सरकार से भी कई बार आग्रह किया था। भाजपा की सोच संविधान विरोधी है। दलित विरोधी सोच है। मध्य प्रदेश दलितों पर अत्याचार में नंबर वन पर है।

### आजीविका मिशन घोटाले पर कही ये बात

जीतू पटवारी ने आजीविका मिशन घोटाले पर कहा कि जहां भी घोटाले होते हैं और जांच की बात आती है तब सरकार लीपा पोती करती है। आज तक किसी भी जांच का न तो दोषी मिला और न ही कोई सजा हुई। किसी भी जांच समिति ने जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी। वहीं चाचौड़ा विधायक द्वारा सीएम को लिखे पत्र पर उन्होंने कहा कि सरकार जनप्रतिनिधियों का लगातार अपमान कर रही है।

# भारत की बढ़त 320 रन, राहुल का शतक

## पंत ने दूसरी पारी में भी सेंचुरी बनाई, ऐसा करने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर

लीड्स। भारत ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 320 रन की बढ़त हासिल कर ली है। सोमवार को हेडिंग्ले स्टेडियम में मैच का चौथा दिन है और आखिरी सेशन का खेल जारी है।

भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 314 रन बना लिए हैं। केएल राहुल और करुण नायर नाबाद हैं। राहुल शतक बनाकर खेल रहे हैं।

ऋषभ पंत 118 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शोएब बशीर ने जैक क्रॉली के हाथों कैच कराया। उन्होंने 195 रन की पार्टनरशिप ब्रेक की। कप्तान शुभमन गिल (8 रन) को ब्रायडन कार्स ने बोल्ड कर दिया। तीसरे दिन साई सुदर्शन 30 और यशस्वी जायसवाल 4 रन बनाकर आउट हुए थे।

लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में भारत ने 90/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया। पहली पारी में इंग्लैंड 465 और भारत 471 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को पहली पारी में 6 रन की बढ़त मिली थी।



### भारत दूसरी पारी में 300 पार, केएल राहुल खेल रहे

भारतीय टीम ने लीड्स टेस्ट की दूसरी पारी में 300 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। 77वें ओवर में केएल राहुल ने बेन स्टोक्स की दूसरी बॉल पर दो रन लेकर टीम स्कोर 300 पहुंचा दिया।

### ऋषभ पंत ने शतक लगाकर बनाया रिकॉर्ड

हेडिंग्ले में भारत-इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट के तीसरे दिन भारत के उप कप्तान ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में शतक लगाकर एक रिकार्ड अपने नाम कर लिया हैं।

भारतीय टीम के उपकप्तान और विकेट कीपर ऋषभ पंत ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट 2025 की दोनों पारियों में शतक जड़कर भारतीय क्रिकेट इतिहास में खास जगह बना ली है। पहली पारी में पंत ने शानदार 134 रन बनाए और दूसरी पारी में 118 रन आए।

यह कारनामा करने वाले ऋषभ पंत भारत के सातवें बल्लेबाज बन गए हैं जिन्होंने टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया है। ऋषभ पंत से पहले यह उपलब्धि विजय हज़ारे, सुनील गावस्कर (3 बार), राहुल द्रविड़ (2 बार), विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे और रोहित शर्मा ने हासिल की थी। हालांकि पंत ने इस सूची में एक खास रिकॉर्ड भी अपने नाम जोड़ा है।

## रोहित के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 साल पूरे हुए

मुम्बई। भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 साल पूरे हो गये हैं। रोहित ने जून 2007 में आयरलैंड के खिलाफ 20 साल की उम्र में आज ही के दिन डेब्यू किया था। रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 साल पूरे होने पर आभार जताया है। साथ ही सोशल मीडिया में लिखा, हमेशा आभारी, 23.06.07। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने दो आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं। वह 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में पहुंचे थे हालांकी टीम दोनों में ही टीम को हार का सामना करना पड़ा। रोहित ने साल 2024 में भारत को टी20 विश्व कप खिताब दिलाकर आईसीसी ट्रॉफी के 13 साल के सूखे को समाप्त किया और फिर 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली। रोहित 2024 में 150 से अधिक ञ्20 में खेलने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी हैं। इस क्रिकेटर ने सभी प्रारूपों में 499 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 19,700 रन बनाए हैं। उनके नाम एकदिवसीय में सबसे अधिक व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है, उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 264 रन बनाए थे। टी20 में रोहित अब तक के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 159 मैचों में 32.05 की औसत से 4,221 रन बनाए हैं जिसमें 140 से अधिक की स्ट्राइक रेट से सबसे अधिक 5 शतक और 32 अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121 है। पिछले साल उन्होंने दो बार के टी20 विश्व कप चैंपियन के रूप में टी20आई से संन्यास ले लिया। टी20आई कप्तान के रूप में उन्होंने भारत के लिए 62 मैचों में से 49 जीते हैं, 12 हारे हैं और एक टाई किया है। दुनिया ने रोहित को एक सफेद गेंद के बल्लेबाज के रूप में देखा, क्रिकेट का एक ऐसा रूप जिसमें उन्होंने अपना दबदबा बनाया है। 273 वनडे और 265 पारियों में, उन्होंने 32 शतकों और 58 अर्द्धशतकों के साथ 48.76 की औसत से 11,168 रन बनाए हैं। एकदिवसय में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 264 है। वह तीन एकदिवसीय दोहरे शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। वह एकदिवसीय में भारत के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और कुल मिलाकर 10वें स्थान पर हैं। टेस्ट में रोहित ने 67 टेस्ट और 116 पारियों में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए हैं जिसमें 12 शतक और 18 अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 212 रन रहा है।

## प्रसिद्ध कृष्णा के नाम जुड़ा ये शर्मनाक रिकार्ड

लीड्स । भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के नाम यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में एक ऐसा रिकार्ड जुड़ गया जिसे वह भूलना चाहेंगे। इस मैच में कृष्णा ने 3 विकेट लिए पर काफी रन लुटा दिये। भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में किसी गेंदबाज की पहली बार इतनी पिटाई हुई है। कृष्णा ने दूसरी पारी में 20 ओवर में 128 रन दे दिये। टेस्ट क्रिकेट में इससे ज्यादा रन कई गेंदबाजों ने दिये हैं पर प्रसिद्ध कृष्णा का इकॉनमी रेट काफी खराब रहा। उन्होंने 6.40 के औसत से रन दिये कृष्णा इसी के साथ 6 से अधिक की इकॉनमी के साथ एक पारी में सबसे ज्यादा रन देने करने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 6 से अधिक की इकॉनमी के साथ किसी गेंदबाज ने रन नहीं दिये हैं। प्रसिद्ध कृष्णा से पहले यह रिकॉर्ड मुरली कार्तिक के नाम था जिन्होंने 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में 122 रन दिये थे। वहीं अतुल वासन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में 1990 में 108 रन दिये थे।

## रोहित, विराट को अगले विश्वकप के लिए शायद ही जगह मिले - गांगुली

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच व कप्तान रहे सौरव गांगुली ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा को शायद ही साल 2027 के एकदिवसीय विश्वकप में जगह मिले। गांगुली के अनुसार तब तक फिटनेस बनाये रखना इन दोनो के लिए कठिन होगा। गांगुली ने कहा, 'हम सभी को समझना होगा कि हर एक दिन के गुजरने के साथ ही खेल उनसे दूर हो जाएगा। अगला एकदिवसीय विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में साल 2027 में होगा तब तक कोहली 38 और रोहित 40 साल के हो जाएंगे और बढ़ती उम्र के साथ ही फिटने भी कम होती जाती है। तब तक भारतीय टीम को 27 एकदिवसीय मैच



खेलने हैं। इस प्रकार साल में उसे 15 मैच खेलने होंगे। गांगुली ने कहा, 'साल में 15 मैच खेलना आसान नहीं होगा। वहीं रोहित और विराट ने बार-बार कहा है कि वह अगला विश्वकप जीतना चाहते हैं। वहीं गांगुली से जब पूछा गया कि वह रोहित और कोहली को क्या सलाह देना चाहेंगे। तब उन्होंने कहा, 'मैं उन्हें कोई सलाह नहीं दूंगा। मुझे लगता है कि वे अपने खेल के बारे में अच्छे से समझते हैं। वे ही इसकों लेकर फैसला लेंगे। गांगुली ने कहा कि कोहली जैसा खिलाड़ी फिर मिलना आसान नहीं होगा पर वह इन दोनों के संन्यास के बाद भी भारतीय क्रिकेट को लेकर चिंतित नहीं हैं क्योंकि कई प्रतिभाएं सामने आई हैं। उन्होंने कहा, 'मैं चिंतित नहीं हूं। विराट शानदार खिलाड़ी है। उसका विकल्प तलाशने में समय लगेगा पर मैं हैरान नहीं हूं। वहीं बात रोहित को लेकर है। साथ ही कहा कि किस भी खिलाड़ी के लिए बेहतर प्रदर्शन तभी संभव होता है जब शरीर साथ दें क्योंकि समय के साथ शरीर के रिफलैक्सेस धीमे होने लगते हैं और शॉट खेलना कठिन होता है।

## भारतीय टीम को जीत के लिए बनाने होंगे 250 से अधिक रन

लीड्स। यहां इंग्लैंड के साथ जारी पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में अगर भारतीय टीम को जीतना है तो उसे दूसरी पारी में बेहतर बल्लेबाजी करने होगी। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 90 रन बना लिए और उसकी बढ़त 96 रनों की हो गयी है जिसे उसे जीत के लिए 250 से अधिक तक ले जाना होगा। अभी दो दिनो का खेल जारी है। इस मैच में अभी दोनो ही टीमें बराबरी पर हैं। शुरुआत में भारतीय टीम हावी रही पर इसके बाद इंग्लैंड ने जबरदस्त वापसी की है।

अब दूसरी पारी में शुभमन गिल और केएल राहुल को संयमित होकर लंबी पारी खेलनी होगी। तीसरे दिन के बाद पिच थोड़ी आसान हो गई है, ऐसे में स्ट्राइक रोटेट करना और रन रेट बनाए रखना जरूरी है जिससे इंग्लैंड के गेंदबाजों को हावी होने का अवसर न मिले। वहीं भारतीय गेंदबाजों को भी बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। जसप्रीत बुमराह को पहले सत्र में पूरी आक्रामकता के साथ गेंदबाजी करनी होगी। वहीं मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर को भी अपनी भूमिका ठीक से निभानी होगी।

इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान आक्रामक फील्ड लगाना होगा और जैसे ही कोई साझेदारी जमती है, फील्ड रक्षात्मक किया जा सकता है। हर कैच लेते हुए स्लिप फील्डिंग को कड़ा करना होगा। रविंद्र जडेजा को शुरु में गेंदबाजी के लिए लाना अच्छा विकल्प हो सकता है।

## रायडर के नाम से पहचान बनाने वाले कार्डोना की डब्लयूडब्यलूय ई में वापसी संभव

लास एंजिल्स। जैक रायडर के नाम से पहचान बनाने वाले मैट कार्डोना की डब्लयूडब्यलूय ई में वापसी हो सकती है। दिग्गज रेसलर जॉन सीना ने स्मैकडाउन पर एक प्रोमो के दौरान कार्डोना का नाम लिया था जिससे रेसलिंग जगत में कार्डोना की वापसी की संभावनएं जतायी जा रही हैं। कार्डोना ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा कि वह एक बार फिर डब्लयूडब्यलूय ई में उतर सकते हैं। इससे बाहर होने के बाद से ही कार्डोना इंडिपेंडेंट रेसलिंग में छाए हुए थे और उन्होंने कई चैंपियनशिप जीती हैं। वहीं अब सीना के बयान के बाद प्रशंसकों को अंदाजा है कि कार्डोना वापसी करेंगे।सीना ने सीएम पंक के 2011 के पाइपबॉम्ब की याद दिलाते हुए, कार्डोना के साथ-साथ क्लाउडियो कास्टाग्नोली और निक नेमथ का भी जिक्र किया



है जिससे रेसलिंग की दुनिया में अटकलें लगायी जा रही हैं।

कार्डोना ने कहा कि हे जॉन सीना, जिससे यह साफ हो गया कि उन्होंने सीना की बातें सुनी हैं। हालांकि यह पल कई प्रशंसकों के लिए अजीब था पर उन लोगों के लिए हैरान की बात भी नहीं है जो 2020 में डब्लयूडब्यलूय ई से कार्डोना की रिलीज के बाद से उनकी नई यात्रा देख रहे हैं।

गौरतलब है कि कार्डोना ने न्यूयॉर्क रेसलिंग कनेक्शन में अपना रेसलिंग करियर शुरू किया और फिर साल 2000 के दशक के मध्य में डब्लयूडब्यलूय ई के डेवलपमेंटल सिस्टम में शामिल हुए। उन्होंने जैक रायडर के रूप में मेन स्ट्रीम में सभी का ध्यान खींचा। वह कर्ट हॉकिन्स और एज के साथ टैग टीम ला फैमिलिया में शामिल हुए। । डब्लयूडब्यलूय ई ने उन्हें 2020 में महामारी के कारण बजट कटौती के कारण रिलीज कर दिया था। कार्डोना ने इससे बाहर निकलने को एक नये अवसर के रुप में लिया। वह धीमा होने की जगह और तेज हो गए। उन्होंने अपने असली नाम से खुद को रीब्रांड किया और इंडिपेंडेंट रेसलिंग में अपनी अलग पहचान बनाई।

## रुतुराज, ईशान सहित कई क्रिकेटर काउंटी खेलते नजर आयेंगे

मुम्बई । भारत के कई क्रिकेटर आने वाले दिनों में इंग्लैंड की काउंटी टीम में खेलते नजर आयेंगे। इसमें रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन और तिलक वर्मा जैसे क्रिकेटर भी शामिल हैं। ये सभी अभी खाली हैं क्योंकि इनमें से किसी को भी इंग्लैंड दौरे के लिए शामिल नहीं किया गया था। ऐसे में अपने फार्मा को बनाये रखने ये सभी काउंटी जाएंगे। भारतीय खिलाड़ी आम तौर पर काउंटी में लाल गेंद या एकदिवसीय क्रिकेट में भाग लेते हैं।

रुतुराज यॉर्कशायर की ओर से पूरा सत्र खेलते हुए नजर आएंगे। वे केवल यहां रेड बॉल क्रिकेट के मैच खेलेंगे। वहीं तिलक भी काउंटी क्रिकेट में पहली बार नजर आयेंगे। वे हैम्पशायर के लिए इस सत्र में कुल 4 मैचों खेलेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान भी काउंटी क्रिकेट खेलेंगे। वह नॉटिंघमशायर की ओर से 2 लाल गेंद वाले गेम में खेलते हुए दिखेंगे। इसके अलावा स्पिनर युजवेंद्र चहल का नाम भी इस सूची में शामिल है। वह भी भारतीय टीम से अभी बाहर हैं। वह नोर्थेम्पटनशायर के लिए काउंटी के मैच खेलेंगे, बल्कि एकदिवसीय कप भी खेलने वाले हैं। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर का नाम भी इन खिलाड़ियों में शामिल था, जो एसेक्स के लिए सत्र के 7 मैच खेलने वाले थे पर भारतीय टीम में जगह मिलने के बाद उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया पर अगर अंत के मैचों में उनको अंतिम ग्याहर में जगह नहीं मिलती है तो वे अगस्त-सितंबर में कुछ मैच खेल सकते हैं।

## अब 80 हॉकी खिलाड़ियों को भी टॉप्स का लाभ मिलेगा

नई दिल्ली। अब हॉकी खिलाड़ियों को भी 'टारगेट ओलंपिक पोडियम' (टॉप्स) योजना का लाभ मिलेगा। खेल मंत्रालय इसके तहत चयनित हॉकी खिलाड़ियों को 25000 रूपये प्रतिमाह देगा। ये राशि उन्हें मिलने वाली राशि के अतिरिक्त होगी। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की हुई बैठक में टॉप्स योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों को यह राशि देना तय किया गया।

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा ,''हॉकी इंडिया की ओर से बार बार यह अनुरोध आ रहा था जिसे स्वीकार कर लिया गया है। इसके तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों (40 पुरूष और 40 महिला) को प्रतिमाह 25000 रूपये 'आउट आफ पॉकेट' भत्ता



(ओपीए) दिया जायेगा जो टॉप्स योजना के तहत खिलाड़ियों को मिलता है।'' उन्होंने कहा ,' हमारा लक्ष्य यही है कि खिलाड़ी प्रदर्शन पर ध्यान दें करे और देश के लिये पदक जीतें।''

टॉप्स के तहत कोर समूह के खिलाड़ियों को 50000 रूपये और डेवलपमेंटल खिलाड़ियों को 25000 रूपये प्रतिमाह ओपीए दिया जाता है। वहीं टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप (टीएजीजी) में शामिल खिलाड़ियों को 50000 रूपये प्रतिमाह मिलता है। इसके लिये हॉकी इंडिया हर महीने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को 80 खिलाड़ियों की सूची सौपेगा जिससे साफ है कि इसमें बदलाव भी हो सकता है। इसमें मूल रूप से सीनियर कोर ग्रुप में शामिल खिलाड़ी और जूनियर खिलाड़ी भी होंगे जो नियमित रूप से राष्ट्रीय टीमों का हिस्सा हैं। वहीं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे खिलाड़ियों का आगामी टूर्नामेंटों से पहले मनोबल और बढेगा।

टिर्की ने से कहा ,'' हम मंत्रालय को धन्यवाद देना चाहते हैं जिसने यह अहम फैसला लिया। हमारे खिलाड़ियों को विश्व कप, ओलंपिक और एशियाई खेल जैसे अहम टूर्नामेंट खेलने हैं और उनका मनोबल इस पहल से काफी बढेगा।'' गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय हॉकी का स्तर तेजी से ऊपर की ओर बढा है। टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत ने 41 साल बाद कांस्य पदक जीता जबकि महिला टीम ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रही थी। भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक बरकरार रखा। वहीं ग्वांग्झू एशियाई खेलों में भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक जीता था।

## वुड ने की बुमराह की प्रशंसा, सर्वश्रेठ गेंदबाज बताया

नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा की है। वुड ने कहा कि बुमराह वर्तमान समय में विश्व के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। वुड के अनुसार वह तीनों प्रारुपों में काफी समान रुप से प्रभावी हैं। वुड फिट नहीं होने कारण अभी भारत- इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में शामिल नहीं हैं पर वह अंतिम मैच के लिए शामिल किये जा सकते हैं। वह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान चोटिल हो गये थे।

बुमराह को लेकर वुड ने कहा, वह सभी प्रारूपों में एक असाधारण और बेहद खतरनाक गेंदबाज हैं। उसका सामना करना किसी भी बल्लेबाज के लिए कठिन है। वह जितना दिखता है, उससे कहीं ज्यादा तेज गेंदबाजी करता है। अभी वह विश्व का सबसे अच्छा गेंदबाज है और किसी भी क्षण मैच का रुख बदल सकता है।

वुड ने कहा कि उन्होंने ट्रेनिंग शुरू कर दी है और वह अंतिम टेस्ट में खेल सकते हैं। अंतिम टेस्ट मैच इंडिया जुलाई के अंतिम सप्ताह में शुरू होगा तब तक वुड फिट हो जाएंगे। बुमराह ने टेस्ट मैच में जबरदस्त गेंदबाजी करते हुए 13 ओवर में 48 रन दिये। इससे पहले भी विश्व के कई दिग्गज क्रिकेटरों का कहना है कि अपनी सटीक लाइन व लैंथ के साथ ही अपनी यार्कर से बुमराह काफी खतरनाक साबित होते हैं। उनकी गेंदबाजी में विविधत रहती है जिससे बल्लेबाज हमेशा दबाव में रहते हैं।

## शार्दुल के खराब प्रदर्शन पर भड़के लोग

लीड्स। इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में खराब प्रदर्शन के बाद ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर लोगों के निशाने पर हैं। सोशल मीडिया पर भारतीय टीम के प्रशंसक पूछ रहे हैं कि इस खिलाड़ी को क्यों शामिल किया गया जब उसपर भरोसा ही नहीं था। इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स के हेडिंग्ले में जारी पहले टेस्ट की पहली पारी में शार्दुल से केवल छह ओवर ही गेंदबाजी करायी गयी। टीम प्रबंधन ने उन्हें नीतीश रेड्डी पर तरजीह दी पर शार्दुल उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। प्रबंधन ने सोचा था कि वह गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी उपयोगी साबित होते हैं इसलिए नीतीश की जगह उन्हें शामिल कर लाभप्रद रहेगा पर बल्लेबाजी में भी हव सुपर फ्लॉप रहे और आठ गेंद में एक रन ही बना पाये।

## ओलंपियन ललित उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा

नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी ललित उपाध्याय ने खेल से संन्यास की घोषणा कर दी है। फॉरवर्ड के तौर पर खेलने वाले ललित ने सोशल मीडिया में संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा, मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। यह यात्रा एक छोटे से गांव से शुरू हुई, जहां सीमित संसाधन थे पर मेरे सपने काफी बड़े थे। इस दौरान ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने का एक बार नहीं, बल्कि दो बार मुझे अवसर मिला। मेरी यात्रा का अनुभव अविस्मरणीय रहा है।



उन्होंने आगे लिखा, 26 साल बाद अपने शहर से ओलंपियन बनना कुछ ऐसा है, जिसे मैं हमेशा सम्मान और कृतज्ञता के साथ संजोए रखूंगा। मैं अपने परिवार का बहुत आभारी हूं, जिन्होंने जिंदगी के हर एक पड़ाव पर मेरा साथ दिया।

ललित ने अपने संदेश के अंत में लिखा, मैं अपने पहले कोच परमानंद मिश्रा का आभारी हूं, जिन्होंने मुझे हॉकी से परिचित कराया। हरिंदर सर, जिन्होंने मुझे एयर इंडिया में चुनकर मेरा पहला ब्रेक दिया। समीर भाई और धनराज सर का आभारी हूं, जिन्होंने उस दौरान देखभाल और विश्वास के साथ मेरा मार्गदर्शन किया। मुझे भारत की जर्सी पहनने का अवसर देने के लिए हॉकी इंडिया का धन्यवाद। मुझ पर विश्वास करने वाले और इस अविश्वसनीय यात्रा में मेरे साथ चलने वाले सभी लोगों का धन्यवाद।

साल 2014 में राष्ट्रीय टीम की ओर से डेब्यू करने वाले 31 वर्षीय ललित को अर्जुन अवॉर्ड भी मिला था। साल 2017 में लक्ष्मण पुरस्कार से भी उन्हें सम्मानित किया गया। ललित ने संन्यास की घोषणा एफआईएच प्रो लीग सीजन के समापन के तुरंत बाद की है। उन्होंने अपना आखिरी मुकाबला 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

वाराणसी के रहने वाले ललित 2020 टोक्यो ओलंपिक में फॉरवर्ड खिलाड़ी के तौर पर भारत को कांस्य पदक जिताने में अहम भूमिका निभा चुके हैं। इसके बाद उन्होंने 2024 ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई।

## ईरान की धमकी के बाद डब्लयूडब्ल्यू ई पर मंडराया खतरा

न्यूयार्क । अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने के कारण अगले सप्ताह सऊदी अरब में होने वाला डब्लयूडब्ल्यू ई इवेंट नाइट ऑफ चैंपियंस शो रद्द हो सकता है। इसका कारण हवाई यात्रा करने के लिए जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि मिसाइल हमले हो सकते है हालांकि सऊदी अरब की सुरक्षा व्यवस्था काफी मजबूत है। इसलिए अभी तक शो को रद्द करने की कोई घोषणा नहीं हुई है। वहीं इस बारे में आयोजकों का कना है कि अभी तक नाइट ऑफ चैंपियंस की योजना में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहीं अमेरिका के हमलों से भड़के ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा है कि क्षेत्र में मौजूद हर अमेरिकी नागरिक या सैन्यकर्मी अब हमारा निशाना है। इस बयान के बाद लोग सवाल कर रहे हैं कि क्या यह शो होना चाहिए, क्योंकि डब्लयूडब्ल्यू ई एक अमेरिकी शो है जिसे पूरी दुनिया में देखा जाता रहा है। ईरान की धमकी के बाद कई लोग इस शो को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका के ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करने के बाद भी कूटनीति के लिए अभी भी बहुत जगह बची है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने परमाणु ठिकानों पर हमला करके एक बहुत बड़ी लाल रेखा पार कर दी है। हमें आत्मरक्षा के अपने वैध अधिकार के आधार पर जवाब देना होगा।

गौरतलब है कि सऊदी अरब में पहले भी डब्लयूडब्लयू ई के इवेंट हुए हैं। सऊदी अरब की सरकार सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# कलेक्टर ने ली थोक और रिटेलर उर्वरक विक्रेताओं की बैठक

## पीओएस मशीन से उर्वरक का वितरण नहीं करने पर होगी सख्त कार्यवाही





बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीणा ने 23 जून को जिले के थोक एवं रिटेलर उर्वरक विक्रेताओं की बैठक लेकर उर्वरक वितरण की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उपसंचालक कृषि श्री फुलसिंह मालवीय, राजेश खोबरागढ़े एवं उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीणा ने थोक विक्रेताओं से कहा कि वे अपनी आईडी से ही पीओएस मशीन के माध्यम से रिटेलर विक्रेताओं की आईडी में उर्वरक का विक्रय करें। जिले में किसानों को उर्वरक का वितरण पीओएस मशीन के माध्यम से अनिवार्य रूप से किया जाए। कुछ विक्रेताओं द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से उर्वरक का किसानों को विक्रय नहीं किया गया है जिसके कारण ऑनलाईन जिले में उर्वरक की उपलब्धता दिखायी जा रही है। जिससे जिले को उर्वरक की रैक मिलने में समस्या आ सकती है। अतः सभी रिटेलर विक्रेता किसानों को पीओएस मशीन के माध्यम से ही उर्वरक का वितरण सुनिश्चित करें। उर्वरक का विक्रय शासन द्वारा निर्धारित दाम पर ही किया जाना है। किसानों से अधिक दाम लिये जाने पर विक्रेता के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर श्री मीणा ने बैठक में कहा कि कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा उर्वरक विक्रेताओं को प्रतिष्ठानों की जॉंच की जाएगी। जॉंच के दौरान पीओएस मशीन के रिकॉर्ड और मौके पर उपलब्ध उर्वरक के स्टॉक में अंतर पाये जाने पर संबंधित विक्रेता के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी और एफआईआर दर्ज की जाएगी।

बैठक में उपसंचालक श्री मालवीय ने बताया कि वर्तमान में पीओएस मशीन एल-0 के माध्यम से उर्वरक का विक्रय किया जा रहा है। 01 जुलाई से उर्वरक का विक्रय पीओएस मशीन एल-01 के माध्यम से अनिवार्य रूप से करना है। जिले में कहीं पर भी उर्वरक की कालाबाजारी या जॉंच में स्टॉक के सत्यापन में अनियमितता पायी जायेगी तो उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# जनसंपर्क अधिकारी अनिल पटले ने कार्यभार संभाला



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। खरगोन से स्थानांतरित होकर आये अनिल कुमार पटले ने 23 जून को जिला जनसंपर्क अधिकारी बालाघाट का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# मप्र पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025

## जानें कैसे होगी प्रतियोगिता और क्या हैं पुरस्कार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मप्र पर्यटन विभाग द्वारा जिला प्रशासन, जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से मप्र पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन पूरे प्रदेश में एक साथ 1 अगस्त 2025 को होने जा रहा है। बालाघाट जिले में कलेक्टर श्री मृणाल मीणा व सीईओ श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन में संपन्न होगी। इस प्रतियोगिता में एमपी बोर्ड, केंद्रीय बोर्ड या अन्य बोर्ड अंतर्गत कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत छात्र/छात्राएं भाग ले सकते हैं। जिला स्तर में ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया के लिए मप्र टूरिज्म बोर्ड की वेबसाइट https://www.mptourism.com/tourismquizw®wz/school/ पर पंजीयन कर सकते हैं।

विद्यालय टीम का चयन प्राचार्य/प्रबंधन द्वारा वस्तुनिष्ठ प्रश्नकमाला एवं क्विज के माध्यम से 3 श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन कर एक टीम का गठन किया जाएगा। विद्यालयीन टीम का ऑनलाइन पंजीयन 25 जून से 18 जुलाई 2025 के मध्य किया जा सकता है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 1 अगस्त 2025 को दो चरणों में होगी - प्रथम चरण लिखित परीक्षा सुबह: 10 से 12 बजे तक और द्वितीय चरण मल्टी मिडिया क्विज (आडियो विजुअल राउण्ड) दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी।

### लिखित परीक्षा के विवरण व मल्टी मिडिया क्विज के विवरण

लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में होंगे। टीम के 3 विद्यार्थी परस्पर आपसी सलाह से प्रश्न पत्र हल करेंगे। लिखित परीक्षा के तुरंत बाद भोजन और मूल्यांकन कार्य होगा। लिखित परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 6 टीमें मल्टी मिडिया क्विज में प्रवेश के लिए पात्र होंगी। मल्टी मीडिया क्विज में सर्वाधिक अंकों के आधार पर विजेता दल वरियता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यालयों 9 विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की होटलों में 2 रात्रि एवं 3 दिवस आवास एवं भोजन सुविधा युक्त कूपन प्रदान किए जाएंगे। उप विजेता दल वरियता में चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठम स्थान प्राप्त विद्यालयों, 9 विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की होटलों में 1 रात्रि एवं 2 दिवस आवास एवं भोजन सुविधा युक्त कूपन प्रदान किए जाएंगे।

विजेता और उप विजेता टीमों के कुल 18 विद्यार्थियों को जिला क्विज मास्टर के नेतृत्व में निकट के पर्यटन स्थल का भ्रमण कराया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। मल्टी मिडिया क्विज में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली जिले की टीम 26 सितंबर 2025 को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

# लालू ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर्चा भरा

## तेजस्वी ने कहा, उनके नेतृत्व में बिहार में विजयी होंगे



पटना। राजद सुप्रीमो लालू यादव ने पार्टी कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके छोटे बेटे और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बताया जा रहा हैं कि लालू यादव का एक बार फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय है। 5 जुलाई को उन्हें औपचारिक रूप से इस पद पर घोषित किया जाएगा।

नामांकन के बाद तेजस्वी ने कहा कि लालू जी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा है। सभी कार्यकर्ताओं में एक खुशी की लहर है। 12 टर्म उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए पूरा किया है। आने वाले समय में उनके रहते हुए हमें उम्मीद है कि बिहार विधानसभा चुनाव में जीत मिलेगी। राजद में इन दिनों सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। हाल ही में पार्टी ने अति पिछड़ा वर्ग से आने वाले मंगनी लाल मंडल को बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने जगदानंद सिंह की जगह ली है, जो पिछले कुछ महीनों से पार्टी गतिविधियों से दूरी बनाए हुए थे।

राजद के प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा था कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर लालू यादव ही बने रहने वाले है। उन्होंने कहा, पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता इस बात पर पूरी तरह एकमत हैं कि लालू जी ही पार्टी का नेतृत्व करें। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कारणों से भले ही लालू यादव सार्वजनिक तौर पर कम सक्रिय दिखते हों, लेकिन पार्टी के सभी बड़े फैसले उनकी निगरानी में ही लिए जा रहे हैं।

सिद्दीकी ने पार्टी में किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति से इंकार कर कहा कि लालू जी के नेतृत्व को लेकर कोई असमंजस नहीं है। लालू जी आज भी पार्टी की दिशा और रणनीति तय कर रहे हैं। स्वास्थ्य कारण जरूर हैं, लेकिन उससे नेतृत्व पर कोई असर नहीं पड़ा है।

### 28 साल से संभाल रहे नेतृत्व

लालू ने 1997 में जनता दल से अलग होकर आरजेडी का गठन किया था और तभी से वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हुए हैं। बीते 28 वर्षों में वे लगातार इस पद पर बने हुए हैं। पार्टी में हो रहे इस सांगठनिक पुनर्गठन को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

# पहली ही बारिश मे धसक गया उच्च स्तरीय पुल का एप्रोच मार्ग



किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम बोरगांव से अकोला मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का घटिया कार्य होने से महज दो माह में ही होने के चलते बारिश का पहला पानी ही नहीं झेल पाया और पुल का एप्रोच मार्ग जगह जगह से धड़कते जा रहा है जो पुल निर्माण मे हुए घटिया कार्य को स्वयं ही उजागर करते जा रहा है। पुल के मार्ग पर डाली गई साइड सोल्डरिंग पहली बारिश के पानी मे बह गई है। उल्लेखनीय है कि प्रधामनंत्री ग्राम सड़क योजना से बोरगांव से अकोला मार्ग पर सोन नदी पर लागत 1844.021 लाख रुपयों से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कराया गया है जिसका कार्य प्रारंभ दिनांक 15/03/2023 को कर कार्य पूर्णता दिनांक 29/03/2025 को ग्रामीण सड़क प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक-1 बालाघाट द्वारा ठेकेदार के माध्यम से पूरा कराया गया। किन्तु कार्य एजेंसी द्वारा अपने कार्य के प्रति न्याय ना करते हुए लीपापोती कर घटिया स्तर का कार्य किए जाने से पुल के मार्ग पर जगह जगह दरारें पड़ गईं हैं। जिससे मार्ग से गुजरने वाले वाहनों एवं राहगीरों के लिए दुर्घटनाओं का सबब बन गए है। यहां सबसे ज्यादा खतरा एवं दुर्घटनाएं रात्रि के समय होने की संभावनाये बढ़ गई है वही इस सब की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारीयो को लगने पर कार्य की गुणवत्ता को छुपाने मरम्मत कार्य करने की लीपापोती भी प्रारंभ कर दी गई है। बहरहाल इस तरह से किए गए घटिया कार्य की जांच कर दोषियों को दण्डित कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करवाए जाने की मांग अंचल के ग्रामीणों द्वारा उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से की गई है।

# नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण, बलात्कार, धमकी मामले में मंदिर का पुजारी गिरफ्तार

मथुरा। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के छत्ता इलाके से एक मंदिर के पुजारी को गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया है। इस व्यक्ति का नाम श्याम बिहारी है। आरोपी बीते 10 साल से बाटी गांव के एक मंदिर में पुजारी का काम कर रहा था।

रिपोर्ट के मुताबिक, सीबीआई ने मामले को अपने आप संज्ञान में लिया था और 17 जून 2025 को केस दर्ज किया। फिर 19 जून को श्याम बिहारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने मंदिर के आसपास उसके घर पर छापा मारा और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क, मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त किए। इन उपकरणों की जांच में भारी मात्रा में बच्चे से संबंधित यौन शोषण की सामग्री मिली। इसमें नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण, बलात्कार, धमकी और उत्पीड़न के वीडियो और फोटो शामिल थे। यह सारी सामग्री इंटरपोल के इंटरनेशनल चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लॉइटेशन डेटाबेस और गूगल की साइबर टिपलाइन रिपोर्ट्स से भी मेल खाती है। अजीब बात यह है कि मामले में किसी भी बच्चे या उनके परिवार ने पहले कोई शिकायत नहीं की थी। सीबीआई ने अपने साइबर जांच, हाई-टेक फोरेंसिक उपकरणों और इंटरनेशनल रिपोर्ट्स की मदद से इस मामले का पर्दाफाश किया। सीबीआई का कहना है कि आरोपी श्याम बिहारी नाबालिग बच्चों का यौन शोषण करता था, उनके साथ बलात्कार कर उनके अश्लील वीडियो और फोटो बनाता था।

# कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर कांग्रेस विधायकों ने ही लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, भाजपा हमलावर

कलबुर्गी। कर्नाटक में कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक व राज्यनीति एवं योजना आयोग के उपाध्यक्ष बीआर पाटिल ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने जिन आवास आवंटन में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, वे पूरी तरह सच हैं। कलबुर्गी स्थित अपने आवास पर मीडिया से बात करते हुए, पाटिल ने कहा कि हां, वह मेरी ही आवाज है। मुझे नहीं पता वह क्लिप किसने लीक की, लेकिन मैंने जो कुछ भी कहा है वह सच है और मैं हर शब्द पर कायम हूं। सच अंत में सामने आकर ही रहेगा। इस कथित ऑडियो क्लिप में पाटिल को राजीव गांधी हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के तहत घरों के आवंटन में घूसखोरी के आरोप लगाते हुए सुना जा सकता है। यह बातचीत ज़मीर अहमद खान (आवास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री) के निजी सचिव सरफराज़ खान के साथ बताई जा रही है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर मैंने मुंह खोला तो सरकार हिल जाएगी।

बीआर पाटिल ने आरोप लगाया कि उनके अलंद निर्वाचन क्षेत्र और आसपास के इलाकों में लगभग 950 मकान रिश्वत लेकर गलत तरीके से आवंटित किए गए और विधायकों की सिफारिशी चिट्ठियों को भी तब तक तवज्जो नहीं दी गई जब तक पैसे नहीं दिए गए।

इस मुद्दे पर बेलूर से कांग्रेस विधायक गोपालकृष्ण ने पाटिल का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मैंने आवास बोर्ड मंत्रालय के खिलाफ लगे आरोपों के बारे में सुना है। जब एक वरिष्ठ विधायक ऐसा कह रहे हैं तो संबंधित मंत्री को तुरंत इस्तीफा देकर जांच का सामना करना चाहिए। अगर वे निर्दोष हैं तो बाद में उन्हें फिर से मंत्री बनाया जा सकता है। सच्चाई सामने आनी ही चाहिए। कांग्रेस विधायक राजू कागे ने भी अपनी ही पार्टी की सरकार पर नाराज़गी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मेरी स्थिति भी बीआर पाटिल जैसी है। मुख्यमंत्री ने दो साल पहले मेरे क्षेत्र के लिए 12 करोड़ रूपये सड़क और 13 करोड़ रूपये सामुदायिक भवनों के लिए मंजूर किए थे, लेकिन आज तक एक भी कार्यादेश जारी नहीं हुआ। यह कैसा प्रशासन है? मैं इतना निराश हूं कि इस्तीफे पर विचार कर रहा हूं।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इस पर जवाब दिया है कि मैं उनसे बात करूंगा। कौन से विशेष फंड की बात हो रही है। बजट में ऐसा कोई 'सीएम फंड नहीं होता। लोग इसे विशेष फंड कह देते हैं, लेकिन हम जरूरत के अनुसार ही अनुदान देते हैं। कांग्रेस विधायकों के अपनी ही सरकार के कामकाज के तरीके पर सवाल उठाने के बाद

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार और सिर्फ भ्रष्टाचार। ऐसा लगता है कि इसके अलावा राज्य में कुछ और नहीं हो रहा है। स्टेट स्पॉन्सर्ड करप्शन चल रहा है। सरकार ही करप्शन को बढ़ावा दे रही है।

# किरनापुर स्वच्छ सुजल गॉंव घोषित




बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले के विकासखंड किरनापुर के ग्राम पंचायत किरनापुर के ग्राम किरनापुर को स्वच्छ सुजल गॉंव घोषित किया गया है। इस गॉंव को हर घर जल प्रमाणीकरण एंव शत प्रतिशत ओडीएफ प्लस ( स्वच्छ भारत मिशन ) के अंतर्गत स्वच्छ सुजल गांव घोषित किया गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत इस गॉंव में प्रत्येक घर में नल से शुद्ध जल मिल रहा है। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत इस गॉंव के प्रत्येक घर में पक्के शौचालय बन चुके है और ग्रामीण उनका उपयोग भी कर रहें है।

# नैनीताल हाईकोर्ट से धामी सरकार को बड़ा झटका, पंचायत चुनाव पर रोक

देहरादून। नैनीताल हाईकोर्ट से उत्तराखंड की धामी सरकार को बड़ा झटका लगा है। सोमवार को आरक्षण विवाद पर सुनवाई कर हाईकोर्ट ने पंचायत चुनाव पर रोक लगा दी है। आरक्षण पर नोटिफिकेशन जारी नहीं होने के कारण हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। साथ ही हाईकोर्ट ने टिप्पणी भी की है कि आगे किसी भी तरह की चुनावी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। हाईकोर्ट के फैसले पर टिप्पणी कर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि सरकार की मंशा स्पष्ट हो गई है। हाईकोर्ट में कांग्रेस की आशंकाओं पर मुहर लगी है। बता दें कि राज्य निर्वाचन आयोग ने हाल ही में उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था, इसके तहत 10 जुलाई को मतदान करने की तारीख तय की गई थी।

# ईरान में सभी परमाणु स्थलों को भारी क्षति हुई - डोनाल्ड ट्रंप

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ सैटेलाइट तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा है कि ईरान में सभी परमाणु स्थलों को भारी क्षति हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कुछ घंटे पहले सोशल साइट 'ट्रुथ' पर एक पोस्ट में लिखा, सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि ईरान के सभी परमाणु स्थलों को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। 'नष्ट करना' एक सटीक शब्द है। जो सफेद ढांचा दिखाई दे रहा है, वो चट्टान के भीतर गहराई से समाया हुआ है। इसकी छत भी जमीन के नीचे है। सबसे बड़ा नुकसान जमीन के नीचे गहराई में हुआ है। इसके पहले डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर अटैक के बाद अपने बी2 बॉम्बर के वापस लौटने का वीडियो शेयर किया। पोस्ट में ट्रंप ने लिखा, महान बी-2 पायलट अभी-अभी मिसौरी में सुरक्षित रूप से उतरे हैं। सटीक काम के लिए धन्यवाद। इस वीडियो में ट्रंप का एक पोस्ट भी दिख रहा था, जिसमें उन्होंने लिखा था, ईरान में परमाणु स्थलों को भारी क्षति पहुंची है। हमले बहुत ही सटीक और जोरदार थे। हमारी सेना ने बहुत ही कुशलता दिखाई। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने रविवार को कहा कि उनका देश ईरान के साथ युद्ध नहीं कर रहा है, बल्कि सिर्फ उसके परमाणु कार्यक्रम के साथ युद्ध कर रहा है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने रविवार को कहा कि उनका देश ईरान के साथ युद्ध नहीं कर रहा है, बल्कि सिर्फ उसके परमाणु कार्यक्रम के साथ युद्ध कर रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी का बैंकॉक कनेक्शन; मुंबई एयरपोर्ट पर चार दिन में 29 करोड़ रुपये का माल जब्त

मुंबई। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग और एयर इंटेलिजेंस विभाग द्वारा पिछले चार दिनों में दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 29 करोड़ रुपये मूल्य का माल जब्त किया है। ड्रग तस्करी के खिलाफ पहले अभियान में अधिकारियों ने थाईलैंड से तस्करी कर लाया गया 24 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया। जबकि दूसरे अभियान में एयर इंटेलिजेंस विभाग ने जाल बिछाकर सोने की तस्करी के आरोप में एयरपोर्ट के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एयर इंटेलिजेंस विभाग को ने गुप्त सूचना मिलने पर हवाई अड्डे पर काम करने वाले कुछ कर्मचारियों पर निगरानी रखनी शुरू की। रविवार को जब उनमें से दो की तलाशी ली गई तो उनकी जेब में छिपा सामान जब्त किया गया। उनके पास से 4 किलो 44 ग्राम 24 कैरेट सोने का पाउडर जब्त किया गया। जिसकी कीमत करीब 4.25 करोड़ रुपये है। दोनों के खिलाफ कस्टम अधिनियम 1962 के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं कस्टम विभाग को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति बैंकॉक से बड़ी मात्रा में गांजा लेकर आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को बैंकॉक से अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे दो यात्रियों को सीमा शुल्क अधिकारियों ने रोका और उनके सामान की जांच की। उनके सामान में वैक्यूम पैक तरीके से छिपाकर रखा गया उच्च गुणवत्ता वाला हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया गया। इस गांजे का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य करीब 24 करोड़ 66 लाख रुपये है और इस मामले में दो यात्रियों और उनसे गांजा प्राप्त करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों के खिलाफ नारकोटिक्स कंट्रोल एक्ट के तहत आंतरिक मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह मामला अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करों के गिरोह से जुड़ा है। सीमा शुल्क अधिकारियों को इस संबंध में काफी सबूत मिले हैं। इसमें कुछ विदेशी नागरिक भी शामिल हैं और इस पूरे गिरोह की तलाश जारी है।

# भटेरा ओवरब्रिज निर्माण के लिए 224 मकान और दुकानों का किया गया चिन्हाकन

### 35 करोड़ रूपये की राशि से होगा मकान, दुकानों का वेल्युवेशन ,आमजन को 60 दिन के अंदर करना होगा दावा, आपत्ति

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। भटेरा रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर बनने वाले ओवर ब्रिज के लिए संबंधित विभाग ने 224 मकान, दुकान को चिन्हित कर लिया है। जिसके लिए विभाग ने लगभग 35 करोड रुपए का वेल्युवेशन लगाया है। इस 35 करोड़ की राशि से मकान और दुकानों के मालिकों को राशि दी जाएगी । साथ ही इस मकान दुकान के चिन्हाकन की प्रक्रिया में किसी को दावा ,आपत्ति लगाना है तो विभाग ने 60 दिनों के अंदर दावा आपत्ति कर सकते है । पहले वैल्यूएशन की राशि को 20 करोड़ रखा गया था, किंतु उसके बाद विभाग ने और 15 करोड़ की राशि इसमें बढाई है ।**



आपको बता दे कि मुख्यालय के भटेरा ओवरब्रिज निर्माण मार्ग पर आ रहे दुकान और मकानों के चिन्हाकन प्रक्रिया के बाद, प्रशासन ने चिन्हित 224 मकानों का वेल्युवेशन 35 करोड़ रूपए आंका है। जबकि सेतु विभाग ने इसके लिए केवल 20 करोड़ का प्रावधान किया था । जिसके चलते, प्रशासन ने अब 15 करोड़ रूपए का अतिरिक्त प्रावधान किया है। इसी बीच चिन्हित 224 दुकान और मकानो के लिए प्रशासन ने अधिसूचना जारी कर भवन मालिकों से दावे-आपत्ति मंगानी शुरू कर दी है। जिसके लिए प्रशासन ने 60 दिनों का समय निर्धारित किया है। इस प्रक्रिया के बाद प्रशासन, ओवरब्रिज निर्माण में चिन्हित भवनों को हटाने की कार्यवाही शुरू करेगा। जबकि कुछ व्यापारी ओवरब्रिज निर्माण के समय से ही अपनी आपत्तियां ओवरब्रिज निर्माण को लेकर पेश कर रहे थे, क्योंकि कुछ व्यापारी ओवरब्रिज निर्माण को लेकर पक्ष में थे तो बहुत सारे व्यापारी ओवरब्रिज निर्माण को लेकर खुश नहीं थे, उनका कहना था कि यहां से ओवरब्रिज का निर्माण होगा तो उनका व्यवसाय पूरी तरह खत्म हो जाएगा, किंतु काफी अटकलों के बाद अब विभाग ने मकान, दुकानों को चिन्हित कर ने की प्रक्रिया पूरी कर ली है और जल्द ही विभाग अब चिन्हित हुए मकान दुकान पर कार्रवाई करना शुरू कर देगा। लेकिन उस कार्रवाई से पहले यदि किसी को भी इस प्रक्रिया में आपत्ती लेना है तो उसके लिए भी विभाग द्वारा दो महीने का समय निकाल दिया गया है, अब देखना होगा कि इस चिन्हित हुए 224 मकान , दुकान के मालिक में से कितने लोग दावा, आपत्ति लगाते हैं और किस प्रकार की दावा आपत्ति यहां पर मकान, दुकान के मालिक रखते हैं।

### भटेरा ओवरब्रिज के लिए 224 मकान, दुकानों हुये चिन्हित - गोपाल सोनी

एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया कि ओवरब्रिज के लिए भूअर्जन प्रक्रिया के तहत भू-अर्जन व्यवस्थापन अधिनियम 2013 की धारा 11 और 12 के अंतर्गत कलेक्टर हस्ताक्षरित अधिसूचना का प्रकाशन राजपत्र में हो गया है। अब धारा 15 के तहत दावे-आपत्ति आह्वान कर उसका निपटान 60 दिवस की निर्धारित अवधि में किया जाएगा। जिसके बाद कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाएगी। 1313 मीटर लंबे और 8.4 मीटर चौड़े, भटेरा ओवरब्रिज के लिए चिन्हित 224 भवन और दुकानों के भू-अर्जन सर्वे के बाद ई-पीडब्ल्युडी और एमपीआरडीसी ने इसका वेल्युवेशन किया है।

## बहू ने सास को दी जान से खत्म करने की धमकी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कोतवाली क्षेत्र में आने वाले नगर के सरस्वती नगर में एक महिला ने सास ओर उसके बेटे को अश्लील गालियां देते हुए जान से खत्म कर देने की धमकी दे दी। कोतवाली पुलिस ने ममता पति निर्मल दास राजपूत 63 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसकी बहू राजेश्वरी धुर्वे ग्राम टेकाड़ी थाना भरवेली निवासी के विरुद्ध अश्लील गाली और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर जान शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर निवासी ममता राजपूत ग्रहणी है। 22 जून की रात्रि 8:30 बजे करीब ममता राजपूत अपने बेटे पंकज राजपूत के साथ बाजार से अपने घर जा रही थी। इसी दौरान मोती नगर चौक में उनकी बहू राजेश्वरी धुर्वे मिली और वह ममता राजपूत और उसके बेटे पंकज को देखकर अश्लील गालियां देने लगी और कहने लगी कि तुम लोगों लोगों ने मेरा जीवन खराब कर दिया है। अब मैं तुम्हें नहीं छोडूंगी। ममता राजपूत और उसके बेटे पंकज राजपूत ने राजेश्वरी को समझने की कोशिश की तो वह पंकज राजपूत से कहने लगी कि तू तो दुकान चला जाएगा तेरी मां घर पर अकेली रहेगी तब मैं तेरी मां को देखुगी। जिसके बाद ममता राजपूत अपने बेटे पंकज राजपूत के साथ वहां से अपने घर के लिए निकले तो राजेश्वरी धुर्वे घर तक आ गई और ममता राजपूत और उसके बेटे पंकज राजपूत को अश्लील गालियां देने लगी और मेरे कहे अनुसार नहीं चलने पर दोनो माँ बेटे को जान से खत्म करने की धमकी दे दी। कोतवाली पुलिस ने ममता राजपूत द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसकी बहू राजेश्वरी धुर्वे ग्राम टेकाड़ी थाना भरवेलीनिवासी के विरुद्ध धारा 296 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

## कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते समय कृषक बीमार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। हट्टा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम करियादंड में खेत मे कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते समय एक कृषक कीटनाशक दवाई के प्रभाव में आने से अस्वस्थ हो गया। अस्वस्थ कृषक इंद्रराज पिता मदन लाल चौहान 32 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रराज चौहान अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं 21 जून को दोपहर में कृषक इंद्रराज चौहान अपने खेत कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने के लिए गए थे। कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते समय नाक और मुंह में कीटनाशक दवाई चली गई थी कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने के बाद कृषक इंद्रराज चौहान अपने घर आया रात्रि में कृषक इंद्रराज चौहान को चक्कर और उल्टी होने पर उन्हें उनकी बहन सरला कटरे और भांजे लोकचंद कटरे ने प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

URGENT REQUIREMENT
THERE IS REQUIREMENT OF STAFF FOR REPUTED ENGLISH MEDIUM SCHOOL AT KIRNAPUR
1. VICE PRINCIPAL( 1 POST)
QUA:- GRADUATION+GOOD IN ENGLISH+D.ED./B.ED
2.COUNCELER(2 POST)
QUA:- GRADUATE+COMMUNICATION SHOULD BE STRONG+GOOD COMPUTER KNOWLEDGE.
3.TEACHERS( 10 POST)
QUA:- GRADUATE+ GOOD IN ENGLISH+ B.ED/D.ED.
4.YOGA TEACHER/ACTIVITY TEACHER(1 POST)
QUA:- GRADUATE IN YOGA.
5. PEON(2 POST)
*CANDIDATE SHOULD BE LOCAL OR NEAR OF AREA.
* CAN BE CONVINCENT WITH TIMING.
*FRESHER OR EXPERIENCE CAN BE APPLIED.
*ONLY NEEDY PERSON CONTACT.
CONTACT:- 7987431437
KIDZ VALLEY ENGLISH SCHOOL, KIRNAPUR

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

## कार की ठोकर स्कूटी सवार पिता पुत्री घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। परसवाड़ा थाना अंतर्गत मंडला रोड ग्राम धुर्वा के पास बेलगाम कर की ठोकर से स्कूटी स्कूटी में सवार एक महिला सहित दो घायल हो गए दोनों घायल उमेश पिता रोही दास चौरे 98 वर्ष उनकी बेटी कृतिमा पति मंगल वैध 32 वर्ष दोनों ग्राम भरवेली बालाघाट निवासी है ।जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उमेश चौरे भरवेली माइंस में काम करते हैं। 22 जून को सुबह 9:30 बजे उमेश चौरे अपनी बेटी कृतिमा वैध के साथ स्कूटी में भरवेली से मंडला जा रहे थे। परसवाड़ा से चिरईडोंगरी की ओर जाते समय ग्राम धुर्वा के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने स्कूटी को ठोस मार दी। कार की ठोकर से उमेश चौरेऔर उनकी बेटी कृतिमा वैध दोनों घायल हो गए। दोनों को दोनों घायल पिता पुत्री को उकवा के अस्पताल में भर्ती किए गया था। जहां से उन्हें जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। कर का नंबर एमपी 50 जे ई 14 29 बताया गया है। जिला अस्पताल पुलिस ने उमेश चौरे का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना परसवाड़ा भिजवा दिया।

## राह-वीर योजना में सड़क दुघर्टना में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को मिलेगी 25 हजार रुपए की राशि

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन परिवहन मंत्रालय के आदेश अनुसार राह-वीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल को चिकित्सालय में दाखिल कराने पर प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इस योजना से दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की जान बचाने में मदद मिलेगी। इस संबंध में कलेक्टर मृणाल मीणा ने पत्र जारी कर अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 21 अप्रैल, 2025 की गाइडलाइन के आधार पर गृह विभाग द्वारा जारी किए गए आदेशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल पीडितों को 1 घंटे के अंदर अस्पताल तक ले जाने वाले व्यक्ति को राहगीर के रूप में परिभाषित कर उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि 25 हजार रुपए एवं प्रमाण पत्र देने का प्रावधान किया गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक, कमांडेंट एसएएफ, अपर कलेक्टर, जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात, परिवहन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, समस्त तहसीलदार, प्रबंधक अग्रणी सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और सचिव जिला रेडक्रॉस

ग्रेसियस कॉलेज ऑफ फार्मेसी
आर.टी.ओ. आफिस के सामने, बरबसपुर रोड, कायदी, जिला - बालाघाट (म.प्र.)
73820-53000, 73820-54000
बी.फार्मा 4 Years Eligibility - 12th(Bio/Maths)
Enroll Now
PCI APPROVED
डी.फार्मा 2 Years Eligibility - 12th(Bio/Maths)
SC, ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म.प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति

तकनीक जापानी सोच हिन्दुस्तानी
आधुनिक तकनीकी का प्रीमियम काईरा राईस ट्रांसप्लांटर
विश्व की नं. 1 धान रोपाई मशीन एवं हार्वेस्टर पर विशेष अनुदान
शासकीय अनुदान उपलब्ध
फायनेंस सुविधा उपलब्ध
ट्रे. सीडर स्टॉक उपलब्ध
14900/- में सीडर पायें
62/- 58/- 4 रु. की बचत
18900/- 14900/- 4000 रु. की बचत
पिछले 3 वर्ष में सिवनी, बालाघाट एवं पूरे महाकौशल में 500 से भी ज्यादा संतुष्ट ग्राहक
● रोट्रावेटर मल्टीस्पीड में उपलब्ध
● स्टेनलेश स्टील ब्लेड के साथ जो चले सालों साल
● 6.5 फीट एवं 7.5 फीट में उपलब्ध, जो जुताई में दमदार, दिखने में जोरदार
● 4 गियर में उपलब्ध जो सुखे एवं कीचड़ में आसानी से चले
● मार्केट से कम दाम में उपलब्ध
रोट्रावेटर की हर खरीदी पर रेनकोट फ्री
के.के. इंटरप्राईजेस/ सांई ट्रेक्टर्स (पॉवरट्रेक ट्रेक्टर्स)
सांई ट्रेक्टर्स के बाजू में, मोती तालाब रोड, बालाघाट
के.के. इंटरप्राईजेस बालाघाट रोड, पटेलटोला, बरघाट
मो. 9425138685, 8770334649, 9669674379

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. & Polytechnic
COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
MINING ENGINEERING
CIVIL ENGINEERING
MECHANICAL ENGINEERING
ELECTRICAL ENGINEERING
Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824

JOB VACANCY
आवश्यकता है
PADMESH X FIBERNET में
TECHNICAL ENGINEER
हम देंगे...
सम्मानजनक मानदेय पेट्रोल खर्च अतिरिक्त
तेजी से विकास का मौका नौकरी की सुरक्षा
पता- पद्मेश सिटी केबल, काली पुतली चौक, बालाघाट 9752771444

PADMESH X FIBERNET Connecting the Unconnected..
CHOOSE WISELY
OTHER 30 Mbps ₹ 399 /-
PADMESH X FIBERNET UNLIMITED 40 Mbps ₹399*
11 Premium OTT Apps + LIVE TV

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.९, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट